3 राजधानी
धू-धू कर जली निजी स्कूल की बस

6 अभिमत
क्वाडः विदेश नीति में महत्वपूर्ण योगदान

9 राष्ट्रीय
क्षेत्रीय पहचान से न देखे जाएं कलाकारः धनुष

12 स्पोर्ट्स
विश्व चैंपियनशिप के फाइनल्स में अनु रानी

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 253
नई दिल्ली, शुक्रवार, 22 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



दिन-रात काम करने का संकल्प जताया
विदेश-10

# देश ने रचा इतिहास, मुर्मू बनीं पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति

● प्रधानमंत्री मोदी समेत पूरे देश से बधाइयों का तांता, 15वें राष्ट्रपति के तौर पर 25 को लेंगी शपथ

● मतगणना के हर दौर में उन्हें अपने प्रतिद्वंद्वी सिन्हा से दो तिहाई से ज्यादा वोट मिले

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली



राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव को बड़े मतों के अंतर से जीतने के बाद द्रौपदी मुर्मू को बधाई देते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**देश** ने एक नया इतिहास रच दिया है। द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को अपने प्रतिद्वंद्वी यशवंत सिन्हा को बड़े अंतर से हराकर 15वीं राष्ट्रपति बन गईं। वह शीर्ष संवैधानिक पद पर काबिज होने वाली पहली आदिवासी महिला हैं। मुर्मू अभी 64 वर्ष की हैं और इस पद पर आसीन होने वाली वह अब तक की सबसे कम उम्र की राष्ट्रपति हैं। नई राष्ट्रपति चुनी गईं मुर्मू 25 जुलाई को पद की शपथ लेंगी, क्योंकि मौजूदा राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है।


भाजपा नीत राजग द्वारा मैदान में उतारी गईं मुर्मू ने चार दौर की मतगणना के तीसरे दौर में ही विपक्षी उम्मीदवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा को 50 प्रतिशत जीत का आंकड़ा पार करते हुए हराकर दिया। मतगणना के हर दौर में उन्हें दो तिहाई से ज्यादा वोट मिले। सूत्रों ने बताया कि विपक्षी दलों के कम से कम 17 सांसदों ने राष्ट्रपति चुनाव में मुर्मू के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की है। जीत की घोषणा होते ही देशभर से मुर्मू को बधाइयों का तांता लग गया। परिणाम की घोषणा के फौरन बाद विपक्ष के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने द्रौपदी मुर्मू को शुभकामनाएं दीं। सिन्हा ने ट्वीट करते हुए लिखा कि भारत को उम्मीद है कि गणतंत्र के 15वें राष्ट्रपति के रूप में वह बिना किसी डर या पक्षपात के संविधान की संरक्षक के रूप में कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि अपने अभियान के दौरान उन्होंने जो मुद्दे उठाए, वे प्रासंगिक हैं और चुनाव के परिणाम के बावजूद उनका मानना है कि इससे भारतीय लोकतंत्र को दो महत्वपूर्ण तरीकों से लाभ हुआ है। अपने बधाई संदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि द्रौपदी मुर्मू जी का जीवन, उनके शुरुआती संघर्ष, उनकी समृद्ध सेवा और उनकी अनुकरणीय सफलता प्रत्येक भारतीय को प्रेरित करती है। वह हमारे नागरिकों, विशेष रूप से गरीब, हाशिए पर और दलितों के लिए आशा की किरण के रूप में उभरी हैं।

राष्ट्रपति चुनने के लिए मतदान बीते सोमवार को हुआ था, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और गृह मंत्री अमित शाह समेत 99 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। एनडीए के बाहर कई विपक्षी दलों द्वारा दिए गए समर्थन को देखते हुए सिन्हा के खिलाफ मुर्मू की जीत पहले से तय थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा, जेडीएस, बसपा, शिवसेना, अन्नाद्रमुक और अकाली दल सहित गैर-एनडीए विपक्षी दलों के समर्थन से एनडीए उम्मीदवार का वोट प्रतिशत 60 प्रतिशत से अधिक पहुंच गया। आंध्र प्रदेश की सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस और ओडिशा की बीजद ने भी मुर्मू को अपना समर्थन दिया। मुर्मू का जन्म 20 जून 1958 को ओडिशा के मयूरभंज जिले के उपरबेड़ा गांव में एक संताली आदिवासी परिवार में बिरंची नारायण टुडू के घर हुआ था। उसके पिता और दादा पंचायती राज व्यवस्था के तहत ग्राम प्रधान रहे थे। मुर्मू ने एक बैंकर श्याम चरण मुर्मू से शादी की थी, जिनकी 2014 में मृत्यु हो गई। दंपति के दो बेटे थे, दोनों का निधन हो चुका है। उनकी एक बेटी इतिश्री मुर्मू हैं।

राजनीति में कदम रखने से पहले मुर्मू स्कूल में शिक्षिका थीं। उन्होंने श्री अरबिंदो इंटीग्रल एजुकेशन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, रायरंगपुर में सहायक प्रोफेसर और ओडिशा सरकार के सिंचाई विभाग में एक जूनियर सहायक के रूप में काम किया। वह 1997 में भाजपा में शामिल हुईं और रायरंगपुर नगर पंचायत की पार्षद चुनी गईं। वर्ष 2000 में वह रायरंगपुर नगर पंचायत की अध्यक्ष बनीं और भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। ओडिशा में भाजपा और बीजू जनता दल गठबंधन सरकार के दौरान मुर्मू मंत्री भी रहीं। अपने मूल निवासी की शानदार जीत की उम्मीद करते हुए मुर्मू के गृहनगर रायरंगपुर के लोगों ने खुशी में बांटने के लिए 20,000 लड्डू तैयार किए थे। शहर में जगह-जगह ओडिशा की बेटी को बधाई देते हुए होर्डिंग्स लगाए गए थे। सभी को उनकी जीत का पूरा विश्वास था, इसलिए वे पहले से ही खुशियां मनाने की तैयारी में व्यस्त हो गए थे। स्थानीय व्यापारी निकाय, बार एसोसिएशन और धार्मिक एवं शैक्षणिक संगठन और यहां तक ? कि सरकारी अधिकारी भी अपनी मिट्टी की बेटी को बधाई देने के लिए उत्साहपूर्वक इंतजार कर रहे थे। राज्यपाल के रूप में मुर्मू को वे कानून लौटाने के लिए याद किया जाता है, जिनके बारे में उन्हें आशंका थी कि वे आदिवासी समुदाय के अधिकारों पर असर डाल सकते हैं। नवंबर 2016 में रघुबर दास के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने दो सदी पुराने भूमि कानूनों- छोटा नागपुर काश्तकारी और संथाल परगना काश्तकारी अधिनियमों में संशोधन पारित किया था, जिससे औद्योगिक उपयोग के लिए भूमि का आसान हस्तांतरण सुनिश्चित किया जा सके। इससे राज्य भर में आदिवासी समुदायों में बड़े पैमाने ( शेष पेज 8 )



**आजादी** के अमृत महोत्सव में पूर्वी भारत के सुदूर हिस्से से ताल्लुक रखने वाली एक आदिवासी समुदाय में जन्मी नेता को राष्ट्रपति निर्वाचित कर भारत ने इतिहास रच दिया है:- **नरेंद्र मोदी**



**वे** गांव, गरीब, वंचितों के साथ-साथ झुग्गी-झोपड़ियों में भी लोक कल्याण के लिए सक्रिय रहीं हैं। आज वे उनके बीच से निकल कर सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंची हैं:- **राजनाथ सिंह**



**वे** जिन विषम परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए आज देश के इस सर्वोच्च पद पर पहुंची है वह, हमारे लोकतंत्र की अपार शक्ति को दर्शाता है। उनको बहुत-बहुत बधाई:- **अमित शाह**



**राष्ट्रपति के** पद पर मुर्मू की विजय नए भारत के सर्वसमावेशी व सर्वस्पर्शी स्वरूप के प्रति अपार जन-विश्वास और एक भारत-श्रेष्ठ भारत भाव की जीवंत तस्वीर है:- **योगी आदित्यनाथ**



**द्रौपदी** मुर्मू जी को भारत का 15वां राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर बधाई और ढेर सारी शुभकामनाएं:- **राहुल गांधी**



**राष्ट्रपति** पद के लिए हुए चुनाव में भारी मतों से आज निर्वाचित होने पर उन्हें हार्दिक बधाई और ढेरों शुभकामनाए:- **मायावती**



**द्रौपदी** मुर्मू की ओर देश की खासकर ऐसे समय में उम्मीदभरी निगाहें टिकी रहेंगी, जब देश कई असंतोषों से जूझ रहा है:- **ममता बनर्जी**



**द्रौपदी मुर्मू** महिला सशक्तीकरण का चमकता उदाहरण हैं। यह ओडिशा में हर व्यक्ति के लिए गौरवशाली क्षण है:- **नवीन पटनायक**

## मुख्यमंत्री के सिंगापुर दौरे को मंजूरी नहीं, राजनीति गरमायी

● एलजी ने महापौरों के सम्मेलन में शामिल नहीं होने की दी सलाह, मुख्यमंत्री बोले- मैं सहमत नहीं

● उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने कहा- दौरे के लिए विदेश मंत्रालय से राजनीतिक अनुमति मांगेंगे

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली





**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल की सिंगापुर यात्रा का प्रस्ताव उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने गुरुवार को खारिज कर दिया और केजरीवाल को सलाह दी कि मेयर स्तर के सम्मेलन में मुख्यमंत्री का भाग लेना उचित नहीं होगा। एलजी के फाइल वापस करने से दिल्ली की राजनीति गरमा गई है।

उपराज्यपाल की सलाह को नकारते हुए केजरीवाल ने कहा कि मैं माननीय उपराज्यपाल की सलाह से सहमत नहीं हूं। यदि कोई उनके तर्क से जाता है, तो प्रधानमंत्री भी कहीं नहीं जा पाएंगे। आप सरकार ने गुरुवार को ट्विटर पर केजरीवाल का जवाब और उपराज्यपाल का पत्र साझा किया। एलजी द्वारा सिंगापुर दौरे की फाइल वापस करने के बाद दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि वे सीएम केजरीवाल के लिए मंजूरी लेने के लिए सीधे विदेश मंत्रालय जाएंगे।

मालूम हो कि इससे पहले अक्टूबर 2019 में भी केजरीवाल सी-40 वर्ल्ड मेयर्स समिट को संबोधित करने के लिए डेनमार्क का दौरा करना चाहते थे, लेकिन उनके अनुरोध को विदेश मंत्रालय ने यह कहते हुए ठुकरा दिया था कि एक पैनल चर्चा में एक स्पीकर के रूप में उनकी यात्रा अन्य देशों की भागीदारी के स्तर के ( शेष पेज 8 )

## सोनिया गांधी से दो घंटे पूछताछ 25 को ईडी ने दोबारा बुलाया

● कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, जरूरी हुआ तो देर तक रुकने के लिए तैयार, समर्थन में आया विपक्ष

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड धनशोधन मामले में बृहस्पतिवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से दो घंटे तक पूछताछ की। बाद में ईडी ने समन जारी कर सोनिया गांधी को दूसरे दौर की पूछताछ के लिए 25 जुलाई को बुलाया है। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि कोविड संक्रमण से उबर रहीं सोनिया गांधी (75) से पूछताछ करीब दो घंटे चली और उनके अनुरोध पर पूछताछ सत्र समाप्त कर दिया गया। हालांकि कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया कि ईडी ने सोनिया गांधी से कहा कि उनके पास अब कोई सवाल नहीं है और वह जा सकती हैं। रमेश ने ट्विटर पर लिखा कि सोनिया गांधी ने जवाब में ईडी से कहा कि वह उनके किसी ( शेष पेज 8 )



पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय जातीं सोनिया गांधी। साथ में प्रियंका वाड्रा

### भड़की कांग्रेस, कई राज्यों में किया प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा ।** शिमला/चंडीगढ़/तिरुवनंतपुरम/बेंगलुरु

**कांग्रेस** के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े धनशोधन मामले में पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की पूछताछ के खिलाफ बृहस्पतिवार को हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, केरल और कर्नाटक में प्रदर्शन किया। केरल में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पटरियों को बाधित किया तो पंजाब में पुलिस को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ( शेष पेज 8 )

## श्रीलंकाई राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में बिजली हुई गुल

**भाषा ।** कोलंबो

**श्रीलंकाई** संसद परिसर में बिजली गुल होने से राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण बंद हो गया। एक खबर में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई है। खबर के अनुसार अधिकारियों ने इस घटना की आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) से जांच कराने का फैसला किया है। रानिल विक्रमसिंघे ने बृहस्पतिवार को श्रीलंका के आठवें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। प्रधान न्यायाधीश जयंत जयसूर्या ने संसद भवन परिसर में 73 वर्षीय विक्रमसिंघे को राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई। उनके सामने देश को आर्थिक संकट से बाहर निकालने तथा महीनों से चल रहे व्यापक प्रदर्शनों के बाद कानून एवं व्यवस्था बहाल करने की चुनौती है। वेब पोर्टल कोलंबो पेज की खबर के अनुसार नवनिर्वाचित राष्ट्रपति विक्रमसिंघे के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान संसद परिसर में बृहस्पतिवार को बिजली गुल होने की जांच सीआईडी ( शेष पेज 8 )

## उप्र में राज्य मंत्री खटीक ने वापस म्यान में रख ली इस्तीफे की तलवार



● मुख्यमंत्री से मिल बोले जल शक्ति राज्यमंत्री, योगी संग काम जारी रखेंगे

**पायनियर समाचार सेवा ।** लखनऊ

**उपेक्षा** तथा अनदेखी का आरोप लगाकर केन्द्र सरकार के गृहमंत्री अमित शाह को संबोधित इस्तीफा पत्र देने वाले जल शक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने राजधानी लौटने पर गुरुवार की शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की।

मुलाकात के बाद उन्होने ने कहा कि वह मुख्यमंत्री के नेतृत्व में काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अपनी सारी समस्याएं मुख्यमंत्री के सामने रख दी हैं और उन पर कार्रवाई होगी। खटीक ने बुधवार को खुद ( शेष पेज 8 )

### मत्स्य विकास मंत्री ने कई तबादले निरस्त किए

**लखनऊ ।** कई विभागों में तबादलों से उठे बवाल के बाद मत्स्य विकास मंत्री डॉ. संजय निषाद ने अपने विभाग में भी हुए कई तबादलों को निरस्त कर दिया है। मंत्री का कहना है कि ट्रांसफर पॉलिसी के तहत ही तबादले हुए हैं। कुछ लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्या थी, इसलिए उनके तबादले निरस्त किए गए। राज्यमंत्री दिनेश खटीक के इस्तीफा प्रकरण पर संजय निषाद ने कहा है कि कुछ अधिकारी भीतर से कुछ और हैं। यूपी सरकार में कई अधिकारी पंजा, साइकिल और हाथी वाले हैं। ऐसे अधिकारियों को समय-समय पर चिह्नित कर ही लिया जाता है। मंत्री ने बयान जारी कर इशारों में कहा कि कुछ अधिकारी कांग्रेस, ( शेष पेज 8 )

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 55,681 | ↑ 284 | |
| निफ्टी | 16,605 | ↑ 84 | |
| सोना | 49,830 | ↓ 478 | /10g |
| चांदी | 54,351 | ↓ 1265 | /kg |

### क्विक न्यूज

**कुमार और श्रीवास्तव बन सकते हैं सतर्कता आयुक्त**

**नई दिल्ली।** खुफिया ब्यूरो (आईबी) के पूर्व प्रमुख अरविंद कुमार और उपभोक्ता मामलो के पूर्व सचिव अविनाश कुमार श्रीवास्तव की सतर्कता आयोग में सतर्कता आयुक्तों के तौर पर नियुक्ति किए जाने की संभावना है। कार्यवाहक केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (सीवीसी) के तौर पर कार्यरत सतर्कता आयुक्त सुरेश एन. पटेल को सीवीसी का प्रमुख नियुक्त किए जाने की संभावना है। केंद्रीय सतर्कता आयोग का नेतृत्व केंद्रीय सतर्कता आयुक्त करते है और इसमे दो सतर्कता आयुक्त हो सकते है। सतर्कता आयुक्त पटेल जून 2021 से सीवीसी के तौर पर सेवा दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति ने सीवीसी और सतर्कता आयुक्तों पर निर्णय करने के लिए मंगलवार को महत्वपूर्ण बैठक की।

## उपराष्ट्रपति चुनाव में हिस्सा नहीं लेगी तृणमूल कांग्रेस

● कांग्रेस और वाम दलों ने कहा- भाजपा और दीदी के बीच हुआ गुप्त समझौता

**सौगर सेन गुप्ता ।** कोलकाता

**उपराष्ट्रपति** चुनाव से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की दूरी की घोषणा के बाद विपक्ष की फूट को साफ तौर पर देखा जा सकता है। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने गुरुवार को पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी और सांसदों की एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद कहा कि उनकी पार्टी आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव से दूर रहेगी।

उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस को जानकारी दिए बिना विपक्षी उम्मीदवार का फैसला करने के तरीके से पार्टी सहमत नहीं है। वहीं टीएमसी के इस निर्णय को कांग्रेस और वाम ने भाजपा के साथ गुप्त समझौते से जोड़ा है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में अपना उम्मीदवार बनाया है।

वहीं विपक्षी दलों ने रविवार को राजस्थान की पूर्व राज्यपाल मार्गरेट अल्वा को अपना संयुक्त उम्मीदवार बनाने का फैसला किया था। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव बनर्जी ने कहा कि राजग उम्मीदवार विशेषकर जगदीप धनखड़ को समर्थन देने का सवाल ही नहीं उठता। लेकिन पार्टी सांसदों के साथ आज की बैठक के बाद यह तय किया गया है कि हम उपराष्ट्रपति चुनाव से दूर रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम तृणमूल कांग्रेस को विश्वास में लिए बिना विपक्षी उम्मीदवार की घोषणा करने की प्रक्रिया से ( शेष पेज 8 )

## ज्ञानवापी केस को अक्टूबर में सुनेगा सुप्रीम कोर्ट

● पहले हिंदू पक्ष के दीवानी मुकदमे की स्वीकार्यता के सिलसिले में आपत्तियों पर जिला जज का निर्णय देखेंगेः अदालत

● कथित शिवलिंग की पूजा की अनुमति देने और शिवलिंग के जीवनकाल के निर्धारण पर भी सुनवाई से किया इनकार

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली



**सुप्रीम** कोर्ट ज्ञानवापी मस्जिद मामले में अक्टूबर के पहले सप्ताह में सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत ने बृहस्पतिवार को कहा कि पहले वह हिंदू श्रद्धालुओं की ओर से दायर दीवानी मुकदमे की स्वीकार्यता के सिलसिले में ज्ञानवापी मस्जिद समिति की आपत्तियों पर वाराणसी जिला न्यायाधीश के निर्णय का इंतजार करेगा। न्यायालय ने अदालती आदेश के आधार पर किए गए सर्वे के दौरान ज्ञानव्यापी मस्जिद परिसर में मिले कथित शिवलिंग की पूजा की अनुमति देने और शिवलिंग के जीवनकाल के निर्धारण के लिए उसकी कार्बन डेटिंग कराने के संबंध में दो रिट याचिकाओं की सुनवाई से भी इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि वह विवादित स्थल के सर्वे के लिए कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति को वैध ठहराने संबंधी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की अपील को अक्टूबर के पहले सप्ताह में सुनवाई के लिए स्थगित कर रही है। पीठ ने कहा कि उसे इस तथ्य से अवगत कराया गया है कि जिला न्यायाधीश के समक्ष सुनवाई अब भी जारी है और मुकदमे की स्वीकार्यता के विषय पर आदेश-सात, नियम-11 के तहत दायर अर्जी का परिणाम आने तक मस्जिद समिति ( शेष पेज 8 )

### हिंदू पक्ष की भी दलीलें हुईं पूरी, अगली सुनवाई 25 को

**पायनियर समाचार सेवा ।** वाराणसी

**ज्ञानवापी**-श्रृंगार गौरी मामले में वाराणसी की जिला अदालत में हिन्दू पक्ष की दलीलें बृहस्पतिवार को पूरी हो गईं। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 25 जुलाई की तारीख निर्धारित की है। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता शिवम गौड़ ने बताया कि वादी राखी सिंह की तरफ से दलीलें पूरी हो गई हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार, जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नरेट की तरफ से सरकारी अधिवक्ता महेन्द्रनाथ पांडेय ने भी दलीलें रख दी हैं। उन्होंने बताया कि अब अगली सुनवाई की तारीख पर मुस्लिम पक्ष अपना प्रतिवाद रखेगा। इस मामले में अब दोनों पक्ष अपनी-अपनी दलीलें रख चुके हैं। गौड़ ने बताया कि उपासना स्थल अधिनियम, वक्फ अधिनियम और काशी विश्वनाथ अधिनियमन को लेकर, जो हमने दलीलें पूर्व में अदालत के समक्ष रखी थीं, उसी को आज पूरा किया है।

हमने अदालत से कहा है कि हमारा मुकदमा पूरी तरह से सुनवाई योग्य है। गौरतलब है कि श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा और विग्रहों की सुरक्षा के आदेश देने के आग्रह वाली एक याचिका वाराणसी के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में दायर की गई थी। अदालत ने गत 26 अप्रैल को ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी परिसर में वीडियोग्राफी सर्वे ( शेष पेज 8 )

# हिंडन डूब क्षेत्र से हटाया फर्नीचर बाजार

## 25 दुकानों पर चला बुलडोजर, 2.5 करोड़ की जमीन को कराया कब्जा मुक्त

● 25 कर्मचारी तीन जेसीबी और एक डंपर लगाए गए



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में यमुना के बाद हिंडन के डूब क्षेत्र में प्राधिकरण व नोएडा पुलिस ने मिलकर बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्नीचर बाजार को हटाया है।

यहां करीब 6600 वर्गमीटर से जमीन से बड़े पैमाने पर फर्नीचर की दुकानों को हटाया गया। इन दुकानदारों ने टीन शेड लगाकर फर्नीचर मार्केट बना लिया था।

इस जमीन की कीमत करीब ढाई करोड़ रुपए के आसपास आंकी जा रही है। यहां करीब 25 दुकानों को बनाया गया था। पहले इन दुकानदारों को सामान हटाने के निर्देश दिए गए। इसके बाद बुलडोजर चलाया गया। प्राधिकरण के करीब 25 कर्मचारी तीन जेसीबी और एक डंपर लगाया गया।

ये भी बताया गया कि इस कार्रवाई का पूरा खर्चा अतिक्रमण कर्ताओं से ही वसूल किया जाएगा। प्राधिकरण का दस्ता मौके पर पहुंचा तो वहां दुकानदारों ने कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिस ने पहले लोगों को समझाया। नहीं मानने पर छह लोगों को हिरासत में लिया गया है। प्राधिकरण का कहना कि इनके खिलाफकानूनी एक्शन लिया जाएगा। प्राधिकरण स्पष्ट कहा कि हिंडन के डूब क्षेत्र में किसी प्रकार का निर्माण नहीं किया जा सकता है। यहां निर्माण एनजीटी के नियमों का उल्लंघन है। ये जमीन प्राधिकरण अधिसूचित क्षेत्र में आती है, जबकि निगरानी का काम सिंचाई विभाग का है। प्राधिकरण ने बताया कि अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी।

# एमडीपी योजना का ड्रा आज, 39 आवेदक शामिल

● पार्क के लिए 350 एकड़ जमीन आरक्षित



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उत्तर भारत के पहले मेडिकल डिवाइस पार्क एमडीपी की योजना का ड्रा शुक्रवार को किया जाएगा। 173 आवेदनों में से 39 आवेदक ड्रा में शामिल होंगे। शर्तें पूरी नहीं करने के चलते बाकी आवेदनों को निरस्त कर दिया गया है।

ड्रा सुबह 11 बजे से यमुना प्राधिरकण के बोर्ड रूम में होगा। यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-28 में मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित किया जाएगा। इसके लिए 350 एकड़ जमीन आरक्षित की गई है। पहले चरण में 136 भूखंडों की योजना निकाली गई है। इस योजना का ड्रा शुक्रवार को किया जाएगा। योजना में 1000 से लेकर 4000 वर्ग मीटर तक के भूखंड हैं। इसमें 173 आवेदन आए हैं। आवेदनों की जांच के लिए समिति गठित की गई थी। समिति ने 39 आवेदन सही पाए हैं।

शर्तों के मुताबिक, मेडिकल उपकरण बनाने का लाइसेंस, दो साल से मेडिकल उपकरण बना रहे हो, दो साल से पहले जीएसटी पंजीकरण हो और योजना की चार श्रेणी के उपकरण बनाने वाले को ही भूखंड दिए जाने की शर्त रखी गई है।

शर्तें पूरी नहीं करने पर 134 आवेदन निरस्त कर दिए गए। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि योजना का ड्रा शुक्रवार को सुबह 11 बजे से होगा। ड्रा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में होगा। इसकी वीडियोग्राफी कराई जाएगी। योजना में 1000 वर्ग मीटर के 70 भूखंड हैं जबकि आवेदन 11 आए हैं। इसी तरह 2100 वर्ग मीटर के 61 भूखंड हैं और आवेदन 21 आए हैं। ऐसे में इन दोनों श्रेणी में सभी को भूखंड मिल जाएंगे। सभी को भूखंड नंबर आवंटित कर दिए जाएंगे।

## अब रईसपुर के पास कैमरे में कैद हुए तेंदुए के बच्चे

**गाजियाबाद।** गांव रईसपुर स्थित एक कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में दो वन्य जीव नजर आए।

लोगों का मानना है कि यह तेंदुए के बच्चे हो सकते है। हालांकि इससे पहले गांव सदरपुर के पास भी ऐसे ही वन्य जीव नजर आए थे। कई दिन पहले की इस सूचना के बाद वन विभाग ने माना कि यह तेंदुआ हो सकता है। कई दिन बाद गांव रईसपुर के पास बनी कॉलोनी कैलाशपुरम में दो संदिग्ध वन्यजीव एक दुकान में लगे कैमरे में कैद हो गए। देखने से यह तेंदुए के बच्चे लगते है। कैमरे में जो रिकॉर्डिंग है उसमें दिखाई दे रहा है कि पहले एक तेंदुआ आता है इसके बाद दूसरा। फिर एक साथ ही वह आगे चलते जाते है।

# टूटी सड़क, बहते पानी के बीच से निकलने को मजबूर हैं कांवड़िए

● कांवड़ पर भगवा रंग के साथ अब तिरंगे झंडा भी बढ़ा रहा शान



**पायनियर समचार सेवा।** गाजियाबाद

रुक-रुक हो रही बारिश के कारण मेरठ रोड बदहाल हो गया है। सड़कों पर बारिश के कारण गड्ढे हो गए हैं, तो नाले ओवर फ्लो होने के कारण जगह-जगह जलभराव हो गया है। इन मुश्किलों को शिवभक्त बोल बम बोल का जयघोष करते हुए आसानी से पार कर अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। शिविर संचालकों को खाना बनाने तक में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि पानी शिविरों के अन्दर तक आ चुका हैं।

ऐसे में तख्त पर शिवभक्तों को रुकना पड़ रहा है। हालांकि, कांवड़ यात्रा को देखते हुए हाल ही में नगर निगम ने मेरठ रोड के गड्ढों को भरा था, लेकिन बारिश के कारण सड़कों में फिर से गड्ढे हो गए हैं।

नई बनाई सड़क भी जगह-जगह से टूटने लगी है। गड्ढों से निकली बजरी रोड पर फैल गई है, तो वहीं नाले ओवरफ्लो होने से गंदा पानी भी सड़कों पर जमा हो रहा है। इतना ही नहीं रोड पर जगह-जगह लगे मिट्टी के ढेर भी हटाए नहीं गए, जो अब बारिश के कारण कीचड़ में तब्दील हो गए हैं। हालांकि जेसीबी द्वारा इसकी सफाई कराई जा रही है, लेकिन बारिश की वजह से कीचड़ को हटाने में दिक्कतें आ रही हैं। कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मेरठ रोड को बंद कर दिया गया है। राजनगर एक्सटेंशन से आने वाले यातायात को सीधे एलएलटी की ओर डायवर्ट किया गया है, जिसकी वजह से ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को वाहन चालकों को समझाना पड़ रहा है।

कई वाहन चालक तो पुलिस कर्मियों से भिड़ भी गए और जबरदस्ती मेरठ रोड पर जाने के लिए अड़े रहे। कांवड़ियों के आने का सिलसिला लगातार जारी है। शिवभक्त अपनी कांवड़ों को विभिन्न स्वरूपों में सजाकर ला रहे हैं। हरियाणा का एक ग्रुप पूरी केदारनाथ मंदिर की झांकी का प्रतीकात्मक रूप बनाकर ला रहा है। मेरठ रोड पर अब भगवा रंग दिखाई दे रहा है। शिवभक्त बोल बम का जयकारा करते हुए निकल रहे हैं।

वहीं, इस भगवा रंग के साथ अब तिरंगे झंडे की शान भी दिखाई दे रही है। कोई कांवड़िए अपनी कांवड़ में तिरंगा झंडा लगा का ला रहे हैं, तो कोई अपनी पूरी कांवड़ को ही तिरंगे झंडे में लपेट कर चल रहा है।

शिविरों में खाने-पीने की भी पूरी व्यवस्था की गई है। शिविर में ब्रेकफास्ट से लेकर डिनर की व्यवस्था है। शिविर संचालक ने बताया कि सुबह नाश्ते में मठरी, नमकपारे, ब्रेड पकौड़े आदि से कावंड़ियों को नाश्ता कराया जाता है, जो सुबह चार बजे से शुरू हो जाता है। आठ बजे के बाद दूध और केले, इसके बाद लंच में पूरी सब्जी, रोटी रायता और कई तरह की सब्जियां व चावल आदि बनाए जाते हैं। दोपहर बाद गोलगप्पे, टिक्की, पावभाजी, चाउमीन आदि और डिनर में भी विभिन्न प्रकार के पकवान बनते हैं, हर बार मेन्यू बदला जाता है।

## एसपी सिटी प्रथम ने कंट्रोलरूम में डाला डेरा

**गाजियाबाद।** श्रावण मेले के दौरान दुधेश्वरनाथ मठ मंदिर में अपने आराध्य देव महादेव का जलाभिषेक करने आने वाले कावंड़ियों व शिवभक्तों को किसी प्रकार की असुवधिा ना हो और वो संपूर्ण सुरक्षा वाले माहौल में भाले की अर्चना कर सके इस बात को दृष्टिङ्गत रखते हुए एसपी सिटी प्रथसम निपुण अग्रवाल ने दुधेश्वरनाथ मंदिर में बनाये गये मुख्य कंट्रोलरूम पर ही डेरा डाल दिया है। सूत्रों क कहना है कि वह प्रतिदिन कम से कम 16 घंटे कंट्रोलरूम का अवलोकन एवं नियंत्रण व्यवस्था का जायजा लेने व्यतीत कर रहे हैं। सुबह से ही एसपी सिटी प्रथम निपुण अग्रवाल ने कंट्रोलरूम पर डेरा डाल दिया।

# कांवड़ मार्ग के जरिए मछली ले जाने पर पांबदी



**गाजियाबाबाद।** मोदीनगर व आसपास के क्षेत्रों में मछली पालन व्यवसाय कर रहे व्यापारियों को जिला प्रशासन ने कड़ी चेतावनी दी है। इन क्षेत्रों से मंडियों में मछली पहुंचाने के लिए पाइपलाइन मार्ग का इस्तेमाल किया जाता है। कांवड़ यात्रा के दौरान इस रूट से मछली संबंधी किसी भी सामग्री के लाने.ले जाने पर पाबंदी लगा दी गई है। सहायक निदेशक मत्स्य आरके श्रीवास्तव ने बताया कि मोदीनगर क्षेत्र में अधिकतर तालाबों में मछली पालन का व्यवसाय किया जाता है। इन मछलियों को दिल्ली व आसपास की मंडियों में सप्लाई के लिए मुरादनगर पाइप लाइन मार्ग का इस्तेमाल किया जाता है। इन दिनों कांवड़ यात्रा के कारण इस रूट पर किसी भी मछली के वाहनों को प्रवेश नहीं मिलेगी। यदि कोई भी व्यक्ति मछली लाने और ले जाने के लिए किसी भी कांवड़ रूट का इस्तेमाल करता पाया गया तो उसके खिलाफएफ आईआर दर्ज कराई जाएगी। इसके साथ ही मछली पालन का लाइसेंस भी रदद कर दिया जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार



जॉइंट पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपने जाते सपा नेता।

## किसान नेता की रिहाई को सपाइयों ने ज्ञापन सौंपा

**नोएडा।** पल्ला गांव में डीआईएमसी और डीएद्बत्त्सीसी परियोजना से प्रभावित किसानों के धरने को पुलिस द्वारा जबरन समाप्त कराने और किसान नेता सुनील फौजी को जेल भेजने के मामले में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के एक प्रतिनिधि मंडल ने जॉइंट पुलिस कमिश्नर लव कुमार से मुलाकात कर रिहाई की मांग की। इस दौरान सपाइयों ने किसान नेता की रिहाई के लिए कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष इन्दर प्रधान ने कहा कि गांव पल्ला में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से धरने पर बैठे किसानों को जबरन धरने से उठाने और किसान नेता को जेल भेजना दुर्भाग्यपूर्ण और निदंनीय है। जिसके चलते उन्होंने न्यायहित में किसान नेता को शीघ्र रिहा करने की मांग की। इस मौके पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी, जगबीर नंबरदार, सुरेंद्र नागर, अक्षय चौधरी, रोहित बैसोया, मेहंदी हसन, नीरज भाटी एडवोकेट, विपिन नागर, निरंकार प्रधान आदि मौजूद रहे।

## कंपनी में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना कासना पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी किए हुआ 10 लाख रुपए का सामान बरामद किया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि संदीप दुआ ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी कंपनी के कर्मचारी मनीष शर्मा ने कंपनी से कीमती सामान चोरी कर लिया है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही थाना पुलिस ने मनीष शर्मा को गिरफ्तार कर उसके पास से 20 सोलर प्लेट, 3 एलईडी टीवी, एक वाशिंग मशीन, 13 बैटरी इन्वर्टर तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया है।

## अमेजॉन से मोबाइल चुराने वाला पकड़ा गया

**नोएडा।** फेज-3 पुलिस ने सेक्टर-68 स्थित ई-कॉमर्स अमेजॉन कंपनी से मोबाइल चोरी करने वाले कर्मचारी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफबुधवार को प्रबंधन ने केस दर्ज कराया था। अमेजॉन के अधिकारी वरुण गुप्ता ने बताया था कि सेक्टर.68 स्थित कंपनी के ऑफिस में ओमेंद्र डिलीवरी ब्वॉय के तौर पर काम करता है। आरोप है कि ऑर्डर का सामान लेने के बाद उसने करीब नौ मोबाइल और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया था। सामान गायब होने की शिकायत पर प्रबंधन ने जांच की तो पूरे मामले का पता चला। आरोपी ने मोबाइल चोरी कर अन्य लोगों को बेच दिए थे। प्रबंधन की तरफसे आरोपी के खिलाफकेस दर्ज कराया गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## बच्चों को पर्सनल हाइजीन की दी जानकारी

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वच्छता अभियान से जुड़ी संस्था ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट लोकल सेल्फ गवर्नमेंट एआईआईएलएसजी की तरफसे गांव प्राथमिक विद्यालय कासना में स्कूल के बच्चों को पर्सनल हाइजीन के बारे में बताया गया। जनस्वास्थ्य विभाग के प्रभारी डीजीएम सलिल यादव के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में एआईआईएलएसजी संस्था के प्रतिनिधि प्रशांत शर्मा व दिवाकर सिंह ने छात्रों को बताया कि प्लास्टिक का प्रयोग न करें। दुकान से खाने का जो भी सामान खरीदतें हैं, तो उसके रेपर को कूड़े के डस्टबिन में डालें और डस्टबिन का प्रयोग करें। उन्होंने बच्चों को जल व्यर्थ न करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बच्चों को खुले में शौच के लिए न जाने की सीख दी।

# नोएडा प्राधिकरण के एक और अधिकारी निलंबित

● पुराने भूखंडों का आवंटन निरस्त कर अपने रिश्तेदारों को लाभ पहुंचाया



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में अनियमितता की जड़ें जमा चुके अधिकारियों व कर्मचारियों की अब खैर नहीं है। औद्योगिक विकास विभाग में मनमानी करने वाले अधिकारियों को चिह्नित कर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने नोएडा विकास प्राधिकरण में तैनात प्रबंधक गौरव बंसल को निलंबित करते हुए विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। इसके लिए जांच अधिकारी की नियुक्ति की गई है। मंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में मनमानी करने वाले किसी भी अधिकारी व कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा।

प्राधिकरण प्रबंधक गौरव बंसल पर आरोप है कि उन्होंने ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण में तैनाती के दौरान अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर स्वयं अपने स्तर से पुराने भूखंडों का आवंटन निरस्त कर अपने रिश्तेदारों को लाभ पहुंचाया। जांच में शिकायत सही मिलने पर औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के प्रबंधक गौरव बंसल के निलंबन के साथ ही कार्रवाई का आदेश जारी किया।

ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण में तैनात दो अधिकारियों के खिलाफ निलंबन के साथ ही यूपीसीडा वाराणसी रीजन में भी तैनात एक अधिकारी के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई हो चुकी है। मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने पिछले दिनों अनियमितता के आरोप में ग्रेटर नोएडा में तैनाती की अवधि में विशेष कार्याधिकारी के पद पर तैनात नवीन कुमार सिंह एवं उप महाप्रबंधक निमिषा जैन के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करते हुए विभागीय जांच के निर्देश दिए थे, जो चल रही है।

# बिजली के खंभे से टकराया ट्रक करंट लगने से चालक की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के थाना बादलपुर क्षेत्र में बृहस्पतिवार तड़के एक ट्रक बिजली के खंभे से टकरा गया जिससे करंट लगने से ट्रक चालक की मौत हो गई।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना बादलपुर क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-91 पर एक ट्रक सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गया,जिससे बिजली का तार टूटकर ट्रक पर गिर गया और ट्रक में करंट आ गया। करंट लगने से ट्रक का चालक अनमोल बुरी तरह से झुलस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बिजली का तार गिरने से ट्रक के टायर में आग लग गई। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि तीन दिन से बिजली का खंभा टूट कर झुका हुआ था, जिससे तार नीचे लटक रहे थे। लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है और उनके खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है।

# दूध कंपनी परिसर में दो दिन चली छानबीन

● आयकर विभाग की टीम को टैक्स में हेराफेरी के मिले दस्तावेज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में डेयरी प्रोडेक्ट बनाने वाली मधुसूदन कंपनी पर इनकम टैक्स की टीम का सर्च जारी है। इनपुट थे कि मधुसूदन की ओर से टैक्स में लगातार चोरी की जा रही है। ये चोरी खर्चो को ज्यादा दिखाकर की जा रही थी। सर्च दिल्ली यूनिट की ओर किया जा रहा है। नोएडा इनकम टैक्स से अभी तक किसी प्रकार का लोजिस्टिक भी नहीं मांगा गया है। सर्च बुधवार सुबह करीब आठ बजे से चल रही है जो अभी तक जारी है।

सेक्टर 136 में स्थित कंपनी का कारपोरेट कार्यालय भी है। इसका एक कार्यालय सेक्टर-63 में भी है। हालांकि वहां सर्च की जानकारी नहीं है। कारपोरेट आफिस होने के चलते यहां बहीखातों की जानकारी है। जिनके दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है। सूत्रों की माने तो अनएकाउंटेड ट्रांजेक्शन और टैक्स चोरी के साक्ष्य मिले है। जिनको जब्त कर लिया गया है। छापेमारी उद्योगपति मधुसूदन घी के संस्थानों, कार्यालयों और आवास पर जारी है। इनके कुल ठिकानों की संख्या करीब 40 है। जिसमें सहारनपुर में दिल्ली रोड स्थित आवास और दालमंडी पुल कार्यालय पर भी छापे जारी है। इससे पहले नोएडा में एनबीसीसी के पूर्व डीजीएम डीके मित्तल के यहां छापेमारी की गई थी। वहां से करीब डेढ़ करोड़ रुपए कैश और इतनी ही जुलरी मिली थी। इससे पहले सेक्टर-49 में पूर्व आईपीएस के सर्च की गई थी। जिनके घर में प्राइवेट लॉकर लोगों को दिए गए थे। वहां से करीब सात करोड़ रुपए के आसपास कैश और जुलरी मिली थी। हालांकि इन सभी में नोएडा यूनिट इनवॉल्व थी।

## लोन दिलाने का झांसा देकर जालसाजी

**नोएडा।** ठग ने लोन कराने का झांसा देकर एक व्यक्ति के खाते से साढ़े नौ हजार रुपये निकाल लिए। जालसाज ने मोबाइल पर ऐप डाउनलोड कराकर वारदात को अंजाम दिया। इस संबंध में पीड़ित ने सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है।

पुलिस को दी शिकायत में ऋषभ भड़ाना ने बताया कि वह सलारपुर कॉलोनी में रहते हैं। उन्हें कुछ पैसे की जरूरत थी। इसके लिए उन्होंने लोन करवाने के लिए ऑनलाइन नंबर सर्च किया था। कुछ लोगों ने उनसे संपर्क किया। उन्होंने भड़ाना से कहा कि वह फाइनेंस कंपनी से बात कर रहे हैं।



सेक्टर-71 अंडरपास पर ऑटा चालक द्वारा सवारियों को उतारने-चढ़ाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन के आरोप में चालन काटता पुलिसकर्मी

# कोंडली नाला सफाई टेंडर घोटाले में भ्रष्टाचार

● जांच में हुआ खुलासा, नपेंगे दोषी अफसर



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

कोंडली नाला सफाई को लेकर भ्रष्टाचार का मामला प्रकाश में आया है। इसमें 17.2 किलोमीटर लंबे कोंडली नाले के लिए दो टेंडर जारी होने का दावा किया गया है, जबकि 4.2 किलोमीटर के लिए नोएडा प्राधिकरण ने 15 लाख रुपये का टेंडर निकाला था, पर उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग 13 किलोमीटर लंबे नाले के जो प्राधिकरण से 6.66 करोड़ का भुगतान ले रहा है, उसके टेंडर का अता-पता तक नहीं है।

प्रकाशन तक नहीं कराया गया है। फर्जी तरीके से कागजी दस्तावेजों को स्कैन कर घोटाले को अंजाम दिया गया है। अब शिकायत शासन स्तर पहुंचने के बाद घोटाले की जांच शुरू होने जा रही है।

नोएडा प्राधिकरण जन स्वास्थ्य विभाग द्वितीय का प्रभार देख रहे वरिष्ठ प्रबंधक आरके शर्मा ने बताया कि सिंचाई विभाग की ओर से जारी बिल पर ही भुगतान प्राधिकरण करता है। अन्य प्रक्रिया से प्राधिकरण का लेना देना नहीं है। नाला सफाई एक वर्ष छोड़ कर प्राधिकरण करवाता है। उनकी इसी बात ने घोटाले की बात को और मजबूती दे दी है, क्योंकि नोएडा प्राधिकरण ने पिछले वर्ष से लगातार कोंडली नाला सफाई के नाम पर करोड़ों का भुगतान सिंचाई विभाग को कर रहा है।

पिछले वर्ष पांच करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। सूत्रों का कहना है कि शासन को भेजी शिकायत में स्पष्ट किया गया है कि उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के अधिकारियों की ओर से नोएडा प्राधिकरण जन स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों के साथ सांठगांठ कर लाखों का टेंडर करोड़ों में कराया जाता है। इस बार भी उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग ने टेंडर नोटिस संख्या 5, 6, 7 को जारी किया, लेकिन प्रकाशन नहीं कराया। पूर्व की भांति चहेतों को काम सौंप दिया गया। प्राधिकरण से भुगतान के लिए 6.66 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार किया गया है। जिस पर दोनों विभागों की ओर से घोटाला कर बंदरबांट होना है। यही शिकायत शासन स्तर पर की गई है। बता दें कि कोंडली नाला 17.2 किलोमीटर का है, जो नोएडा में सेक्टर.11 से प्रवेश करता हुआ, सेक्टर-168 होते हुए यमुना में गिरता है। सेक्टर-11 से सेक्टर-34 तक नाले का हिस्सा नोएडा प्राधिकरण के पास है। जबकि 13 किलोमीटर का नाला सेक्टर-51 से लेकर यमुना तक उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के अधीन आता है। 4.2 किलोमीटर नाला सफाई के लिए करीब 15 लाख का टेंडर जारी किया है, लेकिन 13 किमी के लिए प्राधिकरण सिंचाई विभाग को 6.66 करोड़ का भुगतान सिफ नाले की सिल्ट निकालने के लिए कर रहा है।

# सिरसा टोल पर होगा ट्रकर्स कॉर्नर का निर्माण, चालकों को मिलेंगी सुविधाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण हादसों को रोकने के लिए सिरसा टोल के पास ट्रकर्स कॉर्नर बनाने का निर्माण अगले महीने से शुरू करेगा। इसमें ट्रकों को पार्किंग की जगहए ट्रक चालकों के लिए खाने पीने की सुविधाएं आदि उपलब्ध कराई जाएंगी।

साथ ही ट्रक चालक वहा पर विश्राम भी कर सकेंगे। यहां पर ट्रक चालकों को होटल जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। ट्रकर्स कॉर्नर में 100 ट्रक्स के खड़े होने की जगह, एक ढाबा, 10 कियोस्क, सुलभ शौचालय, बैठने के लिए सीटें, प्लेटफार्म और पौधे आदि लगाए जाएंगे। साथ ही रोड के दूसरी तरफ सीढ़ीनुमा पहाड़ भी बनाया जाएगा, जहां पर खूबसूरत हरे भरे पेड़ पौधे लगाए जाएंगे। यमुना एक्सप्रेसवे के साल 2016 से 2020 तक हुए रोड ऐक्सिडेंट का सर्वे यमुना प्राधिकरण और जेपी ने कराया था।

इन पांच सालों में लगभग 3700 रोड ऐक्सिडेंट हुए। जिनमें 713 लोगों की मौत हुए जबकि 2000 से अधिक लोग घायल हुए। सर्वे करने के बाद पता चला कि ज्यादातर हादसे झपकी की वजह से हुए हैं। सड़क हादसे को कम करने की कोशिश में प्राधिकरण लगातार कार्य कर रहा है।

इसी के मद्देनजर सिरसा टोल के पास ट्रकर्स कॉर्नर बनाने का डिसीजन लिया है। अधिकारियों का कहना हैं कि ट्रकर्स कॉर्नर बनाने का काम अगले महीने से शुरू हो जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# कांग्रेस के प्रदर्शन ने रोकी रेल व सड़क की रफ्तार

## सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के विरोध में पार्टी नेताओं ने किया शक्ति प्रदर्शन

- कांवड़ यात्रा और जलभराव ने बढ़ाई मुसीबत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से पूछताछ के विरोध में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के चलते गुरुवार को पूरे दिन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लोगों को जाम से जूझना पड़ा। इसके साथ कार्यकर्ताओं ने विरोध में तीन ट्रेनों को रोककर अपना विरोध जताया। वहीं कांवड़ यात्रा और बारिश के बाद हुए जलभराव ने यातायात व्यवस्था को प्रभावित किया।

नेशनल हेराल्ड धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से पूछताछ के विरूद्ध कई सांसदों समेत वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस मुख्यालय के बाहर गिरफ्तारी दी। वहीं सोनिया गांधी की पेशी से पूर्व दिल्ली पुलिस ने अकबर रोड पर गांधी निवास से लेकर ईडी कार्यालय तक पूरे मार्ग पर बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए थे और बैरीकेड लगाए थे।

यातायात पुलिस के अनुसार मध्य दिल्ली को शहर के अन्य इलाकों से जोड़ने वाले मार्गों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम तथा फरीदाबाद के कई प्रमुख क्षेत्रों में यातायात बेहद धीमा रहा। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, भैरों मार्ग-रिंग रोड जंक्शन, आईटीओ, विकास मार्ग, दिल्ली-नोएडा डायरेक्ट फ्लाईवे (डीएनडी), सराय काले खां, इंडिया गेट सर्कल, धौला कुआं, रोहतक रोड, बारापूला एलिवेटेड कॉरिडोर और अरबिंदो मार्ग पर भारी जाम की स्थिति रही। मध्य दिल्ली की ओर जाने वाले लोगों को भारी जाम का सामना करना पड़ा।

नोएडा निवासी कार्तिक शर्मा ने कहा कि जाम में फंसना एक बुरे सपने जैसा है। मैं भारी जाम की वजह से रेल भवन के नजदीक स्थित अपने कार्यालय एक घंटे देरी से पहुंचा। मयूर विहार फेस-1 निवासी वैशाली ने ट्विटर पर यातायात की इस खराब स्थिति के लिए अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया। दिल्ली यातायात पुलिस ने सिलसिलेवार ट्वीट में लोगों को यातायात संबंधी व्यवस्था की जानकारी दी थी और उन्हें उसके अनुसार ही यात्रा कार्यक्रम बनाने की सलाह दी।

यातायात पुलिस ने ट्वीट किया था, 21 जुलाई, 2022 को सुबह नौ बजे से अपराह्न दो बजे के बीच मोतीलाल नेहरू मार्ग, अकबर रोड, जनपथ और मान सिंह रोड पर जाने से बचें। विशेष यातायात बंदोबस्त की वजह से, इन सड़कों पर वाहनों की आवाजाही संभव नहीं हो पाएगी। एक अन्य ट्वीट में यातायात पुलिस ने कहा था कि गोल डाक खाना जंक्शन, पटेल चौक, विंडसर प्लेस, तीन मूर्ति चौक और पृथ्वीराज रोड से आगे नई दिल्ली में बसों की आवाजाही प्रभावित रहेगी। उसने ट्विटर पर लिखा, 21 जुलाई, 2022 को कृपया, गोल मेठी जंक्शन, तुगलक रोड जंक्शन, क्लेरिजेज जंक्शन, क्यू प्वाइंट जंक्शन, सुनहरी मस्जिद जंक्शन, मौलाना आजाद रोड जंक्शन एवं मान सिंह रोड पर सुबह नौ से दो बजे तक जाने से बचें।

विशेष इंतजाम के कारण इन सड़कों पर भारी यातायात रहेगा। कई स्थानों पर जलभराव की वजह से भी यातायात प्रभावित हुआ। सफदरजंग वेधशाला ने बुधवार को 52.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की थी। दीपक दिवान नामक एक यात्री ने कहा कि वह दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर जाम में फंस गए और एक महत्वपूर्ण बैठक में नहीं पहुंच पाए।


सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के विरोध में कांग्रेसी कार्यकर्ता शिवाजी ब्रिज पर रेल रोक कर प्रदर्शन करते हुए। फोटोः रंजन डिमरी

### भाजपा जुलूस से लुटियंस जोन में आवाजाही पर रोक

यातायात पुलिस ने बाद में भाजपा के जुलूस के कारण यात्रियों से लुटियंस दिल्ली, अशोक रोड के कुछ हिस्सों , पटेल चौक और पंडित पंत मार्ग पर आवाजाही पर रोक की वजह से पांच बजे के बाद इन सड़कों पर नहीं जाने की सलाह दी।

### कांग्रेस ने प्रदर्शन की पहले से दी जानकारी

कांग्रेस ने बुधवार को कहा था कि नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े धनशोधन मामले में पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से पूछताछ के विरोध में उसके नेता और कार्यकर्ता प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय की ओर मार्च करेंगे और राजभवन के बाहर प्रदर्शन करेंगे।

# एमसीडी टैक्स के खिलाफ आप कल से छेड़ेगी अंदोलन



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- पार्टी 23 जुलाई से 1 अगस्त तक तीन चरणों में आक्रामक अभियान चलाकर लोगों को करेगी जागरूक

दिल्ली नगर निगम द्वारा लगातार बढ़ाए जा रहे टैक्स के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने भाजपा को घेरने की रणनीति बनाई है। इस मुद्दे पर आप ने 23 जुलाई से दिल्ली भर में तीन चरणों में आंदोलन करने का ऐलान किया है। पहले चरण में 23 से 30 जुलाई तक आप कार्यकर्ता 50 लाख घरों को एमसीडी द्वारा बढ़ाए जा रहे टैक्स के बारे में लोगों को जागरुक करेगी। इसके बाद 31 जुलाई को दूसरे चरण में आप समर्थक पोस्टर्स, बैनर्स और नारों के साथ भाजपा कार्यालय का घेराव करेंगे।

यदि इसके बावजूद निगम अपना फैसला वापल नहीं लिया तो तीसरे चतण की शुरुआत की जाएगी जिसकी रणनीति का खुलासा 1 अगस्त किया जाएगा।

आम आदमी पार्टी की विधायक एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम हाउस टैक्स, ट्रेड व स्टोरेज लाइसेंस फीस आदि बढ़ाने के बाद आज एमसीडी ने कॉमर्शियल स्थानों से कूड़ा उठाने के रेट भी बढ़ा दिए हैं। उनके बार-बार अनुरोध करने के बावजूद भाजपा अपना फैसला वापस लेने को तैयार नहीं है। इसलिए आंदोलन के सिवा आम आदमी पार्टी के पास दूसरा विकल्प नहीं बचा है। पाठक ने कहा कि एमसीडी ने वर्ष 2017 के चुनाव में वादा किया था कि राष्ट्रीय राजधानी में कोई नया टैक्स लगाएंगे और ना टैक्स बढ़ाएंगे। लेकिन जल्द ही भाजपा उस वादे को भूल गई। ना सिर्फ टैक्स बढ़ाया गया बल्कि नए टैक्स भी लगाए गए।

उन्होंने कुछ ही दिन पहले बताया था कि भाजपा ने हर प्रकार की संपत्ति पर हाउस टैक्स बढ़ा दिया है। जहां पहले हाउस टैक्स लगभग 500 रुपए होता था। उसे बढ़ाकर लगभग एक लाख कर दिया गया है। आज भाजपा ने विशेषकर कॉमर्शियल स्थानों से कूड़ा उठाने का रेट बढ़ा दिया है।

आप इन सभी टैक्सों का विरोध करती है। आम आदमी पार्टी पहले दिन से मांग कर रही है कि इस प्रकार आम जनता पर टैक्स का बोझ नहीं बढ़ाना चाहिए और ना ही कोई नया टैक्स लगाया जाना चाहिए।

# बारिश के बाद तापमान में गिरावट अगले दो दिन मौसम रहेगा सुहाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- मयूर विहार वेधशाला में 3.5, जाफरपुर में एक मिमी दर्ज की गई

राजधानी के कई हिस्सों में बारिश के बाद बृहस्पतिवार को तापमान में कमी दर्ज की गई और अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस कम रहा। मौसम कार्यालय ने अगले दो दिन में मध्यम स्तर की बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया है। मौसम कार्यालय ने कहा कि दिन का अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज रहा। सुबह आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच एसपीएस मयूर विहार वेधशाला में 3.5 मिलीमीटर जबकि जाफरपुर में एक मिमी, नजफगढ़ में 2.5 मि.मी. और पूसा में 0.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। बारिश और जलभराव के कारण, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, भैरों मार्ग-रिंग रोड जंक्शन, विकास मार्ग, दिल्ली नोएडा डायरेक्ट फ्लाईवे, एम्स अंडरपास और सराय काले खान सहित कई प्रमुख हिस्सों पर यातायात जाम की सूचना मिली। आईएमडी के एक अधिकारी ने कहा, "शुक्रवार और शनिवार को मध्यम बारिश होगी और बादल छाए रहेंगे। शुक्रवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 33 और 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है"। मौसम विभाग ने कहा कि शाम 5.30 बजे सापेक्षिक आर्द्रता 68 प्रतिशत थी। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में बृहस्पतिवार शाम छह बजकर पांच मिनट पर वायु गुणवत्ता सूचकांक 76 रहा, जो संतोषजनक श्रेणी में आता है।

### तिहाड़ जेल में टीवी देखने को लेकर कैदी पर हमला

**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल में टीवी देखने को लेकर हुई बहस के बाद एक कैदी पर दो अन्य कैदियों ने हमला कर दिया। घटना कारागार नंबर पांच में बुधवार को हुई।

कारागार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि झड़प उस बैरक में हुई, जहां 18 से 21 साल की उम्र के अपराधी बंद हैं।

झड़प के दौरान दो कैदियों ने एक अन्य कैदी पर किसी धारदार वस्तु से हमला कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि घायल कैदी के चेहरे पर चोट आई है। उसे इलाज के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

# धू-धू कर जली निजी स्कूल की बस, 21 बच्चे सुरक्षित निकाले

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- चालक की सूझबुझ से टला बड़ा हादसा

रोहिणी इलाके में बृहस्पतिवार को निजी स्कूल की बस में अचानक आग लग गई। बस स्कूल में बच्चे सवार थे। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए इंजन से धुंआ निकलते दिखा तो उसने बीच सड़क पर ही बस को रोक दिया और बच्चों को बाहर निकाल लिया।

कुछ देर के बाद बस मे आग तेजी से फैल गई और धूं-धूं कर जलने लगी। आग इतनी तेज थी कि उसने पास में खड़ी एक कार में भी अपनी चपेट में लियया। चालक ने इसकी सूचना दमकल विभाग और स्कूल प्रशासन को दी। बस में रोहिणी सेक्टर 14 स्थित बाल भारती स्कूल के 21 बच्चे सवार थे। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

बस चालक संजय सोलंकी ने बताया कि गुरुवार दोपहर को वह स्कूल से बच्चों को लेकर छोड़ने के लिए जा रहा था।

इस दौरान जैसे ही वह सेक्टर सात पहुंचे गाड़ी से जलने की दुर्गंध आने लगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए उसने तुरंत बच्चों को गाड़ी के नीचे उतार दिया। इसके कुछ ही देर बाद बस धू धूकर जलने लगी। इस बात की जानकारी बच्चों के



माता-पिता को लगी तो वे भी घबरा गए। लेकिन स्कूल प्रशासन ने उन्हें भरोसा दिया कि सभी बच्चे सुरक्षित हैं। इसके बाद जो बच्चे बस में सवार थे उनको बाद में दूसरी बस से उनके घरों तक पहुंचाया गया। जिस बस में आग लगी उसे रोहिणी के कुछ सेक्टरों में बच्चों को छोड़ना था।

# सीएम आवास के बाहर तोड़फोड़ मामले में आरोपपत्र दाखिल

- कोर्ट मामले की अगली सुनवाई आठ अगस्त को करेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार को उच्च न्यायालय को बताया कि उसने इस साल की शुरुआत में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर तोड़फोड़ की घटना से संबंधित मामले में 30 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक सौरभ भारद्वाज की एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ के समक्ष पुलिस ने यह बयान दिया।

याचिका में केजरीवाल की द कश्मीर फाइल्स पर कथित टिप्पणी के विरोध में 30 मार्च को उनके आवास पर हुए हमले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन का अनुरोध किया गया है। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश अधिवक्ता संजय लाओ ने एक सीलबंद लिफाफे में अदालत को एजेंसी की स्थिति रिपोर्ट पेश की और बताया कि मुख्यमंत्री के आवास की ओर जाने वाली सड़क के दोनों छोर पर द्वार लगाए जाएंगे। अधिवक्ता नेकहा कि इसका 60 फीसदी काम हो चुका है और कुछ दिनों में कार्य पूरा हो जाएगा। इससे पहले अदालत ने दिल्ली पुलिस को घटना के संबंध में दर्ज प्राथमिकी को लेकर जांच की प्रगति का विवरण देने वाली स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि आठ अगस्त तय की।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत से अनुरोध किया कि वह सुनवाई स्थगित कर दे और मुख्यमंत्री के आवास पर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दिल्ली पुलिस द्वारा पूर्व में दायर स्थिति रिपोर्ट का जवाब देने के लिए सचिवालय को समय प्रदान करे। सिंघवी ने अदालत से कहा कि जब दिल्ली पुलिस सुरक्षा चूक के लिए जिम्मेदार थी, तो उसे अब इस मामले की जांच करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### जिला श्रम कार्यालय के मैनेजर समेत 4 कर्मी बर्खास्त

**नई दिल्ली।** अशोक विहार श्रम कार्यालय से भ्रष्टाचार की शिकायतें मिलने पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने श्रमिक बोर्ड व श्रम विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ औचक निरीक्षण कर इन शिकायतों की जाँच की।

निरीक्षण के दौरान श्रम मंत्री ने कार्यालय के कामों में कई अनियमितता पाई और कार्रवाई करते हुए मैनेजर सहित 4 कर्मियों को तुरंत बर्खास्त कर दिया। सुपरवाईजरी ऑफिसर को कारण बताओ नोटिस जारी किया। सिसोदिया ने पाया कि क्लेम ब्रांच में डायरी व डिस्पैच रजिस्टर अपडेटेड नहीं है, डेटाबेस में अनियमितता पाई गई।

# गांवों के लंबित मामले मौके पर निपटाए जाएंगे : राय

- ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने को विशेष शिविर आज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



गांवों के लंबित मामले मौके पर ही निपटाएं जाएंगे। दिल्ली सरकार के शुक्रवार को आयोजित शिविर में विकास विभाग, दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड, एमसीडी, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, राजस्व विभाग, दिल्ली जल बोर्ड समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। जिससे कि सभी गाँवो में सड़कों, नालियों, जल निकास, सामुदायिक केंद्र, पार्क, श्मशान भूमि, खेल मैदान आदि से जुड़े विकास कार्य से सम्बंधित परियोजनाओं का कार्य जल्द-से-जल्द किया जा सके।

विकास मंत्री गोपाल राय ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के गाँवो के विकास को लेकर दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक में सचिवालय में 22 जुलाई को गाँवो के विकास से सम्बंधित कार्यो के लिए विशेष शिविर लगाने का फैसला लिया गया। राया बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे सभी लंबित परियोजनाओं से संबंधित फाइलों को साथ लेकर आए, ताकि मौके पर ही उसका निपटारा किया जा सके।

गोपाल राय ने बताया विशेष शिविर का आयोजन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के आधार पर किया जाएगा। जिसके अंतर्गत 7 काउंटर स्थापित किए जाएंगे और प्रत्येक काउंटर पर 10 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मामलों को संबंधित विभाग के अधिकारियों और एजेंसियों द्वारा निपटाया जाएगा।

# 16 हस्तशिल्प कारीगरों को मिला स्टेट हैंडीक्राफ्ट पुरस्कार

## आधुनिक टेक्नोलॉजी से जुड़े हस्तशिल्प क्षेत्र तो 10 फीसदी तक बढ़ेगा कारोबार : उपमुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



हस्तशिल्प भारतीय संस्कृति और कला का एक अहम हिस्सा है। इस दिशा में उद्यो विभाग हस्तशिल्प के क्षेत्र में शानदार काम करने वाले 16 शिल्पकारों को वर्ष 2018 और 2019 के स्टेट हैंडीक्राफ्ट अवार्ड से नवाजा। साथ ही इन कलाकारों के कला के प्रदर्शन को दिखाने के लिए एक प्रदर्शनी भी लगाई गई। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने गुरुवार को इन कलाकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हस्तकला देश की बहुमूल्य सांस्कृतिक धरोहर का एक प्रतीक है। इस उद्योग का देश की अर्थव्यवस्था में विशेष रूप से रोजगार उत्पादन और निर्यात के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान है। इन कलाकारों के अथक प्रयास एवं मेहनत की बदौलत देश में हस्तकला का निर्यात बढ़ा है जिससे अर्थव्यवस्था में योगदान मिला है। उन्होंने कहा कि दिल्ली देश के हस्तशिल्प केंद्रों में प्रमुख स्थान पर रहा है। यहां के मीनाकारी, जरी-जरदोजी,धातु पर नक्काशी, काष्ठ कला, लघु चित्र, मधुबनी चित्रकारी, खिलौने और गुड़िया बनाना और कालीन बुनाई आदि जैसे हस्तशिल्प की विश्व-भर में सराहना की जाती है। दुनिया भर में विभिन्न संग्रहालय हैं जिनमें भारत के सैकड़ों हस्तशिल्प प्रदर्शित हैं। जापान में मिथिला संग्रहालय है जो बिहार की लोक कला मधुबनी पेंटिंग को समर्पित है।

संग्रहालय में ऐसी 800 से अधिक पेंटिंग हैं। इसी तरह, ब्रिटिश कला संग्रहालय में दक्षिण भारत के 1000 से अधिक लोक चित्र हैं। कारीगरों को टेक्नोलॉजी का उपयोग करना चाहिए और पूरी दुनिया में अपनी उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज करनी चाहिए। सरकार उन्हें अपना व्यवसाय ऑनलाइन करने में मदद करने के लिए सभी सहायता प्रदान करेगी। इस स्टेट अवार्ड में 2 प्रकार के पुरस्कार शामिल है। पहला अवार्ड स्टेट हेंडीक्राफ्ट अवार्ड है जिसके विजेताओं को 30,000 रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है। वहीं दूसरा अवार्ड स्टेट हेंडीक्राफ्ट एक्सीलेंस अवार्ड है जिसके विजेताओं को 20,000 रूपये की पुरस्कार राशि दी जाती है।

समारोह में मीरा झा, सुमित्रा देवी व मुकेश कुमार को वर्ष 2018 के स्टेट हेंडीक्राफ्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं हसन शेख, सपना कर्ण, गौरव पाठक, शीला देवी व मनीष शर्मा को वर्ष 2018 के'स्टेट हेंडीक्राफ्ट एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया। साथ ही दीपांशु वर्मा, ऋतु संगल व अमित धवन को वर्ष 2019 के 'स्टेट हेंडीक्राफ्ट अवार्ड' से सम्मानित किया गया वही पूनम, पदमा खरे, विक्की, रजनी किरण झा व रामवती को वर्ष 2019 के 'स्टेट हेंडीक्राफ्ट एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

### कुल निर्यात के 10 फीसदी तक पहुंचाने का लक्ष्य

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में देश में प्रत्यक्ष रूप से 70 लाख व परोक्ष रूप से 2 करोड़ लोग हस्तशिल्प उद्योग में शामिल है। ये कृषि के बाद ऐसा बड़ा सेक्टर है जिसमें इतनी संख्या में लोग काम करते है। उसके बाद भी कुल निर्यात में इस सेक्टर का योगदान केवल 1.5 फीसदी ही है इसलिए इस उद्योग को टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ते हुए वैश्विक प्लेटफार्म पर लेकर जाना है और इसे कुल निर्यात के 10 फीसदी तक पहुंचाना है।

# मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर आगंनवाड़ी कर्मियों का प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- प्रतिनिधिमंडल ने एलजी से की मुलाकात

आगंनवाड़ी कर्मियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय राजधानी मे प्रदर्शन किया और उन कर्मियों को बहाल करने की मांग की जिन्हें दिल्ली सरकार ने हड़ताल में हिस्सा लेने पर सेवा समाप्ति का नोटिस थमा दिया है। साथ में उन्होंने अपना मानदेय बढ़ाने की भी मांग की।

दिल्ली राज्य आगंनवाड़ी कर्मचारी एवं सहायक संघ (डीएसएडब्ल्यूएचयू) के सदस्य कश्मीरी गेट में स्थित दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के दफ्तर के बाहर जमा हुए और आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।डीएसएडब्ल्यूएचयू की पदाधिकारियों ने बताया कि इससे पहले आगंनवाड़ी कर्मियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल वी. के. सक्सेना से मुलाकात की थी और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा था। उपराज्यपाल ने कहा कि वह उनकी मांगों पर गौर करेंगे और जल्द ही मामले में हस्तक्षेप करेंगे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वह उपराज्यपाल के आवास का घेराव करेंगे। डीएसएडब्ल्यूएचयू ने दावा किया कि दिल्ली सरकार ने 39 दिन की हड़ताल में शामिल होने के लिए 884 आगंनवाड़ी कर्मियों को सेवा समाप्ति का नोटिस दिया है।

# बम-बम भोले : सत्तर साल की उम्र में 402 किमी नापने को आतुर गुलाबी देवी

एन. रोहिल्ला। सोहना

**राजस्थान** के अलवर निवासी 70 वर्षीय वृद्ध महिला हरिद्वार से 290 किलोमीटर पैदल चलकर कांवड़ लेकर सोहना पहुंची। वृद्ध महिला जीवन में पहली बार कांवड़ लेकर आई है। कहते हैं मन में यदि हौंसला हो तो हिमालय पर्वत की ऊंचाई भी छोटी पड़ जाएगी।

ऐसा हौंसला राजस्थान के जिला अलवर निवासी 70 वर्षीय वृद्ध महिला गुलाबी देवी ने करके दिखाया है। 70 वर्षीय गुलाबी हरिद्वार से 290 किलोमीटर पैदल चलकर बुधवार को सोहना कांवड़ लेकर पहुंची। जिसे सोहना से अपने गृह जिला अलवर अभी भी 112

### हरिद्वार से अपने सात साल छोटे देवर के साथ कांवड़ लेकर सोहना पहुंची वृद्ध महिला

### उत्तराखंड के हरिद्वार से गंगाजल लाकर राजस्थान के अलवर में चढ़ाएगी कांवड़

किलोमीटर का पैदल सफर करना बाकी है। वृद्ध महिला के चेहरे पर किसी प्रकार की न तो थकावट झलक रही थी। न ही उसके पैरों में किसी प्रकार की परेशानी थी। उसके चेहरे पर हंसी की झलक साफ कर रही थी कि मन का हौंसला कभी हारने नहीं देता।



हरिद्वार से 70 वर्ष की उम्र में सोहना कांवड़ लेकर पहुंची राजस्थान अलवर निवासी वृद्ध महिला गुलाबी देवी।


70 वर्षीय गुलाबी का कहना है कि वह किसी प्रकार की मन्नत लेकर कांवड़ नहीं लाई है। उसके मन और दिल कांवड़ लाने की इच्छा जताई। गुलाबी अपने देवर के साथ हरिद्वार से कांवड़ लेकर आई है। उसका देवर दूसरी बार कांवड़ लेकर आया है। देवर उससे 8 वर्ष छोटा है। जिसके द्वारा कोरोना काल में लाई गई कांवड़ को देख एक साल पहले भी उसने हरिद्वार जाने का मन पक्का बना लिया था। गुलाबी ने बताया कि हिम्मत के आगे न उम्र टिकती है और न ही शरीर की कमजोरी।

## अब दिव्यांग पटौदी में कराएं कृत्रिम उपकरणों के लिए पंजीकरण

**गुरुग्राम।** हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के महासचिव डा. मुकेश अग्रवाल एवं उपायुक्त निशांत कुमार यादव के दिशा-निर्देशन में कृत्रिम अंगों के लिए बुधवार को श्याम उद्योग भांगरोला परिसर और बहरामपुर के ब्लाइंड स्कूल में शिविर लगाया गया। अब दो दिन 22 को पटौदी खंड के गांव पहाड़ी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में और 23 को पटौदी शहर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिविर लगेगा। दिव्यांग लाभ उठाएं। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने श्याम उद्योग के निदेशक शिशिर व गगन का धन्यवाद किया।

## संक्षिप्त समाचार

### तीज मेला : तेलंगाना, राजस्थान, यूपी के भी कलाकार आएंगे



संजय भसीन।

**गुरुग्राम।** हरियाली तीज महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। पहले सावन महीने का तीज त्योहार मनाने के लिए नवविवाहिताएं बेसब्री से इंतजार करती थीं। यह त्योहार गांव के नहरों, रजवाहों के किनारों व अन्य जगहों पर जाकर अपने सखियों के साथ मनाती थीं तथा पींग झूलती थी। उस दौर को फिर से जीवित करने के लिए हरियाणा कला परिषद द्वारा 28 जुलाई से तीन दिवसीय तीज मेला आयोजित किया जा रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाले इस मेले में जहां शिल्प बाजार आयोजित किया जाएगा, वहीं हरियाणवी सांस्कृतिक, पारम्परिक तथा धार्मिक झलक के साथ-साथ अन्य प्रदेशों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी देखने को मिलेंगे। तीज मेले के उपलक्ष में कला कीर्ति भवन में निदेशक संजय भसीन की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में हरियाणा कला परिषद के कार्यालय प्रमुख धर्मपाल, मीडिया प्रभारी विकास शर्मा, रजनीश भनौट इत्यादि शामिल रहे। तीज महोत्सव के लिए रजनीश भनौट को नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया। निदेशक संजय भसीन ने बताया कि 28 से 30 जुलाई तक आयोजित होने वाले इस मेले में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज तथा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा का विशेष सहयोग रहेगा। शिल्प बाजार लगाने के लिए स्थानीय शिल्पकारों को निशुल्क आमंत्रित किया गया है। भसीन ने बताया कि कला कीर्ति भवन के छह एकड़ के परिसर में एक ओर शिल्प बाजार लगाया जाएगा, वहीं दूसरी ओर बच्चों के लिए झूलों की व्यवस्था भी की जाएगी। महिलाओं के झूलने के लिए पींग डालने के साथ-साथ हरियाणवी पकवान सुहाली, गुलगुले, घेवर, फिरनी आदि की व्यवस्था भी की जाएगी। संजय भसीन ने बताया कि तीन दिन चलने वाले मेले में प्रत्येक दिन विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें 28 जुलाई को बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, 29 जुलाई को चित्रकला तथा 30 जुलाई को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### जेल कर्मी को गाड़ी से कुचलने का प्रयास, चालक पर केस दर्ज

**सोहना।** भोंडसी जिला जेल के नाका पर तैनात हैडवार्डन को अज्ञात चालक ने कुचलने का प्रयास किया। जानलेवा हमले के दौरान हैड वार्डन गाड़ी से टकराने पर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने जेल कर्मचारी की शिकायत पर गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। जिला जेल के कर्मचारी संजय कुमार ने बताया कि वह मुख्य गेट पर लगे नाका पर सोमवार की सुबह ड्यूटी दे रहा था। समय करीब साढ़े 9 बजे बादशाहपुर की तरफ से एक गाड़ी आई। जिसके चालक को नाके पर उसने रुकने का इशारा दिया, लेकिन अज्ञात चालक उसके इशारे को अनदेखा करके जेल की सड़क पर आगे दौड़ता हुआ ले गया। जिससे जेल मार्ग के दूसरे किनारे पर लगा आरटीसी के नाके को पार नहीं करने दिया। चालक वापस अपनी गाड़ी को तेज रफ्तार से जेल नाका पर ला रहा था। उसने फिर से रुकने का दूर से इशारा किया। पहले तो गाड़ी धीरे कर ली तथा पास आने पर गाड़ी की स्पीड बढ़ाते हुए उसे कुचलने का प्रयास किया। उसने दूसरी तरफ कूदकर अपनी जान बचाई। लेकिन इस दौरान उसे गाड़ी से भिड़ने पर चोटें आई। चालक अपनी गाड़ी को रिठोज गांव की तरफ भगाकर ले गया। भोंडसी थाना पुलिस ने जेल कर्मी द्वारा अज्ञात चालक के खिलाफ दी गई शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। शिकायत में अंकित गाड़ी पंजीकरण नंबर से मालिक की तलाश शुरु कर दी है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह ने बताया कि जल्द ही पहचान होने पर आरोपी चालक को गिरफ्तार किया जाएगा।

### बिना सरकारी संरक्षण के नहीं हो सकती अवैध माइनिंग



**गुरुग्राम।** पूरे प्रदेश में अवैध माइनिंग का खेल चल रहा है। अपने कर्तव्य को निभाते हुए डीएसपी शहीद हो गए। चाहे महेंद्रगढ़ की बात हो, डाडम की बात हो, यमुना नदी में भी अवैध माइनिंग हो रही है। पंचकूला के बरसाती नालों की बात हो। पूरे प्रदेश में अवैध माइनिंग का खेल चल रहा है। बिना सरकारी संरक्षण के अवैध माइनिंग नहीं हो सकती। ये बात आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक तंवर ने गुरुग्राम को गुरुग्राम में प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपना कर्तव्य निभाते हुए अपराधियों के शिकार हो जाते हैं। मंत्री बयान दे देते हैं और फिर से वही खेल शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार ने प्रदेश को अपराधियों के हाथों में सौंप दिया है। प्रदेश सरकार की शिक्षा नीति पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह सरकार सरकारी स्कूलों को बंद करवा कर शिक्षा का भी निजीकरण करना चाहती है। जहां एक तरफ सरकारी स्कूल में पढ़ने के लिए 500 रुपये देने होंगे, वहीं प्राइवेट स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के लिए सरकार 1100 रुपये देगी। सरकार ने स्कूलों को बेचने की तैयारी कर ली है। वहीं उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व का चौथे सबसे अमीर आदमी बन गए है। उन्होंने कहा कि यह देश अडानी और अंबानी का देश है। अडानी और नरेंद्र मोदी में कोई खास फर्क नहीं है। जहां एक तरफ आम आदमी को दो वक्त की रोटी के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है, दूसरी तरफ अदानी और अंबानी दिन दुगुनी रात चौगुनी उन्नति कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। कांग्रेस और बीजेपी एक सिक्के के दो पहलू हैं। उन्होंने कहा कि ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स जैसी संस्थाओं की स्वायत्तता खत्म होती जा रही है। केंद्र सरकार अपने हित में इन संस्थाओं का प्रयोग कर रही है। जोकि सरासर लोकतंत्र की हत्या है।

# हजारों एकड़ भूमि को जलभराव से मुक्त कराने को डीसी ने कसी कमर

### गुरुग्राम में नजफगढ़ ड्रेन से हर वर्ष होता है आधा दर्जन गांवों की जमीन पर जलभराव

### उपायुक्त ने मौका मुआयना कर जीएमडीए के अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुवार** को गुरुग्राम में नजफगढ़ ड्रेन के साथ लगती गांव दौलताबाद, धनकोट, खेड़की माजरा, चंदू, बुढ़ेड़ा व धर्मपुर की हजारों एकड़ भूमि को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए किए जाने वाले प्रबंधों का उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने मौके पर जाकर जायजा लिया। उपायुक्त ने अधिकारियों को कहा कि वे गुरुग्राम की सीमा में जलमग्न हजारों एकड़ भूमि को फिर से खेती योग्य बनाना सुनिश्चित करने



गुरुग्राम के गांव धनकोट स्थित लैग-2 में जलभराव की समस्या से बचाव के लिए किए जाने वाले प्रबंधों का जायजा लेते उपायुक्त।

की दिशा में किए जा रहे समाधानों की प्रक्रिया को रफ्तार देते हुए जल्द से जल्द मौके पर कार्य शुरू करें।

भविष्य में गुरुग्राम के क्षेत्र में पड़ने वाली ड्रेन की लैग-दो व तीन बरसात के मौसम में ओवरफ्लो ना हो व ड्रेन के साथ लगती भूमि पर जलभराव ना हो, इसके लिए गुरुग्राम जिला प्रशासन व गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) द्वारा संयुक्त रूप से धरातल पर आवश्यक ठोस प्रबंध किए जा रहे हैं। डीसी श्रीयादव के बुधवार के निरीक्षण दौरे के समय जीएमडीए के अतिरिक्त सीईओ सुभाष यादव, जीएमडीए के इंफ्रास्ट्रक्चर-2 डिवीजन के कार्यकारी अभियंता विक्रम सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सारवान सहित अन्य अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे। डीसी निशांत कुमार यादव ने गांव धनकोट व धर्मपुर में लैग-2 और लैग-3 के निरीक्षण के समय जीएमडीए के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि गांव धनकोट से होकर गुजरने वाली लैग-2 और गांव धर्मपुर से होकर गुजरने वाली लैग-3 का ड्रेन के साथ सीधा जुड़ाव ना होने के कारण बारिश के समय दोनों लैग ओवरफ्लो हो जाती है। जिसके चलते इन गांवों की हजारों एकड़ भूमि जलमग्न हो जाती है। पिछले माह मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई जीएमडीए कि 10वीं बैठक में इस समस्या की विस्तृत रिपोर्ट सहित इसके समाधान पर विस्तार से चर्चा होने के बाद दोनों लैग के करीब चार किलोमीटर के हिस्से को चैनलाइजिड कर नजफगढ़ ड्रेन के साथ कनेक्ट करने की सहमति बनी थी। इस पर जीएमडीए ने समाधान की दिशा में शुरुआती प्रक्रिया आरंभ भी कर दी है। उपायुक्त ने जीएमडीए के अधिकारियों की बात सुनने के बाद स्वयं गांव धर्मपुर में स्थित एक 15 मंजिला रिहायशी सोसाइटी की छत से जलमग्न भूमि का वो हिस्सा भी देखा, जहां से आगे पानी की सप्लाई को ड्रेन में भेजने की कोई व्यवस्था नहीं थी।

**गुरुग्राम की सीमा में ड्रेन के साथ बनेगा बांध** : उपायुक्त ने लैग-2 और लैग-3 का मुआयना करने के बाद गुरुग्राम की सीमा के साथ साथ दिल्ली के छावला में ड्रेन के उस भाग का भी निरीक्षण किया। जहां पानी का अधिक बहाव होने के चलते ड्रेन का पानी ओवरफ्लो होकर खेती की भूमि के साथ साथ रिहायशी क्षेत्रों को भी प्रभावित करता है। अधिकारियों ने बताया कि गुरुग्राम सीमा में भी जल्द बंध बनाने की दिशा में कार्य शुरू किया जाएगा।

## सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने में ही भलाई



जिला बार में जागरुकता कार्यक्रम में वकीलों के साथ समाजसेविका आशा गोयल।

**गुरुग्राम।** डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी गुरुग्राम के साथ जिला बार एसोसिएशन गुरुग्राम द्वारा शादी लाल हॉल में समाज सेवक अधिवक्ता दीपक कटारिया, डॉक्टर कंचन सिंह एवं समाज सेविका आशा गगन गोयल ने सिंगल यूज प्लास्टिक, सेनिटरी हाइजीन के बारे में जागरुक किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लिया।

अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर समाज सेविका आशा गोयल इस सामाजिक पहल में शामिल हुई। उन्होंने समाज को एक महत्वपूर्ण दिशा दिखाई। इस अवसर पर महिलाओं को जागरुक करते हुए कहा कि शिक्षित महिलाएं ना केवल खुद जागरुक हों, बल्कि अपने आसपास के गरीब तबके, स्लम बस्तियों में भी जाकर वहां की महिलाओं को सेहत, स्वच्छता के प्रति जागरुक करें। उनका मानना है कि जब तक महिलायें सेहतमंद नहीं होंगी, तब तक हम समाज को स्वच्छ समाज नहीं बना सकते। मासिक धर्म स्वच्छता विशेषज्ञ और वेलनेस कोच डॉ. कंचन ने प्लास्टिक से बने सैनिटरी पैड की कठोर वास्तविकताओं का विश्लेषण किया। आगे उन सभी ने विचार-मंथन किया कि कैसे इस महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित करने की आवश्यकता है। डॉ. सिंह ने मल्टीनेशनल कंपनियों के साथ कारपोरेट्स में काम करने के 12 साल बाद अब इस सामाजिक कारण को एक उद्देश्य से अपनाया है। उनका और उनकी टीम का एकमात्र लक्ष्य सैनिटरी पैड में प्लास्टिक के उपयोग को रोकना, महिलाओं को साइलेंट किलर कैंसर से बचाना और पृथ्वी को हरा-भरा बनाना है।

## सेवा भारती मानेसर क्षेत्र में सिलाई और स्वास्थ्य केंद्र करेगी शुरू

### रूप निखार केंद्र, बाल संस्कार केंद्र और आध्यात्मिक पुस्तकालय भी होंगे शुरू

**गुरुग्राम।** सेवा भारती संस्था द्वारा मार्च 2023 तक सभी नगरों में एवं सभी खंडों में सेवा प्रशिक्षण केंद्र बनाकर जरूरतमंद परिवारों की सेवा करने की विस्तृत योजना तैयार की गई है। इसके तहत मानेसर नगर निगम क्षेत्र में तीन सिलाई केंद्र, दो रूप निखार केंद्र, तीन बाल संस्कार केंद्र, तीन स्वास्थ्य केंद्र और एक आध्यात्मिक पुस्तकालय शुरू किए जाएंगे।

यहां गांव सिकंदरपुर बढ़ा में दादी सती सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में सेवा भारती के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार चौहान, जिला सचिव मनोज चौहान, जिला कार्यवाह नरेश, विभाग प्रमुख राम सजन, महिला मंडल की गुरुग्राम विभाग प्रमुख संध्या सैनी, गांव बढ़ा से सम्मानित व्यक्ति भीम सिंह, कैलाश नंबरदार, विजय पाल सिंह, सुरेंद्र सिंह व सूबेदार मेजर धर्म सिंह भी मौजूद रहे। सेवा भारती के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार चौहान ने बताया कि सेवा भारती गैर सरकारी सहायता के समाज के लोगों के सहयोग से कार्य करती है। यह वर्ष 1979 से सेवा कार्य कर रही है।

पूरे भारत में एक लाख से अधिक स्थानों और हरियाणा में लगभग 500 स्थानों में विभिन्न सेवा केंद्रों के माध्यम से सेवा कार्य कर रही है। सेवा भारती के केंद्रों के माध्यम से सिलाई, मेहंदी, मिट्टी के दिए, बिजली की लड़ियां, राखियां आदि बनाने का काम सीख कर काफी संख्या में महिलाएं, पुरुष अपना रोजगार शुरू कर चुके हैं।

# मैं आज भी विद्यार्थी, गवर्नर बनकर हरियाणा की संस्कृति को सीख रहा हूं : दत्तात्रेय

### बोले, सभी विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति को लागू करें

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में सीखना कभी ना छोड़ें। मरते दम तक हर व्यक्ति का सीखना जारी रहता है। श्रीदत्तात्रेय ने कहा कि मैं आज भी विद्यार्थी हूं, गवर्नर बनकर हरियाणा को पढ़ व सीख रहा हूं। यहां की कला, संस्कृति, समृद्ध परंपरा आदि को समझने का मौका मिला है। वे बुधवार को यहां सेक्टर-53 स्थित आईआईएलएम विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में उन्होंने विश्वविद्यालय के 170 विद्यार्थियों



गुरुग्राम के सेक्टर-53 स्थित आईआईएलएम विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में छात्रा को डिग्री देते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

को स्नातक, स्नातकोत्तर डिग्रियां तथा मेडल व अवार्ड प्रदान किए। इन 170 विद्यार्थियों में 84 छात्राएं थी। समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवी संघ के प्रांत संघचालक पवन जिंदल, कुलपति सुजाता साही, प्रतिकुलपति प्रो. रणबीर सिंह, कुलसचिव कर्नल ललित कपूर, श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने आगे कहा कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति को लागू करें, जोकि साइंटिफिक टेम्परामेंट, मॉरल वैल्यूज, टैक्निकल व रिसर्च ओरिएंटिड अर्थात् वैज्ञानिक स्वभाव, नैतिक मूल्यों, तकनीकी व अनुसंधान उन्मुखी है। देश में यह नई शिक्षा नीति सन् 2030 तक लागू करने का लक्ष्य रखा गया है, परंतु हरियाणा सरकार ने इसे प्रदेश में सन् 2025 तक लागू करने का निर्णय लिया है। श्रीदत्तात्रेय ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद नई सोच के साथ देश में परिवर्तन लाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी की बड़ी समस्या है, जिसके समाधान के लिए श्री मोदी ने कौशल विकास का मंत्र दिया है। कौशल विकास के लिए देश में नया मंत्रालय बनाया गया है। राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा में भी युवाओं के कौशल विकास के लिए लगभग एक हजार करोड़ रुपये की लागत से पलवल जिला के गांव दुधौला में श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है। इसके लिए उन्होंने हरियाणा सरकार को बधाई भी दी। राज्यपाल ने यह भी कहा कि इस विश्वविद्यालय में विधि और पत्रकारिता भी पढ़ाए जा रहे हैं। ये दोनों विषय आज के युग में बहुत महत्वपूर्ण व उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज को शिक्षित करने की कोशिश करते हैं।

# गुमनाम सैनिकों को स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा दिलवाएं चंद्र कुमार बोस

### कहा, आजाद हिंद फौज को उचित सम्मान दिलाने की मांग भारत सरकार के समक्ष रखें

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आजाद** हिंद फौज के गुमनाम सैनिकों को स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा दिलाने के लिए लंबे समय से संघर्षरत श्रीभगवान फौगाट ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रपौत्र चंद्र कुमार बोस को ज्ञापन सौंपा। इस समारोह में मौजूद अन्य अधिकारियों को भी फौगाट ने मांग पत्र सौंपा।

दिल्ली के एलपीएस आडिटोरियम पीएचडी हाउस में नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल लेक्चर विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की बेटी एवं वरिष्ठ



नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रपौत्र चंद्र कुमार बोस को पत्र सौंपते श्रीभगवान फौगाट।

अर्थ शास्त्री अनीता बोस और नेताजी के प्रपौत्र चंद्र कुमार बोस ने शिरकत की। श्रीफौगाट ने बताया कि भारत में आजादी का 75वां अमृत महोत्सव केंद्र सरकार और राज्य सरकारों द्वारा मनाया जा रहा है। यह एक अच्छी शुरुआत है। इस तरह के आयोजनों से भारत के गुमनाम शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान भी शुरु हुई है। उन्होंने कहा कि भारत को आजादी मिले 75 वर्ष हो रहे हैं, लेकिन आज भी हरियाणा और भारत के दूसरे हिस्सों में आजाद हिंद फौज के गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों को वो सम्मान नहीं मिला। जिसके हकदार नेताजी के सैनिक और उनके परिवार हैं। श्री फौगाट ने चंद्र कुमार बोस से अनुरोध किया कि वे भी आजाद हिंद फौज के गुमनाम सिपाहियों को स्वतंत्रता सेनानी का उचित सम्मान दिलाने की मांग वह भारत सरकार के समक्ष रखें।

## प्राइम डे पर ग्रोसरी और रोजमर्रा की खरीदारी के साथ, आनंद की खोज करें

### 1000 रुपये के पहले ऑर्डर पर पाएं 300 का कैशबैक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** में 23 और 24 जुलाई को इस प्राइम डे में ग्रोसरी और रोजमर्रा की जरूरी चीजों की खरीदारी के साथ आनंद की खोज (Discover joy) करें। यदि फ्रेश पर ऑर्डर रिपीट किया जाता है, तो प्राइम मेंबर्स 1500 रुपये की खरीदारी पर 300 रुपये का कैशबैक ले सकते हैं, यदि यह फ्रेश पर पहला ऑर्डर है तो 1000 रुपये की खरीद पर 300 रुपये का कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं।

कस्टमर एसबीआइ/आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड और क्रेडिट ईएमआई का उपयोग करके अतिरिक्त 10 फीसदी की बचत भी कर सकते हैं। इसलिए, ऑनलाइन डेस्टिनेशन से सुविधाजनक डिलीवरी स्लॉट ऑप्शन पर दाल, टाटा संपन्न, आशीर्वाद, निविया, एरियल, टेटली, कैडबरी, और मदर डेयरी सहित लोकप्रिय ब्रांडों से ग्रोसरी की खरीदारी करते समय स्टॉक जमा करें और बचत करें। प्राइम मेंबर्स के लिए, Amazon.in ने फ्री शिपिंग शुरू की है, यानी, 199 रुपये से अधिक के सभी ऑर्डर पर * फ्री डिलीवरी।

आपके जीवन के हर दिन बेहतर बनाने के लिए प्राइम को डिजाइन किया गया है। जिन कस्टमर ने अभी तक प्राइम ज्वाइन नहीं किया है, वे amazon.in/prime पर एक महीने के लिए 179 रु. या एक वर्ष के लिए 1499 रु. देकर प्राइम ज्वाइन करके कई सारे लाभों का आनंद ले सकते हैं, जिनमें प्राइम वीडियो में पुरस्कार विजेता फिल्मों और टीवी शो तक अनलिमिटेड एक्सेस, 90 मिलियन से अधिक गानों तक अनलिमिटेड एक्सेस, विज्ञापन-मुक्त प्राइम म्यूजिक, प्राइम रीडिंग के साथ 3,000 से अधिक पुस्तकों, पत्रिकाओं और कॉमिक्स का फ्री रोटेटिंग सलेक्शन, फ्री इन-गेम कंटेंट तक एक्सेस और गेमिंग विद प्राइम, नए प्रोडक्ट लॉन्च, मुफ्त और तेज डिलीवरी के अलावा, डील्स तक अर्ली एक्सेस।

# नौकरी खोजने वाले अब इनडीड को देख सकते हैं हिंदी में

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दुनिया** की नं. 1 जॉब साइट, इनडीड ने आज घोषणा की कि यह अब हिंदी में उपलब्ध है। नौकरी तलाशने वाले अब इनडीड का होमपेज हिंदी में देखकर हिंदी में ही परिणामों का पेज, नौकरी का पेज आदि देख सकेंगे और नौकरी के लिए आवेदन कर सकेंगे। यह अपडेट इस समय मोबाईल वेबसाईट और मोबाईल एप के वर्जस के लिए उपलब्ध है, जहां पर इनडीड का अधिकांश ट्रैफिक आता है।

'लोगों को नौकरियां पाने में मदद करने के इनडीड के मिशन के अनुरूप इस अपग्रेड द्वारा नौकरी तलाशने वाले अपने मोबाईल फोन पर हिंदी में नौकरी खोजकर उनके लिए आवेदन कर सकेंगे। हिंदी के लिए लॉन्च भारत में क्षेत्रीय भाषाओं के लिए लॉन्च की श्रृंखला में प्रथम है, जिसके माध्यम से इनडीड भारत पर अपना केंद्रण मजबूत करना और ऐसे उत्पादों का निर्माण करना चाहता है, जो लाखों भारतीयों के लिए

### इससे इनडीड लाखों नए यूजर्स को प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराके भारत में दीर्घकालिक, परिवर्तनकारी वृद्धि लाने में समर्थ बनेगा

नौकरी तलाशने के अनुभव में नया परिवर्तन लेकर आएं। 2011 की जनगणना के मुताबिक भारत में बोली जाने वाली कई भाषाओं में से हिंदी भाषा 43.63 प्रतिशत आबादी द्वारा बोली जाती है। केपीएमजी की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस समय भारत में 125 मिलियन लोग इंग्लिश बोलते हैं, लेकिन 0.3 मिलियन से भी कम लोग प्रथम भाषा के रूप में इसका इस्तेमाल करते हैं। इसकी बजाय लोग 22 क्षेत्रीय भाषाओं में से किसी भाषा का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं। इससे हिंदी जैसी क्षेत्रीय भाषाओं में सामग्री की बढ़ती मांग प्रदर्शित होती है।

**नौकरी तलाशने वालों के लिए नौकरी तलाशना हुआ आसान** : भारत में नौकरी तलाशने की प्रक्रिया पिछले दस सालों में काफी बदल गई है। पहले वेतन, काम की स्थितियों, और नौकरी के विकल्पों की जानकारी नहीं मिला करती थी, लेकिन अब यह मिलने लगी है।

इस लॉन्च के बारे में शशि कुमार, हेड ऑफ सेल्स, इनडीड इंडिया ने कहा, ''भारतीय कार्यबल काफी युवा है और अप्रत्याशित दर से बढ़ व बदल रहा है। भारत में इनडीड पर विजिट करने वाले लोगों की संख्या दो सालों में दोगुनी से ज्यादा हो गई है। भारत इनडीड के लिए सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है और ट्रैफिक की यह वृद्धि भारत में लोगों द्वारा पहले के मुकाबले आज नौकरियों को ऑनलाइन तलाशने के प्रति बढ़ते रुझान का प्रमाण है।'' कुमार ने कहा, ''इनडीड सभी लोगों को नौकरी पाने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# किशोर अवस्था में उत्पन्न भ्रम दूर कर रहा है मित्रता क्लीनिक

कविता। फरीदाबाद

**किशोरावस्था** में बच्चों के मन में अपने शरीर में आ रहे बदलावों को लेकर बहुत सी परेशानियां घर कर जाती हैं। जिनको लेकर वह हमेशा चिंताग्रस्त रहते हैं। जिसके लिए राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को काउंसलिंग दी जाती है। साथ ही बच्चों को एनीमिया, मेंटल हेल्थ और हाईजीन से सम्बंधित जानकारी दी जाती है। जिले में पिछले डेढ़ वर्ष में कुल 1897 बच्चों को काउंसलिंग दी है। जिसमें 1062 लड़कियां और 835 लड़के शामिल रहे। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चल रहे

## मित्रता क्लीनिक ने डेढ़ वर्ष में 1897 बच्चों की कई तरह की समस्याओं को दूर किया

मित्रता क्लीनिक की काउंसलर अनुक्रमा भाटी ने बताया कि पिछले डेढ़ वर्ष में कई समस्याओं से ग्रस्त बच्चे आए हैं।

किशोरावस्था के बच्चों के मन में पैदा होने वाले भ्रम को स्कूल हेल्थ के तहत चलाए जा रहे राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के तहत बादशाह खान अस्पताल की ओपीडी में चल रहे मित्रता क्लीनिक की काउंसलर दूर करने का कार्य कर रही है। मित्रता क्लीनिक की काउंसलर अब स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों की परेशानियों को दूर करने के लिए स्कूलों में जा रही है। वहां से बच्चे अपनी परेशानियों को लेकर मित्रता क्लीनिक में आ रहे हैं। काउंसलर अनुक्रमा भाटी ने बताया कि स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के मन में किशोरावस्था में आ रहे शारीरिक बदलावों को लेकर चिंताए घर कर जाती हैं। लेकिन वह उन परेशानियों को दूसरों को न बता कर अंदर ही अंदर घुटन महसूस करते हैं। उनके सवालों और परेशानियों को दूर करना का वे प्रयास कर रही हैं। इसी क्रम में उन्होंने बृहस्पतिवार को भाखड़ी गांव के सरकारी स्कूल में बच्चों की परेशानियों को दूर किया। अनुक्रमा भाटी ने बताया कि अधिकतर छात्र किशोरावस्था में आ रहे बदलावों की समस्या के समाधान को लेकर आ रहे है। किशोरियों के मन में काफी सवाल थे। लेकिन वह बोलने में झिझक रही थी।

जब उन्हें काउंसलिंग दी तो किशोरियों ने एक-एक करके सवाल पुछने शुरू कर दिए। उनका कहना है कि इस दौरान उन्हें सफेद पानी की शिकायत संबंधित लड़कियां अधिक मिली। जिनका इलाज उन्होंने चिकित्सकों की देखरेख में शुरू करवा दिया।


बीके स्थित सेंटर पर किशोरियों को काउंसिलिंग देती काउंसलर।


भांकड़ी स्थित स्कूल में विद्यार्थियों के सवालों के जवाब देती काउंसलर अनुक्रमा भाटी।

# डॉक्टर से 40 लाख ठगने के मामले में नकली सोने के सिक्के बनाने वाला गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से 17.700 किलोग्राम नकली सोने के सिक्के, सिक्के बनाने की मशीन, 21 मोबाइल फोन सहित 51 लाख रुपये बरामद


धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार सुनार अमित से बरामद नकली सोने के सिक्के और कैश।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास अरोड़ा के दिशा निर्देश एवं डीसीपी क्राइम नरेन्द्र कादयान के मार्गदर्शन और एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेंद्र कुमार की टीम ने असली के नाम पर नकली सोने के सिक्के बेचने के मुकदमे में सोने के नकली सिक्के बनाने वाले आरोपी सुनार को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी सुनार का नाम अर्पित है, जो आगरा का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच द्वारा इससे पहले गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपी एक ही परिवार के हैं। जिसमे आरोपी पन्ना लाला और उसकी पत्नी रमा तथा पुत्र धर्मेन्द्र, राजन व नितिन का नाम शामिल हैं। आरोपियों ने फरीदाबाद में दो डॉक्टर के साथ असली के नाम पर नकली सिक्के बेचकर 80 लाख रुपये की धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया था। जिसमें आरोपियों ने ग्रीनफील्ड के रहने वाले डॉक्टर निशांत और सेक्टर 31 के रहने वाले डॉक्टर निखिल को अपना निशाना बनाया था।

28 जून 2022 को फरीदाबाद की ग्रीन फील्ड कॉलोनी के रहने वाले डॉक्टर निशांत ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह ग्रीन फील्ड कॉलोनी में अपना क्लीनिक चलाते हैं। 8 फरवरी 2022 को एक व्यक्ति अपने परिवार के साथ इलाज के लिए उनके पास आया था। इलाज के दौरान उसके परिजनों ने बताया कि उन्हें पैसों की सख्त जरूरत है और वह पैसों के बदले उन्हें सोने के सिक्के दे सकते हैं। जो उनके पुरखों को खेत में खुदाई के वक्त मिले थे। आरोपियों ने कम पैसों में ज्यादा सोने के सिक्के देने का लालच दिया। झांसे में आने पर उसे तुगलकाबाद मेट्रो स्टेशन पर बुलाकर उसे भी सोने के नकली सिक्के देकर 40 लाख रुपये ले लिये। क्राइम ब्रांच एनआईटी ने गुप्त सूत्रों, सीसीटीवी फुटेज तथा तकनीकी के माध्यम से मामले में शामिल पांच आरोपियों को 14 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर नकली सोने के सिक्के बनाने वाले आरोपी सुनार अर्पित को 18 जुलाई को गिरफ्तार किया गया।

आरोपी को अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। जिसमें पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सुनार का पिता आरोपी पन्नालाल का दोस्त था। जिससे पन्ना लाल आभूषण बनाता था। वर्ष 2012 में पिता की मृत्यु होने के पश्चात उसका कामकाज अर्पित संभालने लगा। आरोपी पन्नालाल ने अर्पित को अपने साथ धोखाधड़ी के धंधे में शामिल कर लिया आरोपियों के कब्जे से अब तक 17.700 किलोग्राम नकली सोने के सिक्के, सिक्के बनाने की मशीन, 21 मोबाइल फोन सहित 51 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पूछताछ पूरी होने के पश्चात सभी आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

# कार सवार नकाबपोश बदमाशों ने गोली मारकर की युवक की हत्या



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**छांयसा** गांव एक युवक की गोलियां मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक युवक सुबह घूमने के लिए घर से निकला था। तभी एक कार पर सवार हमलावरों ने उस पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। आरोपी गोली मारने के बाद तुरंत मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों की मदद से परिजनों ने युवक को एक निजी अस्पताल में पहुंचाया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे को मृत घोषित कर दिया।

मौके पर पहुंची फॉरेंसिक की टीम ने अपनी जांच शुरू कर दी। पुलिस हर पहलू से इस मामले की जांच में जुट गई है कि आखिरकार क्यों इस युवक को गोली मारी गई। वहीं पुलिस का कहना है कि अभी पीड़ित परिवार से कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई गई है। मृतक की पहचान छांयसा गांव निवासी राहुल के रूप में की गई है। जिस वक्त ये पूरी वारदात हुई राहुल के माता पिता घर पर नहीं थे। वे दोनों ही उस वक्त वैष्णो देवी की यात्रा पर गए हैं।

छांयसा गांव निवासी हरेंद्र का कहना है कि उनका भतीजा राहुल सुबह छह बजे के करीब दो लोगों के साथ घर से दातुन करने निकला था। तभी उस पर चार से पांच नकाबपोश बदमाशों ने ताबड़ तोड़ फायरिंग कर दी। राहुल की उम्र 28 साल की थी। शादीशुदा होने के साथ ही उसके दो बच्चे भी है। राहुल अपने माता पिता का एकलौता बेटा था। फिलहाल शव को फरीदाबाद के जिला अस्पताल में पोस्मार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक राहुल के केस की जांच थाना छांयसा के साथ चार क्राइम बांच की टीमें कर रही है। जिसमें क्राइम ब्रांच सेक्टर 65, सेक्टर 56, डीएलएफ और ऊंचा गांव है। सभी के द्वारा बदमाशों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

# आज वार्ड वाइज वोटर लिस्टों का होगा अंतिम प्रकाशन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पंचायती** राज संस्थानों के लिए वोटर लिस्ट तैयार हो चुकी हैं। आज यानी शुक्रवार को वार्ड वाइज वोटर लिस्टों का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा। उसके बाद कभी भी चुनावों का शेड्यूल जारी किया जा सकता है। ऐसे में जिला निर्वाचन कार्यालय की तरफ से चुनावों को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

पंचायतों का कार्यकाल खत्म हुए लगभग डेढ़ साल पूरा होने को है। अब जल्द ही चुनावों होने की उम्मीद है। पिछले दो महीने से पंचायती राज संस्थानों का चुनाव कराने के लिए वोटर लिस्टों को तैयार करने का काम किया जा रहा है। वोटर लिस्टों का प्रारंभिक प्रकाशन करने के बाद लोगों से दावे व आत्तियां ली गई और उन्हें निपटाने के बाद फाइनल वोटर लिस्ट तैयार कर ली गई हैं। इन वोटर लिस्टों का शुक्रवार को अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से जिला प्रशासन को चुनावों की तैयारियां करने के निर्देश भी पिछले दिनों मिल चुकी हैं, जिनमें कहा गया है कि पंचायत चुनाव 2022 में होने प्रस्तावित हैं। ऐसे में वोटर लिस्ट प्रकाशित होने के बाद कभी भी चुनावों को लेकर घोषणा हो सकती है। ऐसे में पोलिंग बूथों, ईवीएम मशीनों, मत पेटियों, चुनाव प्रक्रिया के लिए जरूरी स्टाफ आदि को लेकर सभी तरह की तैयारियों पर काम शुरू कर दिया जाए। पोलिंग बूथों पर मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त किया जाए। ऐसे में प्रशासन की तरफ से इसे लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। डीसी जितेंद्र यादव ने बताया कि 22 जुलाई को वोटर लिस्टों का अंतिम प्रकाशन होगा। चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार ही वोटर लिस्टों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनावों को लेकर जो भी दिशा निर्देश मिलेंगे।

# व्यापारी को बंधक बना कर फिरौती मांगने के तीन आरोपी गिरफ्तार

## प्यार के जाल में फंसाकर व्यापारी को बुलाया था फरीदाबाद बाद में साथियों के साथ मिलकर पीड़ित को बनाया बंधक



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम नरेंद्र कादियान के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने आरोपियों द्वारा एक व्यक्ति को बंधक बनाकर फिरौती मांगने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में बड़खल के रहने वाले दानिश व दानिश की पत्नी वरीसा तथा राजकुमारी पत्नी संतोष का नाम शामिल है। आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर रेवाड़ी के रहने वाले भैंस व्यापारी मुरारीलाल को फरीदाबाद में बंधक बनाकर उसके परिजनों से फिरौती की मांग की थी। इस मामले का मुख्य आरोपी एहसान निवासी घासेड़ा मुरारीलाल से एक दो बार भैंस खरीद कर लाया था तो उसने देखा कि मुरारी लाल के पास काफी पैसे हैं तो उसने मुरारीलाल को बंधक बनाकर फिरौती मनाने मांगने की योजना बनाई। योजना के तहत आरोपी एहसान ने अपनी गैंग में शामिल आरोपित महिला राजवती को मुरारी लाल का मोबाइल नंबर देकर उसे अपने प्यार के जाल में फसाने के लिए कहा जिसके पश्चात राजवती ने मुरारीलाल को फोन करके मीठी-मीठी बातें की और उसे अपने प्यार के जाल में फंसा लिया।

18 जुलाई को राजवती ने मुरारीलाल को मिलने के लिए फरीदाबाद बुलाया और जब मुरारी लाल फरीदाबाद पहुंचा तो वहां पर आरोपियों के अन्य साथी आ गए जिन्होंने मुरारी लाल को बंधक बनाकर फरीदाबाद के सेक्टर 18 में अपने किराए के कमरे में बंधक बना लिया। अगले दिन आरोपियों ने मुरारीलाल से उसके भाई राकेश के पास फोन करवाया और उसे किसी काम के लिए कुछ पैसे लेकर फरीदाबाद आने के लिए कहा था।

# घायल कर मोबाइल लूटने वाले गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने छीनाझपटी के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सलीम तथा गोविंद उर्फ टोला का नाम शामिल है। दोनों आरोपी ओल्ड फरीदाबाद के रहने वाले हैं। 19 जुलाई को आरोपियों के खिलाफ पुलिस में आईपीसी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें आरोपियों ने एक व्यक्ति को घायल करके उसका मोबाइल छीन लिया था। वारदात के दिन फरीद नाम का व्यक्ति जो बड़खल में स्थित अल्पाइन कंपनी में काम करता है खाना खाने के लिए कंपनी से बाहर आया था जो खाना खाने के पश्चात जब वापस जाने लगा तो एनएचपीसी चौक पर आरोपियों ने पीछे से आकर पीड़ित के थप्पड़ मारे तथा ईंट से चोट मार कर उसे घायल कर दिया।

# आजादी के विजयोत्सव पर ओपन हैकाथॉन लॉन्च किया

## कर्नल वीएन थापर ने दर्शकों के साथ अपने विचार साझा किए


मानव रचना कालेज में आयोजित कार्यक्रम में अथक प्रयास करने वाले योद्धाओं के परिवारों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**देश** को सुरक्षित करने के लिए हमारी सीमाओं के मोर्चे पर अथक प्रयास करने वाले योद्धाओं के परिवारों की रक्षा करने के मिशन के साथ, आजादी का विजयोत्सव अपने हैकथॉन के माध्यम से योद्धाओं के परिवारों को लाभ पहुंचाने के लिए निष्पादन योग्य समाधान प्रदर्शित करेगा।

भारतीय युवाओं की सक्रिय भागीदारी के साथ भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता का जश्न मनाने के लिए सीआईईआई ने शहीद परिवारों और पूर्व सैनिकों को पूरा करने के लिए सेना के कर्मियों द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं को हल करने के लिए हमारे देश के युवा नवप्रवर्तकों को शामिल करने के लिए एक हैकथॉन का आयोजन किया। आज़ादी का विजयोत्सव के शुभारंभ में डॉ. संजय श्रीवास्तव - एमडी, MREI और कुलपति, MRIIRS और लेफ्टिनेंट जनरल आर के आनंद - महानिदेशक, MRIIRS के साथ भारतीय सेना के गणमान्य व्यक्ति जैसे लेफ्टिनेंट जनरल एबी शिवने - पीवीएसएम, एवीएसएम (सेवानिवृत्त) पूर्व डीजी मैकेनाइज्ड फोर्सेज; कर्नल वी एन थापर - वीआरसी कैप्टन विजयंत थापर के पिता; कर्नल गौरव भाटिया, पीएच.डी (सेवानिवृत्त); कर्नल संजीव शर्मा (सेवानिवृत्त); मेजर राकेश शर्मा-शौर्य चक्र, कारगिल युद्ध के दिग्गज; लेफ्टिनेंट जनरल अनिल मलिक- एवीएसएम (सेवानिवृत्त), पूर्व डीजी अनुशासन, समारोह और कल्याण; लेफ्टिनेंट जनरल विनोद तिवारी; नायक दीपचंद जी - विकलांग युद्ध वेटरन (कारगिल) मिसाइल रेजिमेंट और डॉ स्वाति महेश्वरी - संरक्षक ने भाग लिया। सीआईईआई की कोर टीम में - नमिता मित्तल, अजय, रितु आडवाणी और सौरभ सचदेवा शामिल थे।

कर्नल वीएन थापर के शब्दों में, अब समय आ गया है कि युवा शहीदों के परिवारों की समस्याओं, दिग्गजों के मानसिक स्वास्थ्य, ज्ञान संचय, युवाओं के सरेखण के लिए अपने अभिनव समाधानों के माध्यम से राष्ट्र में योगदान देने की जिम्मेदारी लेना शुरू कर दें। दिग्गजों और शहीदों के परिवारों के साथ नेतृत्व के गुण और सर्वोच्च बलिदान की भावना हासिल करने के लिए हैं।

# 100 छात्र जाएंगे शैक्षणिक भ्रमण पर

**फरीदाबाद।** राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को अब शैक्षणिक भ्रमण पर जाने का मौका मिलेगा। इसके लिए शिक्षा निदेशालय ने निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत विज्ञान संकाय के 100 छात्र एवं छात्राएं भ्रमण पर जा सकेंगे। उनकी निगरानी के लिए अध्यापकों की ड्यूटी भी निर्धारित की जाएगी।

प्रदेश सरकार बच्चों के शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए कई तरह की योजनाओं को लागू कर रही है। राजकीय विद्यालयों के छात्रों को देश की विभिन्न राज्यों की भौगोलिक परिस्थिति से रूबरू कराने के लिए शैक्षणिक भ्रमण की योजना बनाई गई है। इसके तहत 50 छात्र एवं 50 छात्राओं का चयन किया जाएगा। छात्रों के चयन के लिए शिक्षा निदेशालय ने जिला मुख्यालय को निर्देश भी जारी कर दिए हैं।

शैक्षणिक भ्रमण पर जाने वाले छात्र को अपने अभिभावकों से सहमति पत्र लेना होगा। बिना सहमति पत्र के कोई भी छात्र भ्रमण के लिए चयनित नहीं किया जाएगा। इसमें छात्र को अपने अभिभावक से लिखवाना होगा कि उन्हें अपने बच्चे को शैक्षणिक भ्रमण पर भेजने से कोई आपत्ति नहीं है।

# नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की जीत की खुशी में बाटे लड्डू


बड़खल विधान सभा में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की जीत पर लड्डू बांटते बीजेपी कार्यकर्ता।

**फरीदाबाद।** राष्ट्रपति चुनावों के नतीजे आने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी कि लहर है। इसी क्रम में वीरवार को नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की जीत की खुशी में सीमा त्रिखा एवं समस्त कार्यकर्ताओं ने एनआईटी-3 तथा एसजीएम नगर राधे-राधे चौक पर जीत का जश्न मनाया तथा सभी ने लड्डू भी बांटे।

इस मौके पर विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि यह जीत भारत के आम नागरिक की जीत है। भाजपा सरकार नीतियों व उनके द्वारा हो रहे चहुंमुखी विकास से सभी बहुत प्रभावित है। उन्होंने कहा कि यह जीत सबका विकास सबका साथ की जीत है। इस अवसर पर सुमन बाला, पंडित सुरेंद्र शर्मा, अमित अहूजा, ओमप्रकाश, दीपा भाटिया, ओमप्रकाश ढींगरा, आशा भाटिया, सत्येंद्र पांडे, कर्मवीर बैंसला, पंकज सिवाल, शालिनी मंगला, गगनदीप सिंह (रिंकू), सुनील भाटिया, नीलम गुलाटी, खुशबू, सनी भाटिया, सुमित विज, हरप्रीत सिंह, हनी, गौरव बत्रा, रविंद्र भाटिया, नीलम गुलाटी, सपना खेड़ा, संजय, महेंद्र, मनोज शर्मा, हरीश अग्रवाल, रमन जेटली, कपिल शर्मा, सुशील सेतिया, अशोक शर्मा, मुरारी लाल गर्ग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## डीसी ऑफिस के बाहर आशा वर्करों ने किया प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** मांगों के प्रति घोर उपेक्षापूर्ण रवैए के आक्रोशित आशा वर्करों ने डीसी आफिस पर आक्रोश प्रदर्शन किया। आशा वर्कर यूनियन की जिला उप प्रधान सुशीला चोरी की अध्यक्षता में आयोजित प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित दस सुत्रीय मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। संचालन जिला सचिव सुधा पाल ने किया। प्रदर्शन में सर्व सम्मति से पारित किए गए प्रस्ताव में कोरोना की एक हजार रुपए प्रोत्साहन राशि एवं आठ एक्टिवटी का काटा गया पचास प्रतिशत तब तक नहीं दिया जाएगा,जब तक सभी आशा कोरोना से संबंधित सभी कार्यों का बहिष्कार करने का फैसला लिया गया। आशा वर्कर राजस्थान भवन पर एकत्रित हुई और वहां एक सभा का आयोजन किया गया। प्रदर्शन में मजदूर संगठन सीआईटीयू के जिला प्रधान निरंतर पाराशर व उप प्रधान बीरेंद्र सिंह मौजूद थे। आशा वर्करों की सभा में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा भी पहुंचे। उन्होंने आशा वर्कर यूनियन की मांगों एवं आंदोलन का पुरजोर समर्थन किया। आशा वर्करों को संबोधित करते उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री द्वारा मांगों पर बार बार आश्वासन के बावजूद मानी हुई मांगों को लागू न करने की घोर निन्दा की। उन्होंने कहा कि सरकार बड़े पूंजीपतियों को लाखों करोड़ रुपए टैक्सों के छूट दे सकती है और सार्वजनिक बैंकों से लिए गए लाखों करोड़ों रुपए को राइट आफ कर सकती है। उन्होंने गंभीर रुप से बिमार एवं दुर्घटना का शिकार आशाओं को सरकार के पैनल अस्पतालों में इलाज की सुविधा देने, ईएसआई व पीएफ की सविधा देने, आशा फैसिलिटेटर की विजिट की प्रोत्साहन राशि की बढ़ोतरी करने, आशा वर्करों को रिटायरमेंट बेनिफिट देने और रिटायरमेंट की उम्र 65 साल करने आदि मांगों को प्रमुखता से उठाया। प्रदर्शन को अन्य के अलावा अनीता भारद्वाज, नीलम जोशी, पूजा गुप्ता, माया व निगम ने संबोधित किया। सभा में एएचपीसी वर्कर यूनियन के नेता दिनेश शर्मा व दौलतराम मौजूद थे।

## आज धौज स्वास्थ्य केन्द्र का दौरा करेंगी एनक्यूएएस की टीम

**फरीदाबाद।** नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) की टीम जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का जाजया लेने के लिए आई है। जिसके तहत टीम जिले के स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर रही है। निरीक्षण की रिपोर्ट के आधार पर इन केंद्रों को सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। टीम आज धौज स्थित स्वास्थ्य केन्द्र का दौरा करेंगी। जानकारी के मुताबिक एनक्यूएएस की टीम जिले में तीन दिन के दौरे पर है। आज यानी शुक्रवार को टीम धौज स्वास्थ्य केन्द्र का दौरा करेगी। वहीं दूसरी तरफ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छांयसा का निरीक्षण टीम कर चुकी है। जबकि सेक्टर 3 स्थित एफआरयू दो का निरीक्षण जारी है। जांच करने वाली टीम में आंध्रप्रदेश से डॉ जी नरेंद्र कुमार व छतीसगढ़ से डॉ राबिन शामिल हैं। दोनों अधिकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान ओपीडी, इमरजेंसी व्यवस्था, लेबर रूम, फार्मेसी, टीबी-एचआईवी सहित अन्य रोग नियंत्रण कार्यक्रम का रिकार्ड, लैब आदि का निरीक्षण कर रही हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों, स्टाफ के अलावा इमरजेंसी व जच्चा-बच्चा वार्ड में दाखिल महिलाओं से बातचीत भी कर रहे हैं। जिले में अभी तक फरीदाबाद में बीके सिविल अस्पताल, सेक्टर 30 स्थित एफआरयू वन, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरि विहार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दयालपुर व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहना को एनक्यूएएस सर्टिफिकेट मिल चुका है।

## एकाउंट्स विद्यार्थियों का मागदर्शन किया



**फरीदाबाद।** वाल्मीकि अम्बेडकर शिक्षा मिशन के बैनर तले बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए एक शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन एनएच-तीन ए ब्लॉक स्थित सभागार में करवाया गया। संवाद कार्यक्रम की शुरूआत वाल्मीकि अम्बेडकर शिक्षा मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चंडाल व आए हुए अतिथियों ने आदिकवि भगवान वाल्मीकि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर की। खास बात यह रही कि यह शिक्षा संवाद विशेषत एकाउंट्स पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के सही मार्गदर्शन के लिए रखा गया। जिसमें एकाउंट्स पढ़ने वाले विद्यार्थियों बढ़-चढ़कर भाग लिया और अकाउंट्स के क्षेत्र में कामयाबी हासिल करने के बारे में बारीक जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकेश बैनीवाल ने की और मंच का संचालन राष्ट्रीय महासचिव जयपाल ने किया। विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने के लिए मुख्यवक्ता के तौर पर चार्टेड पब्लिक एकाउंटेन्ट व केसी ग्लोबल के फाउंडर कमल छावड़ा सीए/सीपीए (यूएस)विशेष तौर पर मौजूद रहे। कमल छावड़ा ने कहा कि अगर हम आधुनिक भारत का निर्माण चाहते है तो युवाओं को एकॉउंट्स के क्षेत्र में व्यापक रूप से आगे बढ़ना होगा। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के कैरियर संबंधित सवालों का जबाव देकर छात्रों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकेश बैनीवाल ने अपने अंतिम संबोधन में कार्यक्रम में आये सभी विद्यार्थियों उनके अभिभावकों व कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। किसी भी देश की तरक्की करने के लिए वहां के बच्चों को सबसे बेहतर शिक्षा दी जाए। इसलिए हम बच्चों को शिक्षित कर आधुनिक भारत का निर्माण करना चाहते है।

## कांग्रेसियों ने दिल्ली में फूंका पीएम और गृहमंत्री का पुतला



**फरीदाबाद।** नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से पूछताछ की गई, जिसको लेकर देशभर में शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किए गए। इसी कड़ी में फरीदाबाद कांग्रेस ने दिल्ली के आश्रम चौक पर प्रधानमंत्री मोदी व अमित शाह का पुतला फुक कर शांतिपूर्ण तरीके से बैठ कर प्रदर्शन कर रहे थे। इसी बीच पुलिस बल आकर सभी को हिरासत में ले लिया और नरेला थाना ले जाया गया। इस पर उन्होंने कहा, 'हम डरने और घबराने वाले नहीं हैं। सोनिया जबसे देश में आई हैं तब से उन पर हमले हो रहे हैं। सोनिया ने जिस तरह से भारत की संस्कृति और संस्कार को अपनाया है, वो अपने आप में एक मिसाल है। उन्होंने जो जीवन जिया है और पार्टी के लिए जो किया है, उसे कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता कभी भूल नहीं सकते। वह एक ऐसी नेता हैं, जिन्होंने अपने साहस और अपनो के बलिदान से पूरे देश का दिल जीता है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी को षड्यंत्र के तहत बेवजह परेशान करने का जो खेल चल रहा है। उसे देश देख रहा है। सरकार अपनी हरकतों से बाज आए और याद रखे कि हम जितना बापू को मानते हैं उतना ही भगत सिंह और सुभाषचंद्र बोस को भी। इस मौके पर फरीदाबाद जिले के प्रभारी पूर्व मंत्री, विधायक आफताब अहमद, पूर्व विधायक ललित नागर, पूर्व विधायिका शारदा राठौर, विजय प्रताप, लखन सिंगला, रघुबीर तेवतिया, जगन डागर, गजना लाम्बा, अब्दुल गफ्फार कुरैशी, प्रदीप धनखड़, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिलाष नागर, मनोज नागर, जोगिंदर पायला, सागर यदुवंशी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।


पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 22 जुलाई, 2022



## अवैध खनन
### माफिया का आतंक

**देश** में अवैध खनन की विभीषिका व्यापक रूप ले चुकी है और माफिया का इस पर कब्जा हो गया है। जब तक हरियाणा के नूह जिले में हरियाणा पुलिस के 57 वर्षीय डीएसपी सुरेन्द्र सिंह की हत्या पर वरिष्ठ जिम्मेदार लोगों की तरफ से रस्मी टिप्पणियां आई हैं। द पायनियर की खबर के अनुसार, 'हरियाणा के एडीजीपी-कानून व्यवस्था संदीप खिरवार ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 307, 333, 186, 353 तथा 379 व 188 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा पुलिस इस मामले में सरी प्रगति के बारे में जल्द ही सूचित करेगी।' खबर में आगे कहा गया, घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने तौरू डीएसपी की हत्या पर कहा कि कठोर कार्रवाई के आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने शहीद पुलिस अधिकारी के परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवजे तथा परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने की घोषणा भी की। इस बीच विपक्ष के नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा ने घटना को शर्मनाक बताते हुए कहा है कि 'खनन माफिया काबू से बाहर जा रहे हैं तथा कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो रही है। विधायकों को धमकियां मिल रही हैं और पुलिस भी सुरक्षित नहीं है। ऐसे में भला जनता सुरक्षित कैसे अनुभव कर सकती है? सरकार को कार्रवाई करने की जरूरत है।'

इस प्रकार सभी लोगों द्वारा कही गई बातें व की गई कार्रवाई एक प्रकार से रूटीन है। लेकिन अवैध खनन बहुत बड़ी विभीषिका है और इससे रूटीन प्रतिक्रिया देने के तरीके से नहीं निपटा जा सकता है। यह स्थिति न केवल हरियाणा, बल्कि देश के अन्य भागों की भी है। मार्च 2012 में युवा भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी नरेन्द्र कुमार सिंह को इसी प्रकार मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में कुचल कर मार डाला गया था। इस मामले में भी दोषी अवैध खनन गैंग के सदस्य थे। 2013 में 2009 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने नोयडा में अवैध बालू खनन माफिया के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई की थी, पुलिस ने 66 मामले दर्ज किए थे, 104 लोगों को गिरफ्तार किया था तथा फरवरी व जुलाई के बीच खनन कार्रवाई में लगे 81 वाहन जब्त किए थे। सौभाग्य से उनको भले ही नरेन्द्र कुमार सिंह जैसा नतीजा न भुगतना पड़ा हो, पर उनको अपनी कार्रवाई का खामियाजा भुगतना पड़ा। राज्य सरकार ने उनको सस्पेंड कर दिया, हालांकि दो महीने बाद इसे वापस ले लिया गया।



यहां दो महत्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख जरूरी है। पहला, वे दिन बीत गए जब सर्वाधिक खतरनाक अपराधी और माफिया डॉन पुलिसजनों की हत्या से हिचकते थे। वे जानते थे कि पुलिस न केवल भारतीय दंड संहिता लागू करती है, बल्कि उसकी अपनी संहिता भी है जिसमें पुलिसजन की हत्या सबसे बड़ा अपराध है। अब खनन गिरोहों के मामूली लोग भी न केवल कांस्टेबलों, बल्कि वरिष्ठ अधिकारियों की हत्या से भी नहीं हिचकते हैं। दूसरा, वे दिन भी बीत गए जब 'दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा' जैसे बयान व शहीद पुलिसजन के परिवार को मुआवजे की घोषणा काफी होती थी। भारत में जैसे कुछ सड़ रहा है। खनन गिरोह व अन्य माफिया मिस्टर इंडिया जैसी फिल्म के मनोरोगी मोगैम्बो जैसे लोग नहीं है, बल्कि उनका हमारे समाज और इससे भी बुरे तरीके सक राजनीतिक अर्थव्यवस्था में स्थान है। वे बाहरी शत्रु नहीं हैं। वे कैंसर की तरह भयानक रूप से राजनीति को विकलांग बना रहे हैं तथा अक्सर तारू डीएसपी की हत्या की तरह भयानक कष्ट देते हैं। कैंसरग्रस्त हिस्से का इलाज उसे काटना, जहर से मार देना और जलाना है। क्या हमारे राजनेता ऐसा इलाज करने के लिए तैयार हैं?

# क्वाडः विदेश नीति में महत्वपूर्ण योगदान

भारत के पास बहुत अच्छा अवसर है क्योंकि वह अमेरिका के अलावा दो क्वाड-हिंद प्रशांत तथा पश्चिम एशिया क्वाड या आई2यू2 का एकमात्र सदस्य देश है।



**सिमरन सोढी**
(लेखिका, विदेश नीति विश्लेषक हैं)



**हाल** ही में भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, इस्राइल व संयुक्त अरब अमीरात-यूएई के नेता एकसाथ आए और उन्होंने आई2यू2 का पहला राष्ट्र प्रमुखों का शिखर सम्मेलन किया। इसे पश्चिम एशिया के क्वाड का नाम भी दिया गया है। हिंद-प्रशान्त क्षेत्र के क्वाड में भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया शामिल हैं। विश्व राजनीति में इस क्वाड के महत्व के साथ आज दूसरा क्वाड भी अत्यन्त महत्वपूर्ण हो गया है और यह भारतीय विदेश नीति का महत्वपूर्ण अंग है। मजेदार बात है कि इन दोनों 'क्वाड' समूहों में भारत व अमेरिका शामिल हैं।

जहां तक अमेरिका का सवाल है, यह उसकी एक पुरानी इच्छा का पुनः प्रकटीकरण या उस पर जोर देना है। अमेरिका एक बार फिर सारी दुनिया के मामलों में सक्रिय रूप से हस्तक्षेप कर विश्व नेता की अपनी पुरानी भूमिका बहाल करना चाहता है। दूसरी ओर जहां तक भारत का सवाल है, यह उसका नए किस्म का वैश्विक प्रस्तुतीकरण है। इससे भारत को यह महान अवसर भी मिला है कि वह रणनीतिक साझीदार तथा उभरते वैश्विक नेता के रूप में अपनी भूमिका सभी जगह प्रदर्शित कर सकता है। इस प्रकार भारत नए उभरते वैश्विक नेता व रणनीतिक साझीदार के रूप में न केवल हिंद-प्रशांत, बल्कि मध्य-पूर्व क्षेत्र में भी अपनी उपस्थिति व महत्व प्रदर्शित करने की तैयारी कर रहा है।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में पहले स्थापित क्वाड के बारे में बहुत कुछ लिखा गया है और इसकी व्यापक चर्चा व विश्लेषण हुआ है। यह बार-बार बताया गया है कि कैसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्वाड गठबंधन चार देशों को साथ लाने में सफल हुआ है। इसका उद्देश्य चारों देशों के बीच ज्यादा बेहतर द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के साथ चीन पर नियंत्रण रखना है जो आर्थिक व सैनिक प्रभुत्व जमाने का प्रयास कर रहा है।

यह पूर्णतः स्पष्ट है कि चीन सारी दुनिया के आर्थिक व सैनिक मामलों में अपना प्रभुत्व जमाने के लिए आक्रामक रूप से आगे बढ़ रहा है जिससे अनेक देश बहुत चिन्तित हैं। लेकिन आई2यू2 या पश्चिम एशिया क्वाड अभी एक नई अवधारणा है। यह अवधारणा इस दृष्टिकोण से भी बहुत आकर्षक है कि यह भारत को इस्राइल व संयुक्त अरब अमीरात के साथ बहुत अच्छे द्विपक्षीय संबंध विकसित करने का अवसर देता है। हालांकि, पहले से ही भारत के इस्राइल व संयुक्त अरब अमीरात के साथ अच्छे संबंध हैं। आई2यू2 या पश्चिम एशिया क्वाड का ज्यादा झुकाव अर्थव्यवस्थाओं में सुधार व चारों देशों की अर्थव्यवस्था को और मजबूती प्रदान करना है। इस क्वाड की पहली शिखर बैठक में खाद्य सुरक्षा तथा स्वच्छ ऊर्जा जैसे मुद्दों पर जोर दिया गया है जो इस दिशा में चारों देशों की अग्रगामी पहलों का प्रतीक है।


इस सम्मेलन के लिए प्रस्थान कर कर रहे अमेरिकी सुरक्षा सलाहकार जैक सुलीवान से पूछा गया था कि भारत को 'इतने अधिक मामलों' में शामिल करने का क्या उद्देश्य है। पूछने वाले का संकेत हिंद-प्रशांत आर्थिक ढांचे, क्वाड व आई2यू2 में भारत की सहभागिता की ओर था। एयर फोर्स 1 से अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ इस्राइल जाते समय जैक सुलीवान ने इस सवाल के जवाब में कहा था कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण 'रणनीतिक परिणामोन्मुख देश' है और उसे अमेरिका की केन्द्रीय रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका 'अवश्य' निभानी चाहिए। उन्होंने कहा, 'भारत के खाड़ी देशों तथा इस्राइल के साथ लंबे समय से अच्छे संबंध हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि 'अमेरिका आई2यू2 सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सहभागिता पर बहुत ध्यान दे रहा है।' उनकी टिप्पणी से संकेत मिलता है कि अमेरिका वैश्विक स्तर पर भारत की बड़े स्तर पर भूमिका व सहभागिता को स्वीकार करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

हालांकि, इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि हिंद-प्रशांत वाले क्वाड में भारत की भूमिका थोड़ी सीमित है क्योंकि इसमें शामिल हर देश के चीन के साथ अलग-अलग स्तर पर हैं। जहां अमेरिका, भारत, जापान व आस्ट्रेलिया को इस क्षेत्र में सुरक्षा प्रदान करने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण मानता है, वहीं क्वाड के अन्य सदस्य देशों की चीन के संबंध में अपनी अलग-अलग गणित है। चीन के साथ इन देशों के मजबूत व्यापारिक संबंध भी हैं और केवल भारत ही अपनी सीमाओं पर पिछले काफी समय से चीन की सैनिक आक्रामकता का मुकाबला कर रहा है। लेकिन इसके बावजूद भारत चीन के साथ संबंधों के मामले में बहुत सावधानी और कूटनीति से काम करना चाहता है। वह इस अर्थ में पूरी तरह पश्चिमी देशों के साथ भी खड़ा नहीं दिखना चाहता है कि चीन की घेरेबंदी में वह उनका मुहरा बन गया है। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि जापान और चीन के बीच इतिहास में अनेक असहज करने वाली घटनायें हुई हैं।

जापान ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद एक शांतिवादी व अनाक्रामक एजेंडा चुना था, लेकिन बदलती हुई क्षेत्रीय व वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए अब जापान की जनता इस शांतिवादी एजेंडे में आवश्यक परिवर्तन करना चाहती है। दूसरी ओर आस्ट्रेलिया को भी विश्वास नहीं है कि उसे चीन के प्रति कितनी आक्रामकता दिखानी चाहिए क्योंकि चीन वस्तुओं के आयात व निर्यात के मामले में आज भी आस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा व्यापार सहयोगी देश बना हुआ है। जहां तक पश्चिम एशिया क्वाड का सवाल है, भारत के लिए सबसे अच्छी स्थिति यही है कि उसके इस्राइल व संयुक्त अरब अमीरात के साथ काफी अच्छे द्विपक्षीय संबंध हैं। संयुक्त अरब अमीरात-यूएई के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार 59 बिलियन डालर है। इस प्रकार भारत सरकार के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, चीन और अमेरिका के बाद 2019-20 में संयुक्त अरब अमीरात भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार सहयोगी देश रहा है। भारत और इस्राइल के बीच द्विपक्षीय संबंधों, खासकर सैनिक व अनेक विकास क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों में व्यापक बढ़ोत्तरी हुई है। भारत को इस्राइल से अनेक अद्यतन सैनिक व गैर-सैनिक तकनीकें प्राप्त करने में भी सफलता मिली है जिन्होंने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वर्तमान समय में भारत इस्राइल के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की ओर बढ़ रहा है। ये दोनों आयाम पश्चिम एशिया क्वाड को ज्यादा महत्वपूर्ण तथा एक समूह के रूप में ज्यादा गतिशील बनाते हैं। इस प्रकार पश्चिम एशिया क्वाड भारत के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण बन जाता है। इस प्रकार समग्र दृष्टिकोण से देखें तो भारत के लिए दोनों क्वाड की सदस्यता वैश्विक नेता के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने का सुनहरा अवसर है। भारत पिछले काफी समय से संयुक्त राष्ट्रसंघ में सुधारों की आवश्यकता पर जोर देता रहा है। भारत चाहता है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को ज्यादा प्रतिनिधिक बनाया जाए। इस प्रकार भारत नई विश्व व्यवस्था में अपने लिए ज्यादा प्रतिनिधित्व चाहता है। भारत अपने लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक स्थाई सदस्यता की इच्छा रखता है। हालांकि, अनेक बड़ी विश्व शक्तियों ने इस दिशा में भारत को समर्थन देने का वादा किया है। लेकिन इस यथार्थवादी दुनिया में उनके वादों का कोई इच्छित परिणाम नहीं निकल रहा है। ऐसे में स्वाभाविक रूप से यह देखना दिलचस्प होगा कि हाल ही में बने इन दो सर्वाधिक महत्वपूर्ण समूहों-हिंद प्रशांत क्वाड तथा पश्चिम एशिया क्वाड- में भारत की सदस्यता व सहभागिता का क्या प्रभाव पड़ता है। निश्चित रूप से इससे भारत का विस्तार मध्य पूर्व तथा हिंद प्रशांत से भी आगे निकल कर जाएगा। इससे भारत का प्रभाव इतना बढ़ेगा जिसकी कल्पना आज दुनिया के कुछ ही देश कर सकते हैं।

# नाभिकीय शक्ति संपन्न ईरान से भय

**गुईन डायर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



**भविष्य** में किसी मुकाम पर संभावित ईरानी परमाणु हथियार वर्तमान में वास्तविक उत्तर कोरियाई खामियों की तुलना में कम खतरनाक हैं। लगभग छह सप्ताह पहले, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने चेतावनी दी थी कि 2015 के सौदे को पुनर्जीवित करने का प्रयास, जिसने ईरान की यूरेनियम को समृद्ध करने की क्षमता को प्रतिबंधित कर दिया था, पतन के कगार पर था। उन्होंने कहा कि बिना किसी समझौते के तीन या चार सप्ताह और संवाद को घातक झटका माना जाएगा।

समस्या यह थी कि चूंकि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ 'अधिकतम दबाव' लादते हुए, ईरान के खिलाफ अगली रियायतें खत्म करने की उम्मीद में, 2018 में समझौते को एकतरफा ढंग से रद्द कर दिया था, ईरानियों ने धीरे-धीरे उन पाबंदियों को खारिज कर दिया है, जिन पर वे मूल सौदे में सहमत थे। सौदे की गारंटी देने वाले तीन यूरोपीय देशों - ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने आईएईए प्रमुख का समर्थन करते हुए चेतावनी दी कि 'ईरान जितना ज्यादा आगे बढ़ रहा है और अपरिवर्तनीय दुष्परिणामों का सामना करता जा रहा है, वापस पिछले सौदे पर आना उतना ही मुश्किल है।' दूसरे शब्दों में, जैसे ही ईरानियों ने यूरेनियम को हथियार-ग्रेड में उन्नत करने के लिए जो कुछ भी जानना आवश्यक है, उसे सीख लिया, तो वे इसे दुबारा भूलने का वादा नहीं कर सकते। उनके पास वह ज्ञान हमेशा के लिए होगा, जो संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए), जो 2015 के सौदे का हास्यास्पद आधिकारिक नाम है, के पूरे उद्देश्य को मात देता है। वास्तव में, यह उससे भी बदतर है। 9 जुलाई को, तेहरान ने घोषणा की कि उसने नए सेंट्रीफ्यूज लगाए हैं जो ईरान को परमाणु हथियार के लिए पर्याप्त, 90 प्रतिशत शुद्धता तक यूरेनियम समृद्ध बना देंगे।

वे समायोज्य सेंट्रीफ्यूज हैं जिन्हें आसानी से संवर्धन के विभिन्न स्तरों पर अवस्थित किया जा सकता है, और ईरान का कहना है कि वे वर्तमान में केवल 20 प्रतिशत शुद्धता के लिए निर्धारित हैं। लेकिन जेसीपीओए ने अधिकतम अनुमतियोग्य संवर्धन को 3.67 प्रतिशत पर निर्धारित किया है, इसलिए ईरान पहले से ही सीमा से परे है। मसलों को और बिगाड़ने के लिए, जैसे-जैसे शुद्धता का स्तर बढ़ता है, संवर्धन आसान होता जाता है। यूरेनियम अयस्क से संवर्धन को 3.67 प्रतिशत तक जाने में बहुत समय और ऊर्जा लगती है। वहां से 20 प्रतिशत तक जाने में बहुत कम लगता है- और 20 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक जाने में और भी कम।



ईरानी जब चाहें, आखिरी बाधा लांघ सकते हैं। इसके अलावा, बाकी दुनिया को सिर्फ अपनी इस बात पर टिके रहना होगा कि वे 90 प्रतिशत तक नहीं गए हैं क्योंकि आईएईए ने अपने विशेष कैमरों में से 27 कैमरों को - जिन्हें यह सत्यापित करने के लिए स्थापित किया है कि ईरान सहमत संवर्धन स्तर से अधिक नहीं है -जून में बंद कर दिया गया था। बाकी 40 कैमरों को तेहरान, जब चाहे तब बंद कर सकता है।

और बाकी दुनिया इस बारे में क्या करने जा रही है? ज्यादा कुछ नहीं। बल्कि, पूर्वआंकलन में यह जान पड़ता है कि न तो वाशिंगटन, और न ही तेहरान ने सचमुच 2015 के सौदे को पुनः जीवित करने की उम्मीद की थी: अब तो बहुत अधिक समय बीत चुका था, और वे बस फरमान जारी कर रहे थे।

जनवरी 2021 में जब जो बाइडेन ने व्हाइट हाउस में प्रवेश किया, तो जेसीपीओए से संबंधित उनके पिछले बयानों ने उन्हें डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा किए गए नुकसान की मरम्मत करने की कोशिश करने के लिए बाध्य किया। हालांकि, उन्होंने सुधारवादी ईरानी राष्ट्रपति हसन रूहानी (जिस व्यक्ति ने मूल रूप से सौदे पर हस्ताक्षर किए थे) के शासन के साथ बातचीत की तुलना में कांग्रेस में ईरान-विरोधियों को शांत करने में अधिक प्रयास लगाया।

बाइडेन को पता होगा कि रूहानी के राष्ट्रपति पद के लिए केवल छह महीने बचे हैं, और उनके बाद हार्ड-लाइनर इब्राहिम रायसी द्वारा सत्ता में आने की संभावना है। (रूहानी पुनः चुनाव में खड़े नहीं हो सकते थे, और सर्वोच्च नेता-गण प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर रहे थे।) फिर भी बाइडेन ने गंभीर वार्ताओं की पुनः शुरुआत करने के लिए बिरले ही आवाज उठाई। फिर, पिछले साल अगस्त की शुरुआत में रायसी द्वारा होरानी की जगह लेने के बाद, अमेरिका और ईरान, कथित तौर पर इस मुद्दे पर तेजी लाने तथा रायसी के नए प्रशासन को समय देने के लिए, पांच महीने के टाइम-आउट पर सहमत हुए। बाइडेन ने इसके लिए हामी क्यों भरी? क्योंकि वह जानते थे कि यह पहले से ही एक पराजित कारण था। 2021 वो वर्ष था जब ईरान का संवर्धन स्तर जेसीपीओए की सीमा से बहुत ऊंचे- स्तर तक पहुंच गया था। जब पिछले दिसंबर में बातचीत फिर से शुरू हुई, तो हर कोई जानता था कि सौदे का मूल उद्देश्य घटनाओं के नीचे दब गया था। ईरान एक 'परमाणु संपन्न. शक्ति बन गया है, जो भविष्य में किसी भी समय अनुमति मिलने के छह महीने के भीतर वास्तविक बम बनाने में सक्षम है। यही वास्तविकता है, यही वजह है कि बाद की बातचीत अपेक्षाकृत सुस्त रही है। ईरान स्पष्टतया वास्तविक परमाणु हथियार बनाने की जल्दी में नहीं है, और वार्ताओं को पूर्णतया बंद कर देने से किसी को लाभ नहीं है। लेकिन वार्ताओं से वे कहीं पहुंचने नहीं जा रहे हैं, यह हर कोई जानता है।

यह एक निराशा है, लेकिन आपदा नहीं है। भविष्य में किसी बिंदु पर संभावित ईरानी परमाणु हथियार वर्तमान में वास्तविक उत्तर कोरियाई परमाणु हथियारों की तुलना में कम खतरनाक हैं, और सुदूर पूर्व ने इसके साथ रहना सीख लिया है। मध्य पूर्व एक कठिन पड़ोस है, और राष्ट्रपति बाइडेन के इलाके के हालिया दौरे के दौरान घबराहट के कुछ संकेत दिखे थे। उन्हें यह वादा भी नहीं करना पड़ा कि संभावित परमाणु हथियार-संपन्न ईरान को रोकने के लिए अमेरिकी परमाणु हथियार उपलब्ध होंगे। इजराइल के कई सौ अस्वीकृत परमाणु हथियार उसके लिए काफी पर्याप्त हैं।

## आप की बात

### भ्रष्टाचार की बीमारी

**हमारे** समाज में भ्रष्टाचार हर जगह व्याप्त है। पैसों के लोभ में मनुष्य लालची, स्वार्थी और भ्रष्टाचारी बन गया है। भ्रष्टाचार ने मनुष्य के अंदर की मानवीयता को समाप्त कर दिया है। उनके सोचने समझने की शक्ति समाप्त हो चुकी है। कई क्षेत्रों में लोग अपने पद की ताकत का गलत इस्तेमाल करके, अपने परिवार के सदस्यों को मौका देते हैं। कुछ लोग अपने आय का गलत विवरण देते हैं और टैक्स की चोरी करते हैं। यह अपराध की श्रेणी में आता है। क्रिकेट में आईपीएल खिलाड़ियों पर मैच फिक्सिंग के आरोप लग चुके हैं। बड़े बड़े पदों को पाने के लिए लोगों द्वारा अनैतिक तरीकों से सिस्टम को खुश किया जाता है। कानूनों के नाम पर कार्यालयों में व्याप्त नौकरशाही भ्रष्टाचार का एक प्रमुख कारण है। यदि राजनीति में व्यक्ति, सिद्धांत, विचारधारा एवं संगठन की बजाय धन ही प्रभावी होता जाएगा और बिना पैसे वाले निष्ठावान कार्यकर्ता की अवहेलना की जाती रहेगी, तो सार्वजनिक जीवन में पवित्र मूल्यों की स्थापना कैसे हो पाएगी। अब वक्त आ गया है हम सभी लोग साक्षर होकर अपने अधिकारों को जाने एवं समाज में फैले भ्रष्टाचार के दंश को खत्म करें।

-**योगेन्द्र गौतम**, उन्नाव

### भावी ब्रिटिश प्रधानमंत्री

**क्या** आज से सौ साल पूर्व, कोई भारतवंशी ब्रिटेन जैसे देश का राष्ट्राध्यक्ष बनने के बारे में सोच भी सकता था? अभी तक के आंकड़ों के अनुसार भारतवंशी ऋषि सुनक ब्रिटिश प्रधानमंत्री के दौर में सबसे आगे है। उनकी टक्कर 'लीज शेष' से होने वाली है। शायद सुनक ही अगले ब्रिटिश प्रधानमंत्री होंगे। फिलहाल 4 देशों में भारतीय मूल के व्यक्ति सर्वोच्च पद पर आसीन हैं। 'इंडिया डायस्पोरा गवर्नमेंट लीडर्स लिस्ट 2021' ने दुनिया के 15 देशों में उच्च-पदों पर आसीन 200 से ज्यादा भारतीय मूल के लोगों की जानकारी दी है। लेकिन ब्रिटेन में किसी भारतीय का राष्ट्राध्यक्ष होना खास है क्योंकि जिस देश का भारत पर लगभग 200 वर्षों तक शासन रहा हो, वहां कोई भारतवंशी शासक बने यह आत्म संतुष्टि का भाव देता है। यह भारतीय डायस्पोरा के बढ़ते प्रभाव को भी रेखांकित करता है। इससे एक राष्ट्र रूप में भारत के भी सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक स्थितियों को बल मिलेगा। प्रधानमंत्री ने भी इन तत्वों पर भारतीय विदेश नीति का फोकस बढ़ाया है। सचमुच बदलाव हो रहा है। भारतीयों ने अपने कर्मठता से सिद्ध कर दिया है कि वे दुनिया में किसी से कम नहीं है।

-**अतुल कुमार सोनू**, प्रयागराज

### भारत की नागरिकता

**देश** नित नए षड्यंत्र झेल रहा है। इधर एक बात और चिंता का विषय है कि प्रतिदिन लगभग 350 से अधिक लोग देश की नागरिकता छोड़ रहे हैं पिछले वर्ष भी ये संख्या 1.68 लाख रही। हालांकि देश के प्रधानमंत्री नें पूर्व में अपने नागरिकों से अपील भी की थी कि उनका उद्देश्य अपने देश की सेवा होना चाहिए परन्तु क्या कारण है कि इतनी बड़ी संख्या में देश से पलायन कर रहे हैं लोग। यदि इसी प्रकार देश की प्रतिभा हर रोज पलायन करेगी तो राष्ट्र-विरोधी तत्व और मजबूत होंगे और जो सपना वो संजोये बैठे हैं उसके साकार होने की सम्भावना भी बढ़ेंगी, इसलिए इस और सरकार को विशेष ध्यान देना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे देश में प्रतिभावान लोगों को अनुकूल वातावरण मिले। दूसरी ओर विदेशों में रहने वाले अनेक हिंदू, सिख, जैन व अन्य गैर-मुस्लिम भारत की नागरिकता चाहते हैं क्योंकि वे अपने देशों में कट्टरपंथियों से पीड़ित हैं। उनको तेजी से नागरिकता देने पर विचार करना चाहिए।

-**मनोज**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**पहली** बार सेना उम्मीदवारों की जाति पूछ रही है। मोदीजी, आप अग्निवीर बनाना चाहते हैं या जातिवीर?

- **संजय सिंह**
राज्यसभा सांसद



**सेना** में भर्ती जाति व धर्म के आधार पर नहीं होती है। विपक्ष जानबूझ कर भ्रम फैला कर सेना को बदनाम कर रहा है।

- **संबित पात्रा**
भाजपा प्रवक्ता



**श्रीलंका** से हमें राजकोषीय व्यावहारिकता, जिम्मेदार प्रशासन तथा खैरात संस्कृति से बचने के महत्वपूर्ण सबक मिले हैं।

- **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री

### हमीरपुर में हिन्दुस्तान यूनीलीवर की नवनिर्मित इकाई का वर्चुअल लोकार्पण

# निवेश से बुन्देलखण्ड के विकास को लगेंगे पंख

● 700 करोड़ का निवेश बुन्देलखण्ड में लाखों प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित करेगा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यूपी खासकर बुन्देलखण्ड में हो रहे निवेश से इस क्षेत्र के विकास को पंख लगेंगे और लोगों के सामने बडे पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। सीएम योगी गुरूवार को यहां लोक भवन से में हमीरपुर के सुमेरपुर में हिन्दुस्तान यूनीलीवर की नवनिर्मित इकाई का वर्चुअल लोकार्पण करने के बाद सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूनीलीवर जैसी वैश्विक कम्पनी ने राज्य को अपनी अल्ट्रा मॉडर्न फैक्ट्री स्थापित करने के लिए चुना है। यहां महिलाओं और दिव्यांग व्यक्तियों को प्राथमिकता के साथ सेवायोजित किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह के निवेश से बुन्देलखण्ड क्षेत्र के समग्र विकास में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश का केवल औद्योगिक महत्व ही नहीं होता। यह अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करता है। साथ ही रोजगार सृजन और सामुदायिक विकास का सहज माध्यम भी बनता है। सुमेरपुर जैसे पिछड़े कहे जाने वाले क्षेत्र में यह संयंत्र प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर लाखों लोगों के रोजगार का माध्यम बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा की बुन्देलखण्ड में ऊर्जावान प्रतिभाएं हैं, पर्यटन की अपार संभावनाएं भी हैं। कभी सूखे की मार और पेयजल के लिए तरस रहे बुन्देलखण्ड में आज बड़ा बदलाव आया है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में यह क्षेत्र आज विकास की एक नई ऊंचाई की ओर बढ़ रहा है। यहां दशकों से लंबित सिंचाई परियोजनाएं पूरी हुई हैं, तो आजादी के अमृत वर्ष में हर घर नल का सपना भी पूरा होने जा रहा है। आज बुंदेलखंड में डिफेंस कॉरिडोर के माध्यम से औद्योगिक विकास की नई राह बनी है। विगत 16 जुलाई को प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे यहां के विकास को रफ्तार देने वाला होगा। राज्य सरकार इसके किनारे औद्योगिक क्लस्टर बना रही है। सुमेरपुर का यह प्लांट उसी कड़ी में एक कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस बुन्देलखण्ड से कभी निवेशक भागते थे, युवा पलायन करते थे, वह आज धरती का स्वर्ग बन रहा है। उन्होने नवलोकार्पित फैक्ट्री में मिशन शक्ति के तहत यहां की बेटियों को अधिकाधिक मौका दिए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए यूनीलीवर समूह को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने फैक्ट्री स्थल से संयंत्र का परिचय करा रही बेटी के हौसलों की सराहना करते हुए कहा कि आज इन्हें मौका मिला तो यह खुद को साबित कर रही हैं। सरकार हर बेटी को उन्नति के अवसर दिलाएगी। मुख्यमंत्री ने यूनीलीवर इंडिया के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यूनीलीवर घरेलू उपयोग की वस्तु बनाने वाली वैश्विक कंपनी है।

## इंडिया इनोवेशन इंडेक्स-2021 में 7वें स्थान पर पहुंचा यूपी

### कारोबारी माहौल में उप्र को मिले सबसे अधिक अंक

● नॉलेज-आउटपुट पिलर के तहत शीर्ष के पांच राज्यों में है यूपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**इंडिया** इनोवेशन इंडेक्स-2021 भारत नवाचार सूचकांक 2021 में उत्तर प्रदेश ने अपने प्रदर्शन में दो स्थानों का महत्वपूर्ण सुधार करते हुए वर्ष 2020 में नौवें स्थान की तुलना में वर्ष 2021 में सातवां रैंक प्राप्त किया है। ज्ञात हो कि नीति आयोग द्वारा इंडिया इनोवेशन इंडेक्स 2021 की रिपोर्ट जारी की गई। व्यापारिक वातारण में उत्तर प्रदेश द्वारा देश में उच्चतम स्कोर 40.80 प्राप्त किया गया। यह समग्र कारोबारी माहौल में सुधार, उच्च क्लस्टर सघनता तथा राज्य के सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में मैन्युफैक्चरिंग एवं सेवा क्षेत्र के महत्वपूर्ण अंश के कारण संभव हुआ है। नॉलेज आउटपुट स्तंभ के तहत प्रदेश को शीर्ष के पांच राज्यों में है। यह उच्च स्कोर स्टार्ट-अप और नए व्यवसायों में वृद्धि का परिणाम है। इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने कहा कि नवाचार जनित उद्यमशीलता मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रमों की सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, हम एक नवाचार-अनुकूल वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि स्टार्ट-अप्स मैन्युफैक्चरिंग एवं सेवा सेक्टर और प्रोत्साहन मिल सके। सूचना व संचार प्रौद्योगिकी से संबंधित निर्यात एवं उच्च तकनीक की वस्तुओं के निर्यात के उच्च परिमाण के कारण इंडिया इनोवेशन इंडेक्स में 6.18 के स्कोर के साथ उत्तर प्रदेश ने ज्ञान-प्रसार में राष्ट्रीय औसत 5.81 से अधिक स्कोर किया है।

## भव्य रूप से मनाएं आजादी का अमृत महोत्सव का जश्नः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस वर्ष स्वाधीनता दिवस का विशिष्ट महत्व है, क्योंकि देश अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरा करेगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इसी क्रम में 11 से 17 अगस्त तक सम्पन्न होने जा रहे स्वतंत्रता सप्ताह में 13 से 15 अगस्त के मध्य हर घर तिरंगा कार्यक्रम भी संचालित किया जाएगा। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर राजधानी लखनऊ में भव्य कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के 75 समूहों को आमंत्रित किया जाए। प्रत्येक समूह के 75.75 सदस्य अपनी पारम्परिक वेश-भूषा में समारोह में प्रतिभाग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना के अनुरूप स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। उन्होंने इस अवसर पर 75 सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी कराए जाने के निर्देश दिए हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट करते फिल्म अभिनेता संजय दत्त

## सीएस से संयुक्त उद्यम के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

### प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने पर हुई चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से बीआईडीजेवी एक ब्रह्म कॉर्पोरेट समूह और आईसीएसटी संयुक्त उद्यम के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश सरकार निवेश को आकर्षित करने तथा उद्योगों की स्थापना के लिये अनुकूल वातावरण उपलब्ध करा रही है। प्रदेश में पूंजी निवेश एवं उद्योग स्थापना की असीम संभावनायें हैं। ओडीओपी के माध्यम से प्रदेश में बेरोजगारी दर को कम करने और एक्सपोर्ट को बढ़ाने में बड़ी मदद मिली है। राज्य सरकार आईटी एवं मैन्युफैक्चरिंग इण्डस्ट्री को प्रोत्साहित कर रही है।

उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के क्षेत्र में प्रदेश सरकार ने युवाओं के लिए शानदार अवसर उपलब्ध कराए हैं। इसके साथ.साथ राज्य में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट के कई बड़े प्रोजेक्ट चल रहे हैं। प्रदेश सर्वाधिक 5 एक्सप्रेस-वे और 9 एयरपोर्ट वाला राज्य है। शीघ्र ही 5 और एयरपोर्ट शुरू होने जा रहे हैं। आने वाले समय में प्रदेश 5 इन्टरनेशनल एयरपोर्ट वाला राज्य भी बनने जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश की वर्तमान अर्थव्यवस्था को 250 बिलियन डॉलर से 1 ट्रिलियन डॉलर तक सर्वोत्तम नवाचारों के साथ आगे ले जाने पर सार्थक विचार.विमर्श किया गया। ब्रह्म कॉरपोरेट ग्रुप के संस्थापक भावुक त्रिपाठी ने प्रदेश को हर संभव तकनीकी और विकासात्मक समर्थन देने तथा परिवर्तनकारी परियोजनाओं में 8000 करोड़ रुपये का निवेश करने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट में भागीदारी व सहयोग के लिये अमेरिकी जॉर्जिया, इंडियाना एवं व्योमिंग और स्पेन व मैक्सिको देशों से उच्चतम स्तर पर नेटवर्किंग के अवसरों को भी उपलब्ध करायेंगे। प्रस्तुतिकरण के माध्यम से उन्होंने बताया कि किसानों की आय को संभावित रूप से दोगुना करने के मामले में कृषि क्षेत्र को मजबूत करनाए हर बच्चे को शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराना, संपूर्ण स्वास्थ्य सेवा परिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना, टीबी मुक्त भारत बनाने की योजना है। इसके अतिरिक्त अवैध निर्माण और अतिक्रमण पर ध्यान देने के लिए भूमि प्रशासन विभागों के लिये पारदर्शी, सुरक्षित और आसान तकनीक, साइबर सुरक्षा उपायों के साथ विभिन्न विभागों में डिजिटल एकीकरण तथा कई अन्य प्रतिमान बदलने वाली परियोजनाएं उपलब्ध हैं जिन्हें प्रदेश के साथ साझा करना चाहती है।



### परियोजनाओं में आ रही बाधाओं को दूर कर तेजी से काम किया जाए

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में रेलवे, हाईवेज, ऊर्जा, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से सम्बन्धित मामलों के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में रेलवे, हाईवेज, ऊर्जा, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से सम्बन्धित 20 प्रकरणों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया जो इस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर, मथुरा-झांसी थर्ड रेलवे लाइन, बरेली-सीतापुर एनएच-24 के अवशेष कार्य, अलीगढ़-कानपुर एनएच-91 का फोर लेनिंग, हरदोई बाईपास के सुधार, नेवली उत्तर प्रदेश पावर प्रोजेक्ट व दिल्ली-मुम्बई इंडस्ट्रियल कॉरीडोर से सम्बन्धित थे। मुख्य सचिव ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि इन परियोजनाओं में आ रही बाधाओं को विभागीय समन्वय से दूर कर कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाए ताकि इनका लाभ जनता को जल्द से जल्द मिल सके।

## बंद सरकारी मिलों की भूमि पर लगेंगे औद्योगिक प्लांट

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों के चलते प्रदेश में लग रहे नए उद्योगों को भूमि की समस्या न हो, इसके लिए दशकों से बंद पड़ी सरकारी टेक्सटाइल मिलों की भूमि का उपयोग किया जाएगा। औद्योगिक और अवस्थापना विभाग अगले दो सालों में मिलों की देनदारी चुकाकर भूमि का व्यवसायिक कार्यों में उपयोग करेगा। सरकार के इस कदम से उद्यमियों और कारोबारियों को आसानी से भूमि मिलेगी और मिलों की भूमि को अवैध कब्जे और गतिविधियों से बचाया जा सकेगा। सीएम योगी ने हाल ही में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट की बैठक में कहा था कि औद्योगिक इकाइयों के लिए भूमि प्राथमिक आवश्यकता है। प्रदेश में करीब एक लाख हेक्टेयर भूमि का लैंड बैंक है। प्रयास यह रहे कि समिट से पहले हम लैंड बैंक को और विस्तार दें। इसके लिए राजस्व विभाग की एक टीम गठित करे, जो निवेश के लिए उपयुक्त लैंड का चिह्नांकन करे। जिससे जो निवेशक यहां आएं, उन्हें भूमि की समस्या न हो। सरकार की ओर से नए उद्योगों की स्थापना को लेकर लैंड बैंक बनाया गया है और एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक गलियारे भी बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा प्रदेश में दशकों से बंद पड़ी सरकारी मिलों की भूमि के उपयोग की भी कार्य योजना बनाई गई है। जौनपुर में यार्न मिल की 50 एकड़ भूमि हाल ही में मेडिकल कॉलेज को दी गई है। प्रदेश में राज्य वस्त्र निगम लिमिटेड की 22.89 एकड़,उत्तर प्रदेश राज्य स्पिनिंग मिल लिमिटेड की 322.35 एकड़, उत्तर प्रदेश राज्य यार्न लिमिटेड की 212.79 एकड़, उत्तर प्रदेश सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड की 705.27 एकड़ कुल 1461 एकड़ भूमि है। यह भूमि मेरठ, हरदोई, झांसी, प्रयागराज, बांदा, बलिया, मऊ, रायबरेली, बाराबंकी, अमरोहा, बरेली, गाजीपुर, फतेहपुर, फर्रुखाबाद, सीतापुर, बिजनौर, संतकबीरनगर और बुलंदशहर जिले में है। इन मिलों पर देनदारी भी है, जिसके भुगतान की व्यवस्था अवस्थापना और औद्योगिक विकास विभाग कर रहा है।

## मायावती ने दी मुर्मू को बधाई



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने द्रौपदी मुर्मू को देश की राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई दी है। मायावती ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि शोषित व अति-पिछड़े आदिवासी समाज की महिला द्रौपदी मुर्मू को देश के राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में भारी मतों से आज निर्वाचित होने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं ढेरों शुभकामनाएं। वे एक कुशल व सफल राष्ट्रपति साबित होंगी, ऐसी देश को उम्मीद। मायावती ने आगे कहा कि देश में एसटी वर्ग की पहली महिला राष्ट्रपति उम्मीदवार होने के नाते बीएसपी ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उनको अपना समर्थन व वोट दिया। अब सरकार संविधान की सही मंशा के हिसाब से उनके उत्तरदायित्वों को निभाने में उन्हें सहयोग करे ताकि जन अपेक्षा पूरी हो व देश का मान-सम्मान भरपूर बढ़े।

## क्रय एजेंसी के रूप में भी काम करें मंडी परिषद, एफपीओ का लें सहयोग

### जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा पर बनेंगी आधुनिक मंडियां

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद द्वारा किसानों के हित को ध्यान रखते हुए किये जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की सुविधा के दृष्टिगत राज्य सरकार द्वारा बड़ी संख्या में ग्रामीण हाट पैठ और आधुनिक किसान मंडियों का निर्माण कराया गया है। क्षेत्रीय जरूरतों के अनुसार नए हाट पैठ और किसान मंडियों का निर्माण कराया जाना चाहिए। अंतर्राज्यीय, अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर नई मंडियों के लिए बहुत संभावनाएं हैं। हमें इनका लाभ लेना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नए हाट पैठ और आधुनिक मंडियों की स्थापना के संबंध में निर्णय से पहले भूमि की उपलब्धता जरूर सुनिश्चित कराएं। जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव लेंए जहां जनप्रतिनिधि भूमि उपलब्ध कराएं वहां प्राथमिकता के साथ हाट पैठ और आधुनिक किसान मंडी स्थापित करायी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मण्डल मुख्यालयों पर टेस्टिंग लैब स्थापित करायी जाए। यहां बीज और जैविक प्रोडक्ट के सर्टिफिकेशन की कार्यवाही हो सकेगी। कृषि विवि की प्रयोगशालाओं को और साधन संपन्न व उन्नत किया जाए। कृषि विज्ञान केंद्रों पर भी टेस्टिंग लैब स्थापित करने के प्रयास हों। सरकार प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए नियोजित प्रयास कर रही है। इस प्रकार हम अपने प्रदेश को जैविक प्रदेश के रूप में विकसित करने में सफल हो सकेंगे। यह जरूरी है कि मंडी समिति, मंडी परिषद क्रय एजेंसी के रूप में भी कार्य करे। इस कार्य में जरूरी मानव संसाधन की पूर्ति के लिए एफपीओ को जोड़ा जाना चाहिए। मंडियों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो। यहां बैठने के लिए अच्छी सुविधा हो। भोजनालय, कैंटीन को और व्यवस्थित किये जाने की आवश्यकता हो। भोजन का मेन्यू भले ही छोटा हो लेकिन भोजन स्वादिष्ट और गुणवत्तापूर्ण हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रदेश में ई-मंडी का क्रियान्वयन सभी मंडियों में किया गया है। इसके तहत व्यापारियों से कतिपय शुल्क प्राप्ति के सम्बन्ध में ई-मंडी के अंतर्गत ई-पॉस के माध्यम से रसीद जारी की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न जनपदों में कृषि उत्पादन मंडी परिषद की भूमि, भवन निष्प्रयोज्य हैं। इस भूमि, भवन के व्यवस्थित इस्तेमाल के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए। इस प्रकार परिषद अपनी आय का एक नवीन विकल्प भी सृजित कर सकता है। उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मंडी परिषद में समूह घ से ग में पदोन्नति के लिए शासन में प्रचलित नियमावली को लागू किया जाए। मंडी समितियों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए आशुलिपिक संवर्ग की पदोन्नति की संरचना में सुधार किया जाना आवश्यक है। इस दिशा में उचित कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रचलित नियमों के अनुसार मंडी परिषद में पंजीकृत ठेकेदार द्वारा ही निविदाओं में प्रतिभाग करने की व्यवस्था है।

## अधिकारी सक्रियता से करें राजस्व संग्रहः रविंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के स्टांप पंजीयन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जायसवाल ने कर संग्रह संबंधित सभी विभागीय कार्यालयों को निर्देश दिए हैं कि कर व करेत्तर राजस्व संग्रह के कार्य को अधिक सक्रियता से करें। रविंद्र जायसवाल ने निर्देश दिये हैं कि सम्बन्धित अधिकारी राजस्व संग्रह के कार्य को और अधिक सक्रियता से करें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि राजस्व संग्रह के कार्य को प्राथमिकता के रूप में करना सुनिश्चित करें। महानिरीक्षक निबंधन कंचन वर्मा की ओर से जून 2022 तक के राजस्व संग्रह के आंकड़े जारी कर दिए गए हैं। आंकड़ों के अनुसार स्टांप तथा पंजीयन विभाग ने वर्ष 2022-23 के जून माह में 2618.80 करोड़ रुपए के लक्ष्य के सापेक्ष 2144.07 करोड़ रुपए का संग्रह किया। जोकि लक्ष्य के सापेक्ष 81.87 प्रतिशत रहा। जून 2022-23 की अवधि तक के लिए निर्धारित किए गए वार्षिक लक्ष्य 7330.90 करोड़ रुपयों के सापेक्ष 6076.82 करोड़ रुपयों के राजस्व का संग्रह किया। यह प्राप्ति निर्धारित लक्ष्य के 82.9 प्रतिशत रही। इससे पूर्व इसी वर्ष अप्रैल में 2158.60 करोड़ रुपए के सापेक्ष 1911.23 करोड़ रुपए का संग्रह किया। जोकि लक्ष्य के सापेक्ष 88.5 प्रतिशत रहा। जबकि मई में 2553.50 करोड़ रुपए के लक्ष्य के सापेक्ष 2021.52 करोड़ रुपयों का संग्रह किया गया। जोकि लक्ष्य के सापेक्ष 79.2 प्रतिशत रहा। वित्तीय वर्ष 2022-23 के संपूर्ण वर्ष के लिए निर्धारित राजस्व संग्रह लक्ष्य के सापेक्ष जून 2022 तक 20.5 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति कर ली गई है।

## योगी सरकार को बदनाम करने की हो रही है साजिशः नितिन अग्रवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** में अधिकारियों और मंत्रियों के बीच छिड़ी रार के बीच आबकारी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने कहा है कि वह किसी तरह से असंतुष्ट नहीं हैं। नितिन अग्रवाल ने कहा कि इन दिनों योगी आदित्यनाथ सरकार को बदनाम करने की साजिश हो रही है। उन्होंने कहा कि जो लोग नाराज हैं वह उनकी व्यक्तिगत नाराजगी हो सकती है। प्रदेश सरकार में मंत्री विभाग का हेड होता है और यहां पर अधिकारी सरकार की नीतियों को लागू कराने के लिए होते हैं।

उन्होंने कहा कि उनके और अपर मुख्य सचिव के बीच किसी तरह का कोई मतभेद नहीं है। अधिकारी नीतियों को पहुंचाने का काम कर रहे हैं। आबकारी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ने बृहस्पतिवार को विधानभवन स्थित कक्ष में प्रेस कांफ्रेंस करके कहा कि सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में कार्य कर रही है। उन्हें जो लक्ष्य दिया गया है उसे पूरा कर रहे हैं। सरकार विकास कार्यों का रिकार्ड बना रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की गाइड लाइन मुख्यमंत्री तय करते हैं। उसे जमीन पर उतारना मंत्रियों और अधिकारियों की जिम्मेदारी है। सभी मिलकर कार्य कर रहे हैं। अधिकारियों के न सुनने के सवाल पर उन्होंने कहा कि कौन कहता है? यह सब प्रचारित किया जा रहा है। जिसका वास्तविकता से कोई लेना देना नहीं है। राज्यमंत्री दिनेश खटिक के सवाल पर नितिन अग्रवाल ने कहा कि उनकी जो पीड़ा है वह कह रहे हैं। इस पर उन्हें कुछ नहीं कहना। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विभागीय फाइलों को मंत्री पढ़ें और उस पर ही उन्हें निर्णय लेना चाहिए|

### अमृत महोत्सव पर निर्माण श्रमिकों को बड़ी सौगात

# पचपन लाख निर्माण श्रमिकों के बनेंगे गोल्डेन कार्ड

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**आजादी** के अमृत महोत्सव वर्ष में योगी सरकार प्रदेश के करीब 55 लाख निर्माण श्रमिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा की बड़ी सौगात देने जा रही है। श्रम विभाग में पंजीकृत इन श्रमिकों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा से कवर किया जाएगा। इसके लिये उनके गोल्डेन कार्ड बनाए जाएंगे।

गोल्डेन कार्ड बनाने का विशेष अभियान 25 जुलाई से शुरू होने जा रहा है जो स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या अर्थात 14 अगस्त तक चलेगा। कार्ड वितरण का काम 11 अगस्त से शुरू होगा। प्रदेश सरकार ने भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभ से आच्छादित करने का निर्णय किया है। योजना का लाभ लेने के लिए श्रमिक के पास गोल्डेन कार्ड होना चाहिए। जिन श्रमिकों के पास गोल्डेन कार्ड नहीं हैं उन्हें निशुल्क इलाज के लिए महत्वपूर्ण इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। योगी सरकार इस समस्या को दूर करने के लिए पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के गोल्डेन कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने जा रही है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के सचिव ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों व श्रम विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों के जीवन मे स्वास्थ्य सुरक्षा के जरिये गुणात्मक सुधार लाने के लिए प्रदेश में 54 लाख 91 हजार 44 श्रमिकों के गोल्डेन कार्ड बनाने का लक्ष्य तय किया गया। श्रमिक परिवार के रूप में यह संख्या 38 लाख 30 हजार 632 होगी। पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के गोल्डेन कार्ड बनने में किसी तरह की असुविधा या भागदौड़ न होए इसके लिए ये कार्ड सभी जन सेवा केंद्रों पर बनाए जाएंगे। इसमें आरोग्य मित्र भी अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। इसके साथ ही सीएससी के रूप में अपग्रेड किए गए राशन कोटेदार भी गोल्डेन कार्ड बना सकेंगे।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 22 जुलाई, 2022



### डीएम ने कई लापरवाह अफसरों को फटकारा, कहा गलतफहमी में न रहें अधिकारी

# समीक्षा बैठक में दिखा सख्त रवैया



**● संतोषजनक जवाब न देने पर सीएण्डडीएस के अधिशासी अभियंता को फटकार**

**●गत समीक्षा बैठक की अनुपालन आख्या पेश न करने वाले अफसरों की लगाई क्लास**

संवाददाता। सीतापुर

**जिलाधिकारी अनुज** सिंह का विकास कार्यो की समीक्षा के दौरान उस वक्त पारा चढ़ गया जब उनके सवालों का सी एण्ड डीएस-53 के अधिशासी अभियन्ता आरके गुप्ता संतोष जनक जवाब नहीं दे सके। अधिशासी अभियन्ता के जवाब से असंतुष्ट डीएम ने उन्हें कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यशैली में सुधार लाने की हिदायत दी। डीएम ने 24 जून को सम्पन्न हुई समीक्षा बैठक की अनुपालन आख्या प्रस्तुत न करने वाले अफसरों को भी जमकर फटकारा। उन्होंने कहा कि समस्त अवशेष अवमुक्त धनराशि व समस्त परियोजनाओं का अनुपालन समय से होना चाहिये जो जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। महमूदाबाद के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पोखराकलां के निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्हें बताया गया कि विद्युत कनेक्शन, पम्प हाउस का कार्य अभी लम्बित है, डीएम ने कार्यो की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए इसे तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिये। राजकीय महिला महाविद्यालय मिश्रिख के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुये संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये 15 दिन के भीतर महाविद्यालय के निर्माण कार्य को पूरा करते हुये हैण्डओवर किया जाये। 24 जून को सम्पन्न हुयी समीक्षा बैठक के अनुपालन आख्या संबंधित अधिकारियों द्वारा न प्रस्तुत करने पर कड़ी फटकार लगाते हुये निर्देश दिये कि समस्त अवशेष अवमुक्त धनराशि व समस्त परियोजनाओं का अनुपालन समय से होना चाहिये जो जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जायेंगी। डीएम ने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपनी कार्यशैली में सुधार लायें, सभी को बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय से बाहर न जाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा अधिकारी किसी गलतफहमी में न रहें एवं अपने दायित्वों से विमुख रहते हुये उन्हें भ्रमित न करें। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने नैमिष कारिडोर के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुये गुणवत्तापूर्ण कार्य कराये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। उन्होंने प्राविधिक शिक्षा विभाग में पॉलिटेक्निक, महमूदाबाद में हास्टल के निर्माण, आवासीय भवनों के निर्माण, पर्यटन विभाग के नैमिषारण्य-मिश्रिख में चक्रतीर्थ के प्रमुख प्रवेश द्वार एवं अन्य प्रवेश द्वार को कारीडोर रूप में विकसित करने के कार्य की भी समीक्षा की एवं निर्देश दिये कि विभिन्न कार्यदायी संस्थाएं आपसी समन्वय स्थापित करते हुये चक्रतीर्थ के सौन्दर्यीकरण का गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य करें। बैठक में सीडीओ अक्षत वर्मा, सीएमओ डॉ. मधु गैरोला, डीएफ्ओ बृजमोहन शुक्ला, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विशाल पोरवाल, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## ताजिए दफ्न की जमीन को लेकर लेखपाल पर लगाए आरोप

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर की** ग्राम पंचायत गद्दीपुर चिताहरी में ताजिए दफ्न करने के लिए चिन्हित भूमि जो ग्राम समाज की थी को लेकर लेखपाल द्वारा पैमाइश किए जाने पर उसे सरकारी अभिलेखों में श्मशान दर्ज कर दिया गया है, जबकि गांव में पहले से ही श्मशान की भूमि है, जिसमें हिन्दू समाज के लोग दाह संस्कार भी करते है। इसको लेकर एक शिकायती पत्र जिला पंचायत सदस्य हाजी मोहम्मद रिजवान ने एसडीएम सदर को सौंपा है। जिसमें मांग की है कि जिस पर वर्षो से ताजिया दफ्न होते है उसी पर इस बार भी ताजिया दफ्न किया जाने दें, जांच कर ली जाए यदि श्मशान है तो ताजिया दफ्न के लिए अतिरिक्त ग्रामसमाज की जमीन आवंटित की जाए।

## क्विक न्यूज

### चेयरमैन राधेश्याम जायसवाल के अधिकार बहाल

**सीतापुर।** इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा राधेश्याम जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सीतापुर के सभी वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रशासनिक अधिकार बहाल किए गए है। बीते कुछ दिन पूर्व शासन द्वारा नगर पालिका परिषद सीतापुर के अध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल के सभी वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सीज कर उनके स्थान पर सिटी मजिस्ट्रेट सीतापुर को प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त किया गया था, जिसके विरूद्ध राधेश्याम जायसवाल ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की शरण ली थी, जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट द्वारा कल निर्णय सुरक्षित कर लिया गया था, उसी क्रम में गुरूवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच द्वारा श्री राधेश्याम जायसवाल के नगर पालिका परिषद सीतापुर के अध्यक्ष पद के सभी वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारियों को बहाल कर उन को बड़ी राहत पहुंचाई। उक्त खबर मिलते ही राधेश्याम जायसवाल के सभी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दंपत्ति घायल

**बरेली।** रिश्तेदार के घर जा रहे दंपत्ति रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।बारादरी थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला गुसाई गोटिया निवासी रिंकू और उसकी पत्नी रिंकी को आज दोपहर घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया जहां रिंकू ने बताया कि शाही थाने के गांव दुनका निवासी एक रिश्तेदार की कुछ दिन पहले मौत हो गई थी तब वह रिश्तेदार के दसवां संस्कार में शामिल होने के लिए आज पत्नी और 1 बच्चे के साथ मोटरसाइकिल से दुनका जाने के लिए घर से निकला था लेकिन रास्ते में जब उसकी बाइक फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में राधा कृष्ण मंदिर के सामने पहुंची तभी तेजी से आ रही एक मैक्स गाड़ी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक समेत जमीन पर गिर पड़ा उसकी पत्नी और वह घायल हो गए बच्चा बाल-बाल बच गया दुर्घटना के बाद बेकाबू मैक्स गाड़ी ने सड़क पार कर रहे एक अन्य युवक फतेहगंज पश्चिमी के गांव वसंत विहार निवासी बृजेश पुत्र गंगाराम को भी टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया दुर्घटना के समय बसंत बिहार निवासी बृजेश राधा कृष्ण मंदिर से पूजा करने के बाद अपने घर लौट रहा था उसको भी पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा

### जहरीला पदार्थ खाने से बच्चे की मौत

**बरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से बच्चे की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शाहजहांपुर के खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव उत्तम पुर निवासी 12 वर्षीय श्यामाचरण पुत्र मिडई लाल की बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि श्यामाचरण कक्षा छह का छात्र था और 2 दिन पहले वह गांव के बच्चों के साथ खेलने के लिए घर से बाहर निकला था लेकिन कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो उसकी हालत बिगड़ चुकी थी वो उसे पहले इलाज के लिए स्थानीय डॉक्टर के पास ले गए और फिर हालत नाजुक देख कर इलाज के लिए बरेली लाए जहां उन्हें पता चला कि श्यामाचरण उसकी हालत जहरीला पदार्थ खाने से बिगड़ी है बीती रात उसकी मौत के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

### नवागत वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) ने किया पदभार ग्रहण

**बरेली।** श्री अरुण कुमार ने पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल पर वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) का पदभार ग्रहण कर लिया है। यह पद तत्कालीन वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) श्री राजीव अग्रवाल के मंडल में ही अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) के पद पर पदोन्नति होने के कारण रिक्त हुआ था। इसके पूर्व आप लखनऊ मंडल में उप मुख्य इंजीनियिर (निर्माण), लखनऊ के पद पर कार्यरत थे।16 फरवरी, 1984 को जन्मे श्री अरुण कुमार अंबेडकर नगर के मूल निवासी है। कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान, सुल्तानपुर से वर्ष 2005 में सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त करने के पश्चात आपने वर्ष 2007 में भारतीय रेलवे इंजीनियरिंग सेवा के माध्यम से रेल सेवा में पदार्पण किया। इन्होंने मंधना-ब्रहमावर्त आमान परिवर्तन परियोजना, विस्वा-सीतापुर जंक्शन दोहरीकरण परियोजना तथा गोमतीनगर टर्मिनल स्टेशन के रूप में विकसित करने का कार्य सफलतापूर्वक करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। वह सहायक मंडल इंजीनियर, गोंडा, मंडल इंजीनियर (निर्माण) पूर्व रेलवे, सियालदह एवं वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (प्रथम), इज्जतनगर का कार्यभार बखूबी निभा चुके हैं। इन्हे किताबें पढ़ने एवं टहलने में अभिरुचि है। वह रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच लोकप्रिय हैं।

## तंबौर में क्रिकेट प्रतियोगिता

संवाददाता। तंबौर सीतापुर

**तंबौर कस्बे** के अम्बेडकर नगर में नेशनल पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में चल रहे नाक आउट क्रिकेट प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हो गया। फाइनल मैच में नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक अनंत मिश्रा, चेयरमैन प्रतिनिधि झब्बन बेग, नेशनल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अरकम बेग, जावेद खान, मुन्ना गौरी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने सबसे पहले दोनों टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें खेल भावना के साथ क्रिकेट खेलने की बात कहीं। टूर्नामेंट का फाइनल मैच लोहिया इण्टर कॉलेज और लहरपुर के बीच खेला गया। जिसमें लहरपुर की टीम विजयी रही। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एलआईसी ने 12 ओवर में 104 रन बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लहरपुर की टीम ने मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया। अतिथियों ने विजेता टीम को 71 सौ रुपये और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को 51 सौ रुपये पुरस्कार और मोमेन्टो मैडल देकर सम्मानित किया। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच अजहर रहे वही मैन ऑफ द सीरीज सुहैल अख्तर, बेस्ट बैट्समैन राज खान, बेस्ट बॉलर तोशिफ उर्फ लारा, रहे। लहरपुर के खिलाड़ी अजहर ने दर्शकों और अतिथियों की खूब वाहवाही लुटी। ईओ आसुतोष त्रिपाठी ने कहा कि क्रिकेट विश्व भर में एक प्रसिद्ध खेल है। ग्रामीण क्षेत्र के युवा खेल में अपना बेहतर प्रदर्शन करते हैं। टूर्नामेंट का नेशनल पब्लिक स्कूल ने किया था। इसमें 12 टीमों ने भाग लिया था। इसे सफल बनाने में सैय्यद मो0 रेहान, तारीख बेग, दिलशाद खान, फैज़ान खान, शादाब बेग, एहतिशाम बेग, वहीद खान, हाजी साबित, गणेश, राजी बेग, फरीद गौरी, मुन्ना बेग, वहाब खान का बड़ा योगदान रहा।

## कमलापुर कस्बे में फिर गरजा बुलडोजर

**कमलापुर।** थाना क्षेत्र के गंज में हाइवे किनारे बने मकान को गुरूवार को हाईकोर्ट के आदेश पर गिराया जा रहा है कस्बे के अल्पना शुक्ला पत्नी विनोद शुक्ला ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि हाइवे पर जितनी जमीन अधिग्रहण करनी चाहिए थी उतनी जमीन अधिग्रहित नहीं की गई है जिस पर कोर्ट ने प्रशासन से उक्त जमीन खाली कराकर अधिग्रहित करने का आदेश दिसंबर में दिया था पर प्रशासन और एन एच आई ने उसका पालन नहीं किया तब वादी पुनः कोर्ट की शरण तब कोर्ट आफकनंटम के तहत आज रामप्रसाद शुक्ला के मकान को बुल्डोजर से नायब तहसीलदार सुरभि गौतम और एन एच आई के एक्सीएन प्रमोद के नेतृत्व में गिराया गया। प्रमोद कुमार ने बताया उक्त कार्यवाही हाईकोर्ट के आदेश पर की जा रही है उन्होंने बताया कि कस्बे की रोड तथा नाले पर भी अतिक्रमण किया जा रहा है नाले के पीछे तीन मीटर तक जमीन खाली कर दें इसके अलावा उन्होंने कहा की कस्बे में चौबीस मीटर तथा कस्बे के बाहर छत्तीस मीटर जमीन एन एच आई की है जिन लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है उनको नोटिस दे दी गई है।

## संदना थानेदार के वायरल वीडियो का क्या है सच?

**● थाना प्रभारी द्वारा नाला बंद किए जाने का वीडियो वायरल**

**●कस्बे के करीब 400 घरों का उसी नाले से निकलता है गंदा पानी**

**●थाने में जलभराव की समस्या से नाले को बंद कराने की सामने आ रही बात**



संवाददाता। सीतापुर

**बरसात के** मौसम में जलभराव निकासी की समस्या वैसे ही बन जाती है इसके बावजूद सीतापुर के थाना संदना के पास से निकले नाले में मिट्टी डालकर उसे बंद करा दिया गया है, प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक थाना प्रभारी संदना ने नाले में मिट्टी डलवाकर इसे बंद करवाया है, इस मामले का एक वीडियों भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, वायरल वीडियों में नाले में मिट्टी डाले जाते समय संदना के थानेदार भी वहां खड़े नजर आ रहे है। वहीं नाला अवरूद्ध होने से कस्बावासियों पानी न निकलने की समस्या बन गई है। बेहड़ा तालाब से जुड़कर नाला समूचे कस्बे से होते हुए गड़िया तालाब से जुड़ा था जिसमे करीब 400 घरो का पानी नालियों से होकर निकलता है, इसके बंद होने से कस्बावासी परेशान है। इस मामले में एसएचओ का कहना है कि कहना नाले की लंबे समय से सफाई न होने की वजह से इसका गंदा पानी थाना परिसर में भर रहा है थाने के रसोई घर तक मे नाले का पानी भर गया है। उधर कस्बेवासियो का यह कहना है कि समय रहते यदि नाले को नही खोला गया तो हमारे प्रतिष्ठान व घर जलमग्न हो जाएंगे जिससे लाखो का नुकसान होने में देर नही लगेगी।

## संचारी रोगों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में नोडल बनाए गए ग्राम प्रधान

**● स्वास्थ्य विभाग के साथ काम कर रही गांव की सरकार**

संवाददाता। लखीमपुर.खीरी



**संचारी रोगों** के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान में इस बार ग्राम प्रधान भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। गांव के प्रधानों को इस अभियान का नोडल बनाया गया है। इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी ने जिले के सभी ग्राम प्रधानों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दे दिए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाण् अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि संचारी रोगों के खिलाफ 30 जुलाई तक अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताए आशा कार्यकर्ताओं के साथ ही ग्राम प्रधानों को भी लगाया गया है। ग्राम प्रधान इस अभियान में नोडल की भूमिका में हैं। उनको बड़ी जिम्मेदारियां दी गई हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान अपनी संबंधित ग्राम पंचायत में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए अभियान चला रहे हैं। वह अपनी ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था को चाक.चौबंद रखेंगे। लोगों को हाथ धोने आदि के बारे में जागरूक कर रहे हैं। साथ ही शौचालयों की साफ सफाईए घर से जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त कराने का भी कार्य करा रहे हैं। इसके साथ ही लोगों में संचारी रोगों से बचने के लिए जन जागरूकता फैलाने का भी काम किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी ने सभी ग्राम प्रधानों को पत्र भेजकर उन्हें अभियान का हिस्सा बनने को कहा है।

जिला मलेरिया अधिकारी शैलेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि संचारी रोग अभियान को सफल बनाने के लिए कई विभागों को लगाया गया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अलावा शिक्षा विभाग भी इस अभियान में अहम भूमिका निभा रहा है। शिक्षा विभाग को लोगों को जागरूक करने के लिए लगाया गया है। इसके अलावा सिंचाई विभागए वन विभागए पशुपालन विभागए दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभागए सिंचाई विभागए बाल एवं पुष्टाहार विभाग आदि को भी अभियान में शामिल किया गया है।

## आरटीई के तहत पब्लिक स्कूलों की मनमानी अब पड़ेगी भारी

**● जाएगी मान्यता और होगी कार्यवाही**

**● डीएम ने दी चेतावनी**

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**शिक्षा का** अधिकार आरटीई कानून के तहत कई पब्लिक स्कूलों की मनमानी सामने आ रही है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए प्रवेश में आनाकानीए हीलाहवाली करने वाले विद्यालयों पर सख्त कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए।

गुरुवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के जनता दर्शन में काशीराम कॉलोनी निवासी दिव्यांग शकील ने प्रार्थना पत्र के जरिए अवगत कराया कि उसकी पुत्री नसरा का चयन आरटीई एक्ट के तहत एक विद्यालय में हुआ। बीएसए के आदेश लेकर प्रवेश के लिए विद्यालय पहुंचा तो विद्यालय ने प्रवेश से साफ इनकार करने की बात कही।

फरियादी की दीनहीन दशाए प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए डीएम ने फौरन बीएसए लक्ष्मी कांत पांडेय को निर्देश दिए कि प्राप्त प्रार्थना पत्र पर त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित विद्यालय में प्रवेश कराकर उन्हें अवगत कराएं। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि आरटीई एक्ट के तहत चयनित सभी बच्चों का प्रवेश संबंधित विद्यालयों में कराकर उन्हें 03 दिन के अंदर अवगत कराएं। हीलाहवाली एवं आनाकानी करने वाले विद्यालयों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाए। डीएम ने कहा कि स्कूलों द्वारा दाखिले को लेकर हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं होगी। बहाने करके दाखिले से इनकार करने वाले स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खेलों से मानसिक विकास होता है: एसडीएम

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर

**खेलों से** हमारा शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेलों से शरीर में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। खेलों से जहां शरीर स्वस्थ्य व स्फूर्तिवान बनता है वहीं इससे सहज हार-जीत स्वीकार करने की भावना बढ़ती है। खेलों के माध्यम से आपसी सौहार्द भी बढ़ता है। खेलों से हमें संगठित होकर किसी काम को करने की प्रेरणा मिलती है। शतरंज एक ऐसा खेल है जिससे मस्तिष्क का विकास होता है। यह बात उपजिलाधिकारी मिथलेश त्रिपाठी ने विश्व शतरंज दिवस पर आयोजित शतरंज प्रतियोगिता के मौके पर सीता ग्रुप आफ एजूकेशन की श्यामदासपुर में संचालित इंगलिश मीडियम ब्रांच के विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कही। उन्होंने विद्यार्थियों से खेल भावना के अनुरूप पारस्परिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए काम करने का आवाह्न किया। विश्व शतरंज दिवस के अवसर पर शतरंज प्रतियोगिता का शुभारम्भ एसडीएम न्यायिक अभिनव कुमार यादव ने शतरंज खेल कर किया। शतरंज प्रतियोगिता में 55 विद्यार्थियों के समूह ने सेमीफाइनल राउंड में प्रतिभाग किया। जिसमें से डेढ़ दर्जन विद्यार्थियों को फाइनल राउंड के लिये चुना गया। विजेता टीमों के मध्य गुरुवार को फाइनल प्रतियोगिता होगी। इस अवसर पर सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी, डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष, वागीश दिनकर, उप प्रधानाचार्य आरजे वर्मा, आदर्श जायसवाल ने आये अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण व स्मृतिचिन्ह देकर किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता सरोज शुक्ल, कृतार्थ मिश्र, खेल शिक्षक रवि शुक्ल, शशांक शुक्ल सहित अन्य शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम का हुआ आयोजन

**लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन व निर्देश पर रामापुर स्थित श्रीपाल रामेश्वर दयाल इंटर कालेज में स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम आयोजित हुआ। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफवाराणसी की 11.डी टीम ने आपदा से होने वाली क्षति के न्यूनीकरण के उपायों का प्रस्तुतीकरण किया। एनडीआरएफ ने विद्यार्थियोंए अध्यापकोंए आपदा मित्रों को आपदाओं से संबंधित जानकारी देकर जागरूक करते हुए बचाव कार्यों की जानकारी दी। कमांडेंट मनोज शर्मा के कुशल दिशा निर्देशन में टीम कमांडर व अन्य सदस्यों ने अध्यापकोंए विद्यार्थियोंए आपदा मित्रों को किसी भी प्रकार के प्राकृतिक या मानव जनित आपदा से निपटनेए बाढ़ संबंधी बचाव कार्यए आगजनी की घटना व सर्पदंश से बचाव के विभिन्न तरीकों.उपायों से पीड़ित की जान बचानेए आपदा से होने वाली क्षति के न्यूनीकरण के उपायों को बखूबी डेमो दिया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में रेस्क्यूवर के साथ ही साथ कई छात्र.छात्राओं से उपायों को कराके सिखाया।

## पेज एक का शेष

### देश ने...

पर रोष फैल गया और विरोध प्रदर्शन हुए। करीब 200 प्रतिनिधिमंडलों ने तत्कालीन राज्यपाल मुर्मू से मुलाकात कर ये कानून पास नहीं करने की अपील की। आठ महीने बाद जून 2017 में मुर्मू ने सरकार के पास कानून वापस भेज दिए और पूछा कि पहले यह बताया जाए कि संशोधनों से आदिवासियों को कैसे लाभ होगा।

### मुख्यमंत्री के...

अनुरूप नहीं है। अब फिर ऐसे मामले में विवाद गहरा गया है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सिंगापुर में एक अगस्त को विश्व शहर सम्मेलन में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के भाग लेने के प्रस्ताव को खारिज करते हुए सलाह दी कि यह महापौरों का सम्मेलन है और एक मुख्यमंत्री का भाग लेना ठीक नहीं होगा। सूत्रों ने कहा कि सक्सेना ने केजरीवाल की यात्रा के प्रस्ताव को वापस लौटाते हुए कहा कि सम्मेलन में शहरी शासन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी, जिन पर दिल्ली सरकार के अलावा दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) जैसे विविध निकाय काम करते हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली सरकार के पास विशेष अधिकार नहीं है और एक मुख्यमंत्री के लिए इसमें शामिल होना अनुचित होगा। उपराज्यपाल ने कहा कि इस तरह के सम्मेलन में मुख्यमंत्री के शामिल होने से गलत नजीर बनेगी। एलजी द्वारा प्रस्ताव खारिज करने पर उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि उनकी सरकार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सिंगापुर यात्रा के लिए राजनीतिक अनुमति मांगने के वास्ते अब सीधे विदेश मंत्रालय का रुख करेगी।

### सोनिया गांधी...

भी अन्य प्रश्न का उत्तर देने के लिए तैयार हैं और यदि आवश्यक हो तो वह रात 8 या 9 बजे तक रह सकती हैं। कांग्रेस महासचिव रमेश ने बताया कि सोनिया ने यह भी कहा कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित थीं और उन्हें अपनी दवाएं लेने की जरूरत है, इसलिए उन्हें सूचित किया जाना चाहिए कि उन्हें अगली बार कब पेश होना है। रमेश के अनुसार ईडी ने कहा कि उसके पास बृहस्पतिवार या शुक्रवार को पूछने के लिए कुछ नहीं है, जिसके बाद सोनिया गांधी ने कहा कि वह सोमवार को पेश होने की इच्छुक हैं। सोनिया गांधी से कोविड-19 नियमों को ध्यान में रखते हुए पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान मौजूद सभी लोगों के पास कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं होने का प्रमाण पत्र था। सोनिया गांधी से भी उसी सहायक निदेशक-स्तर के जांच अधिकारी ने पूछताछ की, जिसने इस मामले में राहुल गांधी से पूछताछ की थी। यह जांच कांग्रेस से जुड़ी यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कथित वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित है। यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के पास नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र का मालिकाना हक है। पूछताछ टीम में महिला अधिकारी भी शामिल थी। संसद में भी कांग्रेस अध्यक्ष को तलब किए जाने के मामले की गूंज सुनाई दी।

### भड़की कांग्रेस...

पर पानी की बौछारें छोड़नी पड़ी। हरियाणा में प्रदेश कांग्रेस के पार्टी प्रमुख से ईडी की पूछताछ के खिलाफ प्रदर्शन के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अगर केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक हथियार के तौर पर किया जाएगा तो उनकी विश्वसनीयता खत्म हो जाएगी और इससे लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। पंजाब में प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की जिसके बाद पुलिस ने उन पर पानी की बौछारें छोड़ीं। जब पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोका तब वे राज भवन की ओर जा रहे थे। पुलिस ने राज्यपाल के निवास की ओर जाने की उन्हें इजाजत नहीं दी। पंजाब कांग्रेस के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। बाद में वडिंग समेत पार्टी के कई नेताओं को कुछ देर के लिए हिरासत में लिया गया।

### श्रीलंकाई राष्ट्रपति...

करेगी। विक्रमसिंघे के शपथ ग्रहण समारोह का सरकार द्वारा संचालित चैनल रूपवाहिनी द्वारा सीधा प्रसारण किया जाना था और अन्य टेलीविजन चैनलों द्वारा भी इसका एक साथ प्रसारण किया जाना था। खबर के अनुसार हालांकि राष्ट्रपति के रेड कार्पेट पर संसद परिसर में प्रवेश करने के बाद सीधा प्रसारण बंद हो गया। बाद में यह बताया गया कि संसद परिसर में बिजली गुल होने के कारण सीधा प्रसारण रोक दिया गया था। संसद परिसर में बिजली गुल होने की स्थिति में, जनरेटर आमतौर पर दो मिनट के भीतर स्वचालित रूप से चालू हो जाते हैं।

### उप्र में...

के दलित होने के कारण अधिकारियों द्वारा उपेक्षित किए जाने का आरोप लगाते हुए इस्तीफे की पेशकश की थी। उन्होंने इस मामले को लेकर बुधवार रात दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री के साथ खटीक की मुलाकात के दौरान जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी मौजूद थे। आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद खटीक ने संवाददाताओं से कहा कि जो मेरे विषय और मुद्दे थे वह मैंने मुख्यमंत्री के सामने रख दिए हैं और उस पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहाकि मुझे मुख्यमंत्री का आशीर्वाद प्राप्त है। मुख्यमंत्री (भ्रष्टाचार के खिलाफ) जीरो टॉलरेंस पर काम कर रहे हैं और करते रहेंगे... और आगे हम भी काम करते रहेंगे। क्या अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई होगी, इस सवाल पर खटीक ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया और कहाकि मैंने सारे विषय मुख्यमंत्री के सामने रख दिए हैं। इससे पहले, मेरठ में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में खटीक ने कहा था कि उनकी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ या सरकार के किसी भी मंत्री से नहीं, बल्कि मनमानी कर सरकार को बदनाम कर रहे कुछ अफसरों से नाराजगी है।

### मत्स्य विकास...

सपा और बसपा समर्थक हैं। बाहर से भाजपाई होने का दिखावा करते हैं। समय आने पर ऐसे अधिकारी अपना चरित्र दिखाते हैं। ऐसे अधिकारियों के कारण ही जनप्रतिनिधियों को परेशान होना पड़ता है।

### उपराष्ट्रपति चुनाव...

असहमत हैं। हमसे न तो कोई सलाह ली गई और न ही हमसे किसी बात पर चर्चा की गई। इसलिए हम विपक्ष के उम्मीदवार का समर्थन नहीं कर सकते। राष्ट्रपति चुनाव में टीएमसी, कांग्रेस और अन्य सभी विपक्षी दलों ने संयुक्त रूप से यशवंत सिन्हा को मैदान में उतारा था। टीएमसी का यह निर्णय वाम मोर्चा और कांग्रेस के कुछ दिनों पहले लिए फैसले के बाद आया है। टीएमसी के इस निर्णय पर कांग्रेस और वाम ने इसके समय, अवधि को सवाह खड़ा किए हैं। इस निर्णय को कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री और तत्कालीन बंगाल के राज्यपाल और एनडीए के बीच दार्जिलिंग राजभवन में हुई बैठक से जोड़ा है। माकपा के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने कहा कि टीएमसी का रुख बदले की भावना वाला है।

### ज्ञानवापी केस...

की अपील को लंबित रखा जाए। पीठ ने सुनवाई के दौरान अंजुमन इंतजामिया मस्जिद प्रबंधन समिति, वाराणसी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी से कहा कि वह आदेश-सात, नियम-11 के तहत मुकदमे की स्वीकार्यता के विषय पर दायर अर्जी का परिणाम आने तक मस्जिद समिति की अपील को लंबित रखेगी। न्यायालय ने कहा कि देखिए, सब कुछ वाराणसी के जिला न्यायाधीश के समक्ष सीपीसी के आदेश-सात, नियम-11 के तहत दायर अर्जी पर निर्भर करता है। यदि जिला न्यायाधीश आपत्तियों को सही ठहराता है तो कुछ शेष नहीं बचता, लेकिन यदि वह आपत्तियों को खारिज कर देता है तो संबंधित पक्ष कानून के तहत उपाय तलाश सकते हैं। कमीशन की रिपोर्ट का जहां तक संबंध है तो आप अदालत के समक्ष यह मुद्दा उठा सकते हैं कि इसे (रिपोर्ट को) साक्ष्य के रूप में नहीं पढ़ा जाना चाहिए। अहमदी ने स्वीकार किया कि कानून के तहत उपाय मौजूद है, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि कोर्ट-कमिश्नर की नियुक्ति को बरकरार रखने वाला उच्च न्यायालय का आदेश पारित नहीं किया जा सकता।

### हिंदू पक्ष...

करने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन कमेटी ने उच्चतम न्यायालय में अर्जी दाखिल करते हुए निचली अदालत के इस आदेश को वर्ष 1991 के उपासना स्थल अधिनियम के विरुद्ध बताते हुए सर्वे पर रोक लगाने का आग्रह किया था। हालांकि, न्यायालय ने सर्वे पर रोक लगाने से इंकार कर दिया था। लेकिन मामले की सुनवाई जिला अदालत में स्थानांतरित करने के आदेश दिए थे। ज्ञानवापी परिसर में सर्वे के दौरान हिन्दू पक्ष ने मस्जिद के वुजूखाने में कथित शिवलिंग मिलने का दावा किया था।

# हमारे विकास करने के बावजूद लोग भूख से मर रहे हैं

**● उच्चतम न्यायालय ने अधिकतम प्रवासी श्रमिकों को राशन सुनिश्चित करने का राज्य सरकारों को तौर-तरीके तैयार करने का निर्देश दिया**



**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने अधिकतम प्रवासी श्रमिकों को राशन सुनिश्चित करने का राज्य सरकारों को तौर-तरीके तैयार करने का निर्देश देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि हमारे विकास करने के बावजूद लोग भूख से मर रहे हैं। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्न की पीठ ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह कहा। उल्लेखनीय है कि मामले में 2020 में मई महीने में शीर्ष न्यायालय ने प्रवासी श्रमिकों की समस्याओं और दशा का संज्ञान लिया था। पीठ ने कहा, प्रत्एक राज्य में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को अवश्य ही इसका लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए कि वे कितनी संख्या में राशन कार्ड पंजीकृत करने जा रहे हैं। इस पर स्थानीय स्तर पर काम करना होगा क्योंकि हर राज्य की अपनी खुद की अर्हता है। अवश्य ही एक निर्धारित अर्हता होनी चाहिए। न्यायमूर्ति नागरत्न ने मौखिक टिप्पणी में कहा, अंतिम लक्ष्य यह है कि भारत में कोई नागरिक भूख से नहीं मरे। दुर्भाग्य से यह (भुखमरी से होने वाली मौतें) हमारे विकास करने के बावजूद हो रही हैं।

न्यायाधीश ने कहा, लोग भूख से और भोजन के अभाव के चलते मर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में, लोगों ने भूख से समझौता कर लिया है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि वह विषय पर कुछ आदेश जारी करेगा और दो हफ्ते बाद मामले की सुनवाई करेगा।

अंजलि भारद्वाज, हर्ष मंदर और जगदीप छोकर नाम के तीन नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं ने न्यायालय में याचिका दायर कर केंद्र और राज्यों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था कि प्रवासी श्रमिकों के लिए खाद्य सुरक्षा,नकद अंतरण और अन्य कल्याणकारी उपाय किए जाए। याचिका में उन प्रवासी श्रमिकों का जिक्र किया गया है जिन्होंने कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में कर्फ्यू और लॉकडाउन के दौरान संकट का सामना किया।

## सुप्रीम कोर्ट में 72 हजार मामले लंबित

**नई दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को संसद को सूचित किया कि उच्चतम न्यायालय में 72,062 और विभिन्न उच्च न्यायालयों में 59,45,709 मामले लंबित हैं। विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रीजीजू ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट और राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड (एनजेडीजी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि एक जुलाई 2022 की स्थिति के अनुसार उच्चतम न्यायालय में 72,062 मामले लंबित हैं। रीजीजू ने बताया कि 15 जुलाई 2022 की स्थिति के अनुसार विभिन्न उच्च न्यायालयों में 59,45,709 मामले लंबित हैं। उन्होंने कहा कि देश की विभिन्न जिला एवं अधीनस्थ अदालतों में 15 जुलाई 2022 तक के आंकड़ों के अनुसार 4,19,79,353 मामले लंबित हैं। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में लंबित मामलों का निपटान न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र में आता है और संबंधित न्यायालयों द्वारा विभिन्न प्रकार के मामलों के निपटान के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है।



द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने के बाद सूरत के एक स्कूल में कुछ इस तरह सम्मान देते छात्र

# कोविड-19: भारत में 21,566 नए मामले, 45 मरीजों की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोविड-19 के 21,566 नए मामले सामने आए, जो 152 दिनों बाद आए संक्रमण के सबसे अधिक मामले हैं। इसके साथ ही उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर।,48,881 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, 45 और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,25,870 हो गई है। संक्रमितों की कुल संख्या 4,38,25,185 पर पहुंच गई है। उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.34 प्रतिशत है जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.46 प्रतिशत है।

आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटे में कोविड-19 का इलाज करा रहे मरीजों की संख्या में 3,227 की वृद्धि हुई है। संक्रमण की दैनिक दर 4.25 फीसदी जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 4.51 फीसदी दर्ज की गई। इस बीमारी से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,31,50,434 हो गई है जबकि मृत्यु दर 1.2 प्रतिशत है। देशव्यापी कोविड-19 रोधी टीकाकारण अभियान के तहत अभी तक 200.91 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं।

देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

# जनता 2024 में भाजपा को केंद्र से उखाड़ फेंकेगी: ममता

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत नरेंद्र मोदी सरकार पर बृहस्पतिवार को निशाना साधते हुए कहा कि जनता 2024 के लोकसभा चुनावों में उसे (भाजपा को) केंद्र की सत्ता से बाहर कर देगी। यहां तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की विशाल शहीद दिवस रैली में बनर्जी ने देश के संस्थानों को बर्बाद करने का भी भाजपा पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिनकी भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में कोई भूमिका नहीं थी, वे देश का इतिहास फिर से लिखने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भाजपा को 2024 में जनादेश से सत्ता से हटा दिया जाएगा। उन्हें पराजित किया जाएगा। मैं दृढ़तापूर्वक कहती हूं कि भाजपा को अकेले अपने दम पर बहुमत नहीं मिलेगा और जब ऐसा होगा तो अन्य दल अगली सरकार बनाने के लिए एकजुट हो जाएंगे। टीएमसी सुप्रीमो ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच लोगों से अपील की, भाजपा की कैद से मुक्त हो जाइए, 2024 में जनता की सरकार लाइए। बनर्जी ने अनाज, दाल और आटा जैसे खाद्य पदार्थों के 25 किलोग्राम से कम वजन के सभी तरह के पैकेट पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाए जाने को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए इसे जन विरोधी कदम बताया। उन्होंने कहा, जब भाजपा हर चीज, यहां तक कि मूड़ी और दुग्ध पाउडर पर जीएसटी लगा रही है तो लोग क्या खाएंगे। इस देश में गरीब कैसे जीएगा? भाजपा को चेतावनी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर उन्होंने महाराष्ट्र की तरह बंगाल सरकार को गिराने की कोशिश की तो उन्हें मुंहतोड़ जवाब मिलेगा।



पश्चिम बंगाल में शहीद दिवस रैली को सम्बोधित करतीं ममता बनर्जी।

# प्रधानमंत्री ने ईंधन के दाम घटाए, मुफ्त टीके दिए, तृणमूल ने संकीर्ण राजनीति की: भाजपा

**भाषा।** कोलकाता

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) भाजपा ने बृहस्पतिवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार लोगों का बोझ काम करने के लिए हर प्रयास कर रही है जबकि एक कालीघाट परिवार है, जो अपनी जीवनशैली बढ़ाने में व्यस्त है। वह पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, कि देश को अमीरों के लिए नहीं, बल्कि गरीबों के लिए एक प्रधानमंत्री की जरूरत है।

भाजपा ने बनर्जी पर केंद्र सरकार की परियोजनाओं के नाम बदलने की कोशिश कर संकीर्ण राजनीति करने का भी आरोप लगाया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने दावा किया, बंगाल का सत्तारूढ दल श्रेय चुराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क परियोजना जैसी केंद्रीय योजनाओं का नाम बदल रहा है। तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता भी धन की हेराफेरी कर अपनी जेब भर रहे हैं तथा गरीबों एवं जरूरतमंदों को लाभों से वंचित कर रहे हैं।

मनरेगा के तहत बंगाल को केंद्र द्वारा धनराशि नहीं जारी करने के मुख्यमंत्री के आरोप पर मजूमदार ने कहा कि वह पहले इस बात पर सफाई दें कि 100 दिनों के काम के कार्यक्रम के तहत पहले किए गए आवंटन लाभार्थियों तक क्यों नहीं पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल के पंचायत नेता इस धन की हेराफेरी कर रहे हैं।

शहीद दिवस रैली में गरीबों के लिए प्रधानमंत्री संबंधी बयान देने को लेकर तृणमूल सुप्रीमों पर निशाना साधते हुए मजूमदार ने कहा, वैश्विक रूख के बिल्कुल विपरीत पेट्रोल एवं डीजल पर दाम घटाकर तथा कोविड-19 टीकों एवं राशन का इंतजाम कर नरेंद्र मोदी जी ने साबित कर दिया है कि वह आमजन के लिए प्रधानमंत्री हैं। वह बिल्कुल एक सामान्य पृष्ठभूमि से आते हैं।

उन्होंने कहा, उसके बिल्कुल विपरीत, कालीघाट इलाके में सभी उस परिवार के बारे में जानते हैं जिसने पिछले चार दशक में अपनी जीवनशैली बदली है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि 2024 में भाजपा को हटाने के बनर्जी के आह्वान का किसी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा, मेरे शब्दों पर गौर कर लीजिए, तृणमूल कांग्रेस बहुत जल्द अपने आप ही बिखर जाएगी। यह छिन्न-भिन्न हो जाएगी। फिलहाल पार्टी को दक्षिण कोलकाता की एक छोटी मंडली चला रही है। भाजपा के विपरीत तृणमूल गुटबाजी से भरी पार्टी है।

## उच्चतर न्यायालयों के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को स्पष्ट किया कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रीजीजू ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उनसे सवाल किया गया था कि क्या सरकार के पास उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने का कोई प्रस्ताव है। इसके जवाब में मंत्री ने कहा, जी नहीं। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृति की आयु 65 वर्ष तक बढाने के लिए 2010 में संविधान (114वां संशोधन) विधेयक पेश किया गया था। लेकिन संसद में उस पर विचार नहीं किया जा सका और 15वीं लोकसभा के विघटन के साथ ही इसकी अवधि समाप्त (लेप्स) हो गई।

# गुजरात कैडर के आईएएस अधिकारी के खिलाफ सीबीआई ने आरोप पत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गैर-पात्र लोगों को शस्त्र लाइसेंस जारी करने में कथित रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के के साथ-साथ रिश्वतखोरी के अन्य आरोपों में गुजरात कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के. राजेश के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने आरोप पत्र में एक निजी कंपनी के मालिक रफीक मेमन को भी नामजद किया है, जो गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले के पूर्व कलेक्टर राजेश का कथित सहयोगी था। आरोप पत्र अहमदाबाद में विशेष सीबीआई न्यायाधीश वी. वी. परमार की अदालत में दाखिल किया गया। बयान में कहा गया है, जांच के दौरान पाया गया कि उक्त लोक सेवक के निर्देश पर 98,000 रुपए की कथित रिश्वत की राशि प्रोपराइटर (मेमन) के खाते में जमा की गई थी। उक्त राशि उस रिश्वत की राशि का हिस्सा थी, जिसकी मांग लोक सेवक (राजेश) ने की थी। मेमन और 2011 बैच के आईएएस अधिकारी राजेश ने ड्रेस सामग्री बेचने का दावा करने वाले एक व्यक्ति के नाम पर चार फर्जी चालान तैयार किए थे।

मेमन द्वारा सीबीआई के समक्ष प्रस्तुत किए गए चालान राजेश को बचाने के लिए कथित तौर पर उसके (मेमन के) कंप्यूटर पर तैयार किए गए थे। एजेंसी ने बयान में कहा, जांच में यह भी पता चला है कि दोनों आरोपियों ने एक षड़यंत्र रचा, जिसके तहत एक व्यक्ति ने लोक सेवक द्वारा मांगी गई कथित रिश्वत का एक हिस्सा लोक सेवक के निर्देश पर उक्त कंपनी के मालिक के खाते में डाल दिया। रिश्वत के पैसे लेने के लिए कथित तौर पर आरोपी अधिकारी के लिए एक बिचौलिए के रूप में काम करने वाला मेनन और राजेश फिलहाल जेल में हैं।

सूरत के रहने वाले मेमन को मई में पकड़ा गया था, जबकि राजेश को पिछले हफ्ते गिरफ्तार किया गया था। न्यायाधीश परमार ने 2011 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी राजेश को 18 जुलाई को चार दिन की सीबीआई रिमांड समाप्त होने के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। सीबीआई ने प्रारंभिक जांच के बाद दोनों के खिलाफ तत्काल मामलौ दर्ज किया था। यह कार्वाई गुजरात सरकार के अनुरोध पर की गई थी। गिरफ्तारी के समय गांधीनगर में सामान्य प्रशासन विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर तैनात आईएएस अधिकारी पर सुरेंद्रनगर जिले के कलेक्टर के रूप में अपनी तैनाती के दौरान भूमि सौदों के लिए रिश्वत लेने व गैर पात्र लोगों को शस्त्र लाइसेंस देने का आरोप लगाया गया है। राजेश ने शस्त्र लाइसेंस देने, गैर पात्र लाभार्थियों को सरकारी भूमि के आवंटन और अतिक्रमण की गई सरकारी भूमि के नियमितीकरण के लिऐ रिश्वत ली।

# केजरीवाल का गुजरात में सत्ता में आने पर मुफ्त व चौबीसों घंटे बिजली देने का वादा

**सूरत (गुजरात)।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को वादा किया कि उनकी पार्टी गुजरात में सत्ता में आने पर प्रति माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देगी। राज्य में इस साल दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने सूरत में एक बैठक में बिना किसी कटौती चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति का वादा भी किया। केजरीवाल ने गुजरात में मुफ्त बिजली को एक प्रमुख चुनावी मुद्दा बना दिया है। केजरीवाल ने वादा किया कि 31 दिसंबर 2021 से पहले जारी सभी लंबित बिजली बिल माफ किए जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि उनमें से अधिकतर बिजली बिल असल खपत से अधिक हैं और बिजली कंपनियां ऐसे मामलों का निपटारा करने के लिए लोगों को परेशान कर रही हैं।

केजरीवाल ने कहा, दिल्ली में बिजली पहले ही मुफ्त है और आम आदमी पार्टी (आप) ने पंजाब में सरकार गठन के तीन महीने के भीतर ही वहां भी बिजली मुफ्त कर दी। उन्होंने कहा, गुजरात के लोग भी यह राहत चाहते हैं, मैं वादा करता हूं कि अगर आगामी विधानसभा चुनाव में हम सत्ता में आए तो प्रति माह हर परिवार को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जाएगी।

आप के नेता ने कहा कि वह आज जो वादा कर रहे हैं वह एक गारंटी है...कोई जुमला नहीं जिसका जिक्र अन्य राजनीतिक दल चुनाव से पहले अपने घोषणापत्र में करते हैं। केजरीवाल ने कहा, मैं आपको गारंटी दे रहा हूं। अगर आपको कोई कमी दिखे, तो आप अगले चुनाव में आप को बेझिझक वोट ना दें। एक बार राज्य में सत्ता में आने के बाद हम सभी वादे पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि 300 यूनिट की खपत के बाद सामान्य दरें लागू होंगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, बिजली कटौती की जाए, तो मुफ्त बिजली का कोई फायदा नहीं है। मैंने सुना है कि गुजरात के कई गांवों और कस्बों में अब भी बिजली की कटौती हो रही है।

## क्विक न्यूज

### भाजपा सांसद ने दावत-ए-इस्लामी को प्रतिबंधित करने की मांग लोकसभा में उठाई

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद अर्जुन लाल मीणा ने उदयपुर में कुछ दिन पहले एक दर्जी की निर्मम हत्या का विषय बृहस्पतिवार को लोकसभा में उठाया और केंद्र सरकार से आग्रह किया कि दावत-ए-इस्लामी नामक संगठन पर प्रतिबंध लगाया जाए जिसके तार इस घटना से जुड़े होने की बात सामने आई है। उदयपुर से लोकसभा सदस्य मीणा ने सदन में नियम 377 के तहत यह विषय उठाया। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों उदयपुर में कन्हैया लाल की हत्या की घटना का मकसद सांप्रदायिक हिंसा भड़काना था। उन्होंने कहा, जांच में पता चला है कि बाहर का संगठन इस घटना से जुड़ा है। सरकार से मांग करता हूं कि दावत-ए-इस्लामी संगठन को प्रतिबंधित किया जाए। मीणा ने यह भी कहा कि कन्हैया लाल की हत्या के जिम्मेदार लोगों को जल्द फांसी की सजा दी जाए। नियम 377 के तहत अपना विषय रखते हुए भाजपा के सुब्रत पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश के बंजारा समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की मांग बहुत लंबे समय से उठ रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाए और बंजारा समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में डाला जाए। भाजपा के सुभाष बहेड़िया ने चेक बाउंस होने से जुड़ा एक विषय सदन में शून्यकाल के तहत उठाया और कहा कि इससे जुड़े नियम का दुरुपयोग को रहा है, इसलिए इस पर पुनर्विचार किया जाए।

### सेना में धर्म और जाति नहीं, योग्यता के आधार पर होता है चयन: स्मृति ईरानी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सेना और केंद्रीय बलों में चयन धर्म और जाति देखकर नहीं, बल्कि योग्यता के आधार पर होता है। उन्होंने लोकसभा में द्रमुक सांसद डी रविकुमार के प्रश्न के लिखित उत्तर में यह टिप्पणी की। रवि कुमार ने सवाल किया था कि क्या सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव है कि अग्निपथ योजना के तहत मुस्लिम और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों की भर्ती पर जोर दिया जाए? इस पर ईरानी ने कहा, सशस्त्र बलों में योग्यता आधारित भर्ती होती है और इसमें हर नागरिक के लिए समान अवसर होते हैं। जाति, वंश, वर्ग या धर्म आधारित भेदभाव के बिना चयन होता है, बस यह जरूरी है कि अभ्यर्थी तय आयुसीमा, शारीरिक, चिकित्सा और शैक्षणिक योग्यता पूरी करता हो। उन्होंने यह भी कहा कि अग्निपथ योजना उच्चतम न्यायालय के विचाराधीन है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मंत्री ने कहा, गृह मंत्रालय ने सूचित किया है कि केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों में चयन योग्यता के आधार पर होता है। योग्यता आधारित चयन में धर्म कोई पैमाना नहीं होता।

### देश की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले सभी घटनाक्रम पर नजर रखते हैं : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपनी सुरक्षा को प्रभावित करने वाले सभी घटनाक्रम पर नजर रखता है। डोकलाम के आसपास चीन के गांव बसाने से जुड़ी खबरों को लेकर विदेश मंत्रालय का यह बयान सामने आया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार ऐसे मामले में उसके अनुरूप जरूरी कदम उठाती है। उन्होंने कहा, हम उन सभी घटनाक्रम पर नजर रखते हैं जिनका राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव पड़ सकता है और इसके अनुरूप कदम उठाते हैं। बागची से उन खबरों के बारे में पूछा गया जिसमें एक नए उपग्रह चित्र में भूटान के डोकलाम इलाके के पूर्व में चीनी गांव के निर्माण किए जाने की बात कही गई है। डोकालाम इलाके में भारत और चीन के बीच 73 दिनों तक गतिरोध रहा था जब चीन ने उस क्षेत्र में सड़क का विस्तार करने का प्रयास किया था, जिस पर भूटान ने अपना दावा जताया था। एनडीटीवी ने मंगलवार को एमएएक्सएआर द्वारा लिया गया चित्र जारी किया था।

# क्षेत्रीय पहचान से न देखे जाएं कलाकार: धनुष

**मुंबई।** अभिनेता धनुष का मानना है कि ऐसे समय में जब देश में अखिल भारतीय फिल्मों की चर्चा हो रही है, किसी अभिनेता को उसकी क्षेत्रीय पहचान से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। निर्देशक जोड़ी जो रूसो और एंथनी रूसो की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म द ग्रे मैन में काम कर रहे धनुष का कहना है कि एक संयुक्त भारतीय फिल्म उद्योग के रूप में फिल्मों का निर्माण करने के प्रयास किए जाने चाहिए। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता धनुष ने यहां संवाददाताओं से कहा, मौजूदा समय में मुझे अथवा किसी अन्य अभिनेता को दक्षिण भारतीय कलाकार कहना बेमानी है। मुझे बहुत खुशी होगी यदि हम सभी अभिनेताओं को भारतीय कलाकार कहकर संबोधित किया जाए न कि दक्षिण भारतीय अथवा उत्तर भारतीय कलाकार के नाम से। मनोरंजन के क्षेत्र में पूरी दुनिया एक ही मंच पर आकर काम करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इससे हमें भी प्रेरणा लेनी चाहिए और अब समय आ गया है जब हम एकसाथ आकर एक विशाल भारतीय फिल्म उद्योग के लिए काम करें।

धनुष ने कहा, बहुत अच्छा होगा यदि हम सभी एकसाथ काम करें और केवल दक्षिण अथवा उत्तर भारतीय दर्शकों के लिए नहीं बल्कि सभी लोगों के लिए फिल्में बनाएं। मौजूदा समय में प्रत्एक फिल्म को एक भारतीय फिल्म के रूप में देखा जाना चाहिए, विशेष रूप से तब जबकि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सभी लोग एक-दूसरे का काम देख सकते हैं।

धनुष ने डिजिटल प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होने वाली फिल्म द ग्रे मैन के प्रचार के अवसर पर बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम में यह बात कही। इस मौके पर निर्देशक जो रूसो और एंथनी रूसो की जोड़ी भी मौजूद थी। द ग्रे मैन मार्क ग्रेनी के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित एक फिल्म है।

## नगालैंड में नागरिकों की हत्या: कोर्ट ने 30 भारतीय सैनिकों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नगालैंड के मोन जिले के ओटिंग-तिरु इलाके में 2021 के सैन्य अभियान के अंतर्गत 13 नागरिकों की मौत के मामले में 21-पैरा स्पेशल फोर्स के एक मेजर सहित 30 सैनिकों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति वी रमासुब्रमण्यम की पीठ ने कहा कि सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) अधिनियम, 1958 (आफ्स्पा) की धारा छह के तहत जरूरी पूर्व-मंजूरी नहीं ली गई थी। इस मामले में नामजद सैन्य अधिकारियों की पत्नियों की ओर से दायर दो याचिकाओं पर केंद्र, नगालैंड सरकार और अन्य को नोटिस जारी किए। याचिकाओं में नगालैंड पुलिस की ओर से दायर प्राथमिकी तथा राज्य सरकार द्वारा गठित एसआईटी के निष्कर्षों को निरस्त करने की मांग की गई थी। 21-पैरा स्पेशल फोर्स के कम से कम 30 सदस्यों के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किए थे।

# मुर्मू की जीत पर गृह नगर में जश्न का माहौल

**भाषा।** रायरंगपुर (ओडिशा)

**राष्ट्रपति पद** की दौड़ में विजेता बनकर उभरी ओडिशा की बेटी द्रौपदी मुर्मू के गृह नगर रायरंगपुर समेत पूरे राज्य में जश्न का माहौल है। मयूरभंज जिले के रायरंगपुर शहर स्थित मुर्मू के आवास के बाहर लोगों का जमावड़ा लगा है और वे आदिवासी संगीत पर थिरक रहे हैं। उत्सव का ऐसा ही नजारा जिले के पहाड़पुर गांव में भी देखने को मिला जोकि मुर्मू का ससुराल है।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार मुर्मू का समर्थन करने वाले ओडिशा की सत्तारूढ़ पार्टी बीजू जनता दल (बीजद) के कार्यकर्ताओं समेत आम लोगों ने रायरंगपुर में मिठाइयां बांटी और पटाखे फोड़कर खुशी जताई। भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में भी कार्यकर्ताओं ने मुर्मू की जीत पर जश्न मनाया। रायरंगपुर की स्थानीय निवासी सौदामिनी दास ने कहा, हमारे पास मुर्मू पर गर्व करने के कारण हैं। वह हमें बहुत प्यारी है, उन्होंने हमारे साथ, हमारे सुख-दुख साझा किए हैं। राष्ट्रपति चुनाव में राजग उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू की जीत पर उन्हें बधाइयां मिलनी शुरू हो गई हैं। वहीं, मुर्मू की जीत से उत्साहित लोगों ने उत्तरी पश्चिम बंगाल के दुआर्स इलाके के चाय बागानों में जश्न मनाया। बागान में चाय तोड़ने का काम करने वाली ज्यादातर महिलाएं संथाल समुदाय की हैं जोकि अपना काम खत्म करने के बाद आदिवासी धुन पर नृत्य करती दिखीं। मुर्मू भी संथाल समुदाय से ताल्लुक रखती हैं। जलपाईगुड़ी से करीब 16 किलोमीटर दूर स्थित डंगुआझार चाय बागान में भी पुरुषों ने लोक संगीत बजाया और महिलाओं ने जमकर नृत्य किया।



ओडिशा में द्रौपदी मुर्मू के गृह नगर में जीत का जश्न मनाते हुए आदिवासी कलाकार

# यूरोपीय संघ ने रूस पर और अधिक प्रतिबंध लगाए

भाषा। ब्रसेल्स

**यूरोपीय संघ (ईयू)** ने यूक्रेन पर आक्रमण को लेकर बृस्पतिवार को रूस पर और अधिक प्रतिबंध लगा दिए। ईयू के सदस्य देशों ने रूस पर विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध लगाए हैं, जिनमें सोने के आयात और उच्च तकनीक वाली कुछ वस्तुओं के निर्यात नियंत्रण को कठोर बनाना शामिल है।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन ने कहा क्रेमलिन के खिलाफ प्रबल एवं दीर्घकालिक प्रतिबंध मास्को को एक मजबूत संकेत भेजते हैं कि हम अधिक से अधिक समय तक अपना दबाव बनाए रहेंगे। हालांकि प्रतिबंधों का ब्योरा अभी अस्पष्ट है, क्योंकि इनके बारे में ईयू की आधिकारिक पत्रिका में कुछ लिखा नहीं गया है।

यूरोपीय संघ के अधिकारी रूस पर प्रतिबंधों के व्यापक पैकेज को कड़ा करने के लिए एक सप्ताह से मांग रहे हैं और इस उम्मीद में सोने के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के तरीकों की तलाश कर रहे हैं कि इन उपायों से अंततः यूक्रेन में युद्ध पर निर्णायक प्रभाव पड़ेगा। यूरोपीय संघ के विदेश मामलों के प्रमुख जोसेप बोरेल ने सोमवार को कहा कि इस समय सबसे महत्वपूर्ण बात रूसी सोने पर प्रतिबंध है, जो ऊर्जा के बाद मॉस्को का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात उद्योग है। सात प्रमुख औद्योगिक देशों के समूह पिछले महीने से ही रूसी सोने पर प्रतिबंध लगाने को लेकर प्रतिबद्ध थे और इन्होंने तर्क दिया था कि रूस ने अपने सोने का इस्तेमाल कई दौर के प्रतिबंधों के कारण पड़ने वाले प्रभावों से अपनी मुद्रा को बचाने के लिए किया है, प्रतिबंधात्मक उपायों के अलावा, यूरोपीय संघ ने यूक्रेन को सैन्य सहयोग बढ़ाने के लिए 500 मिलियन यूरो देने का भी फैसला किया है।

### यूक्रेन को और सैन्य सहायता देगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने पूर्वी डोनबास में भीषण युद्ध के बीच बुधवार को यूक्रेन को और अधिक रॉकेट प्रणालियां, गोला बारूद तथा अन्य सैन्य सहायता देने की प्रतिबद्धता जताई। दुनियाभर के करीब 50 रक्षा नेताओं के साथ डिजिटल बैठक खत्म होने के बाद अमेरिका के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि सहयोगियों और साझेदारों को युद्ध खत्म करने के प्रयासों की ओर प्रतिबद्ध रखना कड़ी मेहनत का काम होगा। ऑस्टिन ने कहा कि हम सैन्य सहायता के लिए दान देने की गति बनाए रखने और तेज करने के लिए कड़ा प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, निकट भविष्य को देखते हुए इस पर ध्यान केंद्रित करना होगा। हालांकि, यह इस पर निर्भर करेगा कि हमारे सहयोगी और साझेदार कब तक प्रतिबद्ध रहेंगे...इसमें कोई शक नहीं है कि यह सुनिश्चित करना हमेशा कठिन काम होगा कि हम कब तक एकजुट रहें।

# मैं राजपक्षे परिवार का नहीं, बल्कि जनता का मित्र हूं : राष्ट्रपति विक्रमसिंघे

- विक्रमसिंघे ने श्रीलंका के नए राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली

कोलंबो (भाषा)



**श्रीलंका** के नव निर्वाचित राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने शासन की प्रणाली में बदलाव लाने का संकल्प जताते हुए देशवासियों से कहा कि वह राजपक्षे परिवार के नहीं बल्कि जनता के मित्र हैं।

अभूतपूर्व आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका में मई में प्रधानमंत्री पद संभालने वाले विक्रमसिंघे ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। उन पर अब इस नई भूमिका में देश की अर्थव्यवस्था को संभालने, आर्थिक उथल-पथल को दूर करने और एक बंटे हुए देश को फिर से एकजुट करने का सबसे बड़ा दारोमदार है। विक्रमसिंघे 45 साल से संसद में हैं और उन्हें राजनीतिक हलकों में एक ऐसे व्यक्ति के रूप में स्वीकार किया जाता है जो दूरदर्शी नीतियों से अर्थव्यवस्था का प्रबंधन कर सकता है। राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद विक्रमसिंघे (73) बुधवार को कोलंबो के सबसे पुराने बौद्ध मंदिरों में से एक गंगाराम मंदिर भी गए थे। गोटबाया राजपक्षे के देश छोड़कर चले जाने और राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद विक्रमसिंघे को कार्यवाहक राष्ट्रपति बनाया गया था। वह संविधान के अनुसार संसद द्वारा निर्वाचित श्रीलंका के पहले राष्ट्रपति हैं। विक्रमसिंघे की जीत से एक बार फिर स्थिति बिगड़ सकती है क्योंकि सरकार विरोधी कई प्रदर्शनकारी उन्हें पूर्ववर्ती राजपक्षे सरकार का करीबी मानते हैं। प्रदर्शनकारी देश के मौजूदा संकट के लिए राजपक्षे परिवार को जिम्मेदार ठहराते हैं। विक्रमसिंघे के राष्ट्रपति निर्वाचित होने के तुरंत बाद सैकड़ों प्रदर्शनकारी जगह जगह एकत्रित हो गए थे।

यह पूछे जाने पर कि विक्रमसिंघे राजपक्षे परिवार से अलग कैसे होंगे क्योंकि वह उनके पुराने मित्र हैं, नए राष्ट्रपति ने कहा, मैं राजपक्षे परिवार का पुराना मित्र कैसे हूं? मैं उनका विरोध करता रहा हूं। उन्होंने कहा, मैं राजपक्षे परिवार का मित्र नहीं हूं, मैं जनता का मित्र हूं...मैंने पहले पूर्व राष्ट्रपति चंद्रिका कुमारतुंगे के साथ काम किया है। वह किसी और पार्टी की थीं और मैं किसी और पार्टी का हूं। मेरे लिए किसी दूसरी पार्टी के राष्ट्रपति के साथ काम करने का मतलब यह नहीं है कि मैं उनका मित्र हूं। राष्ट्रपति ने कहा कि वह ऐसा बदलाव लाएंगे, जो लोग चाहते हैं और यह जरूरी भी है।

# सुनक ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद के अभियान में दिन-रात कार्य करने का संकल्प जताया



भाषा। लंदन

**ब्रिटेन के** प्रधानमंत्री पद की दौड़ में अंतिम चरण के प्रचार अभियान को मजबूती देने के लिए पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक ने बृहस्पतिवार को दिन-रात कार्य करने का संकल्प जताया। कंजर्वेटिव पार्टी के नेता एवं ब्रिटिश प्रधानमंत्री की दौड़ में अब सुनक का मुकाबला पूर्व विदेश मंत्री लिज ट्रस से है। संसद के टोरी सदस्यों में से 137 ने सुनक को समर्थन दिया है जबकि 113 ने ट्रस पर भरोसा जताया है, जिसके चलते 42 वर्षीय सुनक प्रधानमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे बने हुए हैं। हालांकि, सुनक खेमे को पता है कि उन्हें पिछले सप्ताह से जारी मतदान के हर चरण में बढ़त बनाए रखने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी है। सुनक ने कहा, मैं देशभर में हमारा संदेश प्रसारित करने के लिए दिन-रात कार्य करूंगा। ट्रस ने जहां पहले दिन से टैक्स में कटौती करने का वादा किया है, वहीं पूर्व वित्त मंत्री ने महंगाई में कमी को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया है। हालांकि, दोनों ही उम्मीदवारों ने पूर्व प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर के नक्शेकदम पर चलने का दम भरा है।

### ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को शून्य के स्तर तक पहुंचाने में विकसित देश निभाएं भूमिका : भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन का अधिकतम प्रभाव गरीब देश और कमजोर समुदाय झेल रहे हैं, जबकि वे इस संकट के लिए सबसे कम जिम्मेदार हैं। भारत ने कहा कि विकसित देशों को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को शून्य के स्तर तक पहुंचाने के दुनिया के लक्ष्य को पाने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र ने इस बात पर जोर दिया है कि वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखने के लिए, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 2030 तक 45 प्रतिशत तक कम करने और 2050 तक शून्य तक पहुंचाने की जरूरत है।

# बाइडन कोरोना वायरस से संक्रमित, मामूली लक्षण

भाषा। वाशिंगटन


**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव करीन जीन-पियरे ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। करीन जीन-पियरे के मुताबिक बाइडन में कोविड-19 के बेहद मामूली लक्षण हैं और उन्होंने बीमारी की गंभीरता को कम करने के लिए निर्मित एंटीवायरल दवा पैक्सलोविड लेना शुरू कर दिया है। प्रेस सचिव ने कहा कि बाइडन व्हाइट हाउस में ही पृथकवास में रहेंगे और वहीं से अपने संपूर्ण कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। करीन जीन-पियरे ने बताया कि बाइडन (79) लगातार व्हाइट हाउस के सदस्यों के साथ संपर्क में बने हुए हैं और पूर्वनियोजित अपनी सभी बैठकों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हिस्सा लेंगे। गौरतलब है कि बाइडन ने अमेरिका के राष्ट्रपति का पद संभालने से पहले ही फाइजर कंपनी की कोविड-19 रोधी टीके की दोनों खुराक लगवा ली थीं। इसके बाद बाइडन ने सितंबर 2021 में पहली बूस्टर खुराक जबकि मार्च 2022 में टीके की एक अतिरिक्त खुराक ली थी। कोरोना वायरस के दिन-प्रतिदिन बदलते हुए स्वरूपों के कारण अमेरिका में करीब ढाई साल के अंतराल के बाद जनजीवन सामान्य करने के प्रयासों के लिए इसे एक नई चुनौती के रूप में देखा जा रहा है।

### सेना का मानना है कि पेलोसी का ताइवान की यात्रा करना ठीक नहीं : बाइडन

**वाशिंगटन (एपी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी सैन्य अधिकारियों का मानना है कि प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी का इस समय ताइवान की यात्रा करना ठीक नहीं है।

बाइडन ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। एक दिन पहले चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि पेलोसी आने वाले हफ्तों में ताइवान यात्रा की अपनी योजना पर आगे बढ़ती हैं, तो चीन दृढ़ एवं कड़ी कार्वाई करेगा। बाइडन ने पेलोसी की प्रस्तावित यात्रा के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, मुझे लगता है कि सेना का मानना है कि फिलहाल यह अच्छा विचार नहीं है। लेकिन मैं नहीं जानता की स्थिति क्या है। पेलोसी का अप्रैल में ही ताइवान की यात्रा का कार्यक्रम था, लेकिन तब कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आने के कारण उन्हें अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी थी। पेलोसी बीते 25 वर्षों में अमेरिका के करीबी सहयोगी ताइवान की यात्रा करने वाली पहली शीर्ष अमेरिकी सांसद होंगी। उनसे पहले 1997 में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के तत्कालीन अध्यक्ष न्यूट गिंगरिच ताइवान यात्रा पर गए थे।

# इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्रागी ने इस्तीफा दिया



**रोम (एपी)।** इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्रागी ने विश्वास मत में सत्तारूढ़ गठबंधन के मुख्य सहयोगी दलों के हिस्सा नहीं लेने के बाद बृहस्पतिवार को पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने इस्तीफे के जरिए देश में जल्द चुनाव कराए जाने की संभावना के संकेत दिए हैं। वहीं, इस नाजुक समय में इटली और यूरोप के लिए अनिश्चितता का नया दौर शुरू हो गया है। द्रागी ने क्विरिनाले पैलेस में सुबह हुई एक बैठक के दौरान राष्ट्रपति सर्गियो मैत्तरेला को अपना इस्तीफा सौंपा। मैत्तरेला के कार्यालय ने बताया कि राष्ट्रपति ने इस घटनाक्रम के बाद द्रागी सरकार को कार्यवाहक सरकार के तौर पर काम करने कहा है। राष्ट्रपति ने पिछले सप्ताह द्रागी का इस्तीफा खारिज कर दिया था।

### नेपाल में 41.55 लाख रुपए की नकदी बरामद, भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में 25 वर्षीय भारतीय नागरिक को बिना किसी वैध दस्तावेज के 41.55 लाख रुपए की भारतीय मुद्रा रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस के विशेष दल ने बुधवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। वह भारतीय मुद्रा के स्रोत के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, पुलिस ने 41,55,000 रुपए के बैंक नोट जब्त किए। नेपाल में बिना किसी वैध दस्तावेज के 25,000 रुपए से ज्यादा की नकदी रखना गैरकानूनी है।

## मंकीपॉक्स को वैश्विक आपातकाल घोषित करने पर फिर मंथन कर रहा डब्ल्यूएचओ

**लंदन (एपी)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने हफ्ते भर के अंदर बृहस्पतिवार को इस बात पर विचार करने के लिए दूसरी बैठक बुलाई है कि मंकीपॉक्स को वैश्विक संकट घोषित किया जाए या नहीं। इसके साथ ही कुछ वैज्ञानिकों ने कहा है कि अफ्रीका और विकसित देशों में संक्रमण फैलने के तरीकों में स्पष्ट अंतर होना किसी समन्वित प्रतिक्रिया को जटिल बना देगा। अफ्रीकी अधिकारियों ने कहा कि वह पहले से ही महाद्वीप की महामारी को आपातकाल मान रहे हैं। लेकिन कुछ विशेषज्ञों ने कहा कि यूरोप, उत्तरी अमेरिका और अन्य जगह मंकीपॉक्स के मामूली प्रकार की मौजूदगी पर आपातकाल की घोषणा करना गैर जरूरी है, भले ही वायरस पर नियंत्रण नहीं हो सके। पश्चिमी और मध्य अफ्रीका के कई हिस्सों में मंकीपॉक्स दशकों से मौजूद है, जहां बीमार जंगली पशु यदा-कदा ग्रामीण लोगों को संक्रमित करते हैं। लेकिन यूरोप, उत्तर अमेरिका और अन्य जगहों पर कम से कम मई से समलैंगिक और बाइसेक्सुअल लोगों में यह बीमारी फैली है।

# विश्व के सबसे अधिक आयु के नर पांडा की मौत

भाषा। हांगकांग



**विश्व के** सबसे अधिक आयु के नर पांडा की सेहत बिगड़ने के बाद हांगकांग के एक थीम पार्क में 35 साल की उम्र में उसकी मौत हो गई। चीन ने 1999 में एन. एन. नाम का यह नर पांडा और जिया जिया नामक एक मादा पांडा हांगकांग को भेंट किए थे। तभी से यह पांडा ओशन पार्क में था। जिया जिया की 2016 में 38 साल की आयु में मृत्यु हो गई थी। वह भी उस समय किसी पार्क में रह रही सबसे अधिक आयु की पांडा थी। ओशन पार्क ने एन. एन. की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। ओशन पार्क कॉरपोरेशन के अध्यक्ष पाउलो पोंग ने एक बयान में कहा, एन. एन. के साथ हमने कई बेहतरीन लम्हें बिताए थे और उसके साथ हमारी कई यादें जुड़ी हैं। उसकी चतुराई और चंचलता बहुत याद आएगी। बयान में कहा गया है, एन.एन. ने पूरा जीवन जीया जो 35 साल की एक सम्मानजनक आयु पर जाकर समाप्त हुआ। यह आयु मानव के 105 साल के उम्र के बराबर है। उल्लेखनीय है कि चीन आमतौर पर पांडा कूटनीति का सहारा लेता है जिसके तहत यह प्राणी सदभावना के तौर पर अन्य देशों को भेंट किया जाता है।

### चेक-इन काउंटर पर बोर्डिंग पास जारी करने के लिए अतिरिक्त शुल्क नहीं ले सकेंगी एयरलाइंस : मंत्रालय

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनियां अब हवाईअड्डे के चेक-इन काउंटर पर बोर्डिंग पास जारी करने के लिए यात्रियों से अतिरिक्त शुल्क नही वसूल सकेंगी। नागर विमानन मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो हवाईअड्डे के चेक-इन काउंटर पर यात्रियों द्वारा बोर्डिंग पास की मांग करने पर अतिरिक्त शुल्क लेती है। मंत्रालय ने ट्वीट किया, नागर विमानन मंत्रालय के संज्ञान मे आया है कि एयरलाइंस यात्रियों को बोर्डिंग पास जारी करने के लिए अतिरिक्त शुल्क ले रही है। मंत्रालय ने कहा कि यह विमानन नियम, 1937 के प्रावधानो के अनुरूप जारी निर्देशों के तहत उचित नही है।

### सरकार ने फार्मा क्षेत्र के एमएसएमई के लिए तीन योजनाएं शुरू कीं

**नई दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को फार्मास्युटिकल क्षेत्र मे सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमो (एमएसएमई) को मजबूत करने के लिए तीन योजनाएं शुरू की। यहां योजनाओ की पेशकश के मौके पर केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि योजनाओं मे फार्मा एमएसएमई के लिए प्रौद्योगिकी उन्नयन, सामान्य अनुसंधान केंद्रों की स्थापना और क्लस्टरों मे अपशिष्ट उपचार संयंत्रो की परिकल्पना की गई है। उन्होने कहा कि छोटी कंपनियो को अपनी सुविधाओ को वैश्विक विनिर्माण मानकों मे उन्नत करने की स्थिति में होना चाहिए। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने मजबूत फार्मास्युटिकल उद्योग (एसपीआई) के बैनर तले योजनाओ को शुरू किया है। मांडविया के पास स्वास्थ्य मंत्रालय का भी प्रभार है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि फार्मा एमएसएमई उद्योग इन योजनाओं से बहुत लाभान्वित होगा। नई योजनाओं के कई लाभ है जो भारतीय दवा उद्योग को भविष्य के लंबे सफर के लिए तैयार करेंगे।

# बाजार में तेजी, सेंसेक्स 284 अंक और चढ़ा

भाषा। मुंबई




**घरेलू शेयर** बाजार में तेजी का सिलसिला बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 284 अंक से अधिक के लाभ में रहा। वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच ऊर्जा, वित्तीय और आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। कारोबारियों के अनुसार, डॉलर के मुकाबले रुपए में तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से भी बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती गिरावट से उबरते हुए अंत में 284.42 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की तेजी के साथ 55,681.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 340.96 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 84.40 अंक यानी 0.51 प्रतिशत चढ़कर 16,605.25 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में इंडसइंड बैंक सबसे अधिक 7.88 प्रतिशत चढ़ा। कंपनी का शुद्ध लाभ जून तिमाही में 60.5 प्रतिशत बढ़ने की खबर से शेयर में तेजी आई। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, एक्सिस बैंक और पावरग्रिड प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और डॉ. रेड्डीज लैब नुकसान में रहे। इनमें 1.89 प्रतिशत की गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली के समर्थन से घरेलू बाजार वैश्विक बाजारों में बिकवाली दबाव के बावजूद बढ़त में रहा...। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, अमेरिका में कल की तेजी का घरेलू बाजार पर सकारात्मक असर पड़ा और निफ्टी लगातार पांचवें दिन बढ़त में रहा...। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की लाभ में जबकि चीन में शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार में बुधवार को तेजी रही थी। रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, बाजार साप्ताहिक सौदे के निपटान के अंतिम दिन आधा प्रतिशत बढ़त में रहा...बैंक, धातु और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में अच्छी लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ 102.8 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

### माइक्रोसॉफ्ट इंडिया देश का सबसे आकर्षक नियोक्ता बांड, मर्सिडीज बेंज दूसरे स्थान पर : सर्वे

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट इंडिया देश का सबसे आकर्षक नियोक्ता ब्रांड है। बृहस्पतिवार को जारी एक सर्वेक्षण के अनुसार, मर्सिडीज बेंज इंडिया सबसे आकर्षक नियोक्ता की सूची में दूसरे स्थान पर और अमेजन इंडिया तीसरे स्थान पर है। रैंडस्टैड नियोक्ता ब्रांड अनुसंधान-2022 मुताबिक, माइक्रोसॉफ्ट इंडिया ने वित्तीय मोर्चे, छवि या प्रतिष्ठा, आकर्षक वेतन और लाभ देने के मामले में सबसे अधिक अंक हासिल किए हैं। किसी भी संगठन या कंपनी के लिए आकर्षक ब्रांड बनने को ए तीन सबसे महत्वपूर्ण तत्व हैं। 2022 के लिए दस सबसे आकर्षक नियोक्ताओं की सूची में चौथे स्थान पर हेवलेट पैकर्ड, पांचवें पर इन्फोसिस, छठे पर विप्रो है।

# कार कंपनियों के पास 6.5 लाख ऑर्डर लंबित, ग्राहकों के प्रतीक्षा अवधि एक से नौ माह तक

भाषा। नई दिल्ली

**देश की** प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनियों के पास लंबित ऑर्डर का आंकड़ा 6.5 लाख इकाई पर पहुंच गया है। सेमीकंडक्टर की कमी कारण लगभग सभी प्रमुख कंपनियों का उत्पादन प्रभावित हुआ है। इसके चलते ग्राहकों को लंबी प्रतीक्षा अवधि (वेटिंग पीरियड) का सामना करना पड़ रहा है। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के पास ही अकेले 3.4 लाख ऑर्डर लंबित है। वहीं हुंदै, महिंद्रा एंड महिंद्रा के पास संयुक्त रूप से करीब तीन लाख इकाइयों के ऑर्डर लंबित है। टाटा मोटर्स, किआ और होंडा कार्स जैसी कंपनियां भी इसी स्थिति का सामना कर रही हैं। मारुति के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (विपणन और बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमारे अनुमान के अनुसार, पूरे यात्री वाहन बाजार में करीब 6.5 लाख कारों का ऑर्डर लंबित है। अकेले मारुति के पास 3.4 लाख इकाइयों का ऑर्डर लंबित है। उन्होंने वाहनों की आपूर्ति में देरी को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, इसका एक ही तरीका है कि उत्पादन को बढ़ाया जाए। हम यही चाहेंगे जो गाड़ियां ग्राहकों ने बुक की हैं।

**Public Notice**
My Clients **Vijay Bhatia** S/o Late Sh. Lekh Raj Bhatia & his wife **Sushma Bhatia** W/o Vijay Bhatia R/o **BG-3/25C, Paschim Vihar, N.D.-63** have debarred & disowned their (1) Son **Shubham Bhatia** & his **Wife Aarzoo** and (2) Daughter **Preeti Mendiratta** from their movable & immovable properties due to their misbehavior to my clients. My Clients have also severed all their relation with them. If anybody deals with them in any manner they do so at their own risk & responsibility
Ramesh Chander (Adv),Ch.-68, Western Wing,Tis Hazari

# नीति आयोग के नवाचार सूचकांक में कर्नाटक शीर्ष स्थान पर

भाषा। नई दिल्ली

**नीति आयोग** के तीसरे नवाचार सूचकांक में 17 प्रमुख राज्यों की श्रेणी में कर्नाटक शीर्ष स्थान पर रहा जबकि तेलंगाना दूसरे और हरियाणा तीसरे स्थान पर है। आयोग के भारत नवाचार सूचकांक, 2021 में राज्यों के स्तर पर नवाचार क्षमताओं और परिवेश की पड़ताल की गई है। भारत नवाचार सूचकांक के तीसरे संस्करण को नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी परमेश्वरन अय्यर की उपस्थिति में जारी किया। इस सूचकांक को वैश्विक नवाचार सूचकांक की तर्ज पर विकसित किया गया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनके प्रदर्शन की प्रभावी तुलना करने के लिए 17 प्रमुख राज्यों, 10 पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों तथा 9 केंद्र शासित प्रदेशों एवं शहर राज्यों की श्रेणी में वर्गीकृत किया गया था। प्रमुख राज्यों में कर्नाटक राज्य लगातार तीसरे वर्ष पहले स्थान पर रहा है। वहीं, सबसे निचले पायदान पर छत्तीसगढ़, ओडिशा और बिहार हैं। केंद्र शासित प्रदेशों में चंडीगढ़ पहले स्थान पर वहीं पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों की श्रेणी में मणिपुर शीर्ष पर है। सूचकांक के मुताबिक, 17 प्रमुख राज्यों में 18.01 अंक के साथ कर्नाटक का प्रदर्शन श्रेष्ठ पाया गया। इसके बाद क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर तेलंगाना और हरियाणा हैं।

# एडीबी ने 2022-23 के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 7.2 प्रतिशत किया

भाषा। नई दिल्ली

**एशियाई विकास बैंक** (एडीबी) ने चालू वित्त वर्ष (2022-23) के लिए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। कोविड महामारी के प्रभाव और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण महंगाई की ऊंची दर को देखते हुए एडीबी ने वृद्धि दर के अनुमान में 0.3 प्रतिशत की कमी की है। इससे पहले, अप्रैल में एडीबी ने भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। बहुपक्षीय वित्तपोषण संस्थान ने बीते वित्त वर्ष 2021-22 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 8.9 प्रतिशत से घटाकर 8.7 प्रतिशत किया था। एडीबी ने 2022 के लिए एशियाई विकास परिदृश्य को लेकर अपनी पूरक रिपोर्ट में कहा कि निजी खपत में नरमी और विनिर्माण में गिरावट से भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2021-22 की चौथी तिमाही जनवरी-मार्च में 4.1 प्रतिशत रही। इसमें कहा गया है, भारत पर कोविड-19 के नए स्वरूप ओमीक्रोन का असर हुआ है। इसके अलावा यूक्रेन युद्ध का आर्थिक प्रभाव पड़ा है। इसके कारण वित्त वर्ष 2021-22 के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान को संशोधित कर 8.9 प्रतिशत से 8.7 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं चालू वित्त वर्ष के लिए इसे 7.5 प्रतिशत से घटाकर 7.2 प्रतिशत किया गया है। एडीबी ने बयान में कहा, हालांकि उपभोक्ता भरोसा लगातार बेहतर हुआ है, लेकिन उम्मीद से अधिक महंगाई से ग्राहकों की खरीद क्षमता घटी है। इसमें कहा गया है कि उत्पाद शुल्क में कटौती, उर्वरक और गैस सब्सिडी के प्रावधान तथा मुफ्त अनाज उपलब्ध कराने के कार्यक्रम की अवधि बढ़ाए जाने से चीजें कुछ सुधरी हैं। हालांकि, कर्ज महंगा होने से कंपनियों का निजी निवेश नरम पड़ा है।

**SBFC**
**SBFC Finance Pvt. Ltd.**
Address Unit No. 103, First Floor C&B Square, SangamComplex, 127, Andheri-Kurla Road, Village Chakala,Andheri (East), Mumbai 400059 | Telephone: +91 22 67875300 | Fax: +91 22 67875334 | www.sbfc.com|
Corporate Identity Number: U67190MH2008PTC178270

**सार्वजनिक सूचना**

जनता को यह सूचित किया जाता है कि उपयोग किये गए सोन के गहनों की नीलामी एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि. द्वारा दिनांक 28 जुलाई 2022 को क्षेत्रीय कार्यालय लाजपत नगर O-7, ऊपर लुक सलून, लाजपत नगर-II,नई दिल्ली-110024, गौतम बुध नगर जनपद : प्लाट नंबर-5,ग्राउंड फ्लोर,वाइट कैसल होटल के सामने, डबरी रोड, सलारपुर, भंगेल, सेक्टर – 101, जनपद गौतम बुध नगर, नॉएडा-201304 गाजियाबाद जनपद शाखा 2बी, RDC राज नगर, गाजियाबाद नजदीक SBI ब्रांच, हापुड़ जनपद पहली मंजिल, पीसी ज्वैलर्स के ऊपर, गढ़ परगना, पक्का बाग,गढ़ रोड़, हापुड-245101 पर की जाएगी।

नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने उन सभी अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है जो अपना बकाया देने में अस्मर्थ है। उधारकर्ताओं को नीलाम की नोटिस पंजीकृत डाक द्वारा विधिवत् जारी की गई है। नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने नीचे दिये गये शाखा के अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है।

नीलाम किये जाने वाले स्वर्ण आभूषण शाखा विवरण के साथ नीचे उल्लेखित विभिन ग्राहकों के ग्राहक ID के सभी लिंक किये गए खातों से सम्बंधित हैं।

**Delhi:** AP00057042,AP00070503,AP00081903,AP00096630,AP00097598,AP00103349,AP00106058,AP00107712 AP00132422,AP00145957,AP00153595,AP00162941,AP00171637,AP00173329,AP00182226,AP00182435, AP00182884,AP00183054,AP00191992,AP00194699,AP00195948,AP00198128,AP00200903,AP00203434, AP00209555,AP00248893,AP00268032,AP00270260,AP00272136,AP00273477,AP00282120,AP00290354, AP00304238,AP00305278,AP00305380,AP00307932,AP00310463,AP00312287,AP00313401,AP00313577, AP00313712,AP00315513,AP00320279,AP00321673,AP00322323,AP00323763,AP00327245,AP00327421, AP00330139,AP00335410,AP00338914,AP00339524,AP00345128,AP00346948,AP00351942,AP00352242, AP00358539,AP00362937,AP00362941,AP00363381,AP00364087,AP00365066,AP00365340,AP00367775, AP00369260,AP00370605,AP00370790,AP00371386,AP00374043,AP00374755,AP00376767,AP00376960, AP00377693,AP00377777,AP00378350,AP00382604,AP00384012,AP00384855,AP00385126,AP00385183, AP00385337,AP00385717,AP00386121,AP00391099,AP00393086,AP00393797,AP00393991,AP00398244, AP00398293,AP00413725,AP00413815,AP00413835,AP00415034,AP00415166,AP00415550,AP00423060, AP00430614,AP00431716,AP00433633,AP00437731,AP00437815,AP00437827,AP00437847,AP00438264 **GHAZIABAD:** AP00339067,AP00348934,AP00377570,AP00392921 **HAPUR:** AP00363262,AP00384643,AP00385742, AP00391157,AP00398768 **NOIDA:** AP00392511,AP00407371,AP00413985,AP00422409

अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:
**एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि.**
संपर्क सं.: लाजपत नगर 1800-102-8012 / 011- 40305228 / 207,
फरीदाबाद 01294314725/4104450, और गुरूग्राम शाखा 0124-4276037 नॉएडा: 8368589407,
एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि. को बिना किसी पूर्व सूचना के नीलाम किए जाने वाले खातों की संख्या में परिवर्तन/निलंबन/निरस्तीकरण करने का अधिकार है

## अवधेश राय हत्याकांड की केस डायरी गायब कराने का आरोप

# मुख्तार अंसारी पर मामला दर्ज



**वाराणसी।** वाराणसी में 31 साल पुराने अवधेश राय हत्याकांड की मूल केस डायरी गायब कराने के आरोप में माफिया मुख्तार अंसारी तथा कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ कैंट थाने में मामला दर्ज किया गया है। कैंट थाने के निरीक्षक प्रभु कांत ने बृहस्पतिवार को बताया कि कचहरी के कर्मचारियों से मिलीभगत कर साजिशन मूल केस डायरी गायब कराने के आरोप में माफिया मुख्तार अंसारी तथा कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि अवधेश राय हत्याकांड की सुनवाई वाराणसी के एमपी-एमएलए अदालत में हो रही है। मामले में मूल केस डायरी की जगह छाया प्रति पर ही सुनवाई हो रही है। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता अजय राय के भाई अवधेश राय की तीन अगस्त 1991 को लहुराबीर स्थित उनके आवास पर ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मुख्तार अंसारी, पूर्व विधायक अब्दुल कलाम तथा भीम सिंह, कमलेश सिंह व राकेश न्यायिक समेत कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। मुख्तार इस वक्त जेल में है।

**भ्रष्टाचार का आरोपी परियोजना अधिकारी गिरफ्तार:** मथुरा। भ्रष्टाचार तथा अन्य आरोपों में निलम्बित किए गए मथुरा जिला नगरीय विकास अधिकरण के परियोजना अधिकारी रमेश कौशिक को हरियाणा के रोहतक से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि जिला नगरीय विकास अधिकरण में परियोजना अधिकारी के पद से निलम्बित किए गए रमेश कौशिक को भ्रष्टाचार, गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में बुधवार को हरियाणा के रोहतक से गिरफ्तार कर मेरठ के भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें मेरठ जेल भेज दिया गया। सूत्रों ने बताया कि कौशिक के खिलाफ एक विनिर्माण कम्पनी के कर्मचारी महावीर प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी कि वह कंपनी के काम के सिलसिले में जमा किए सुरक्षा धन का एफडीआर जारी करने के एवज में डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत मांग रहा है। इसके अलावा कुछ अन्य क्षेत्रों में कम्पनी कराए गए विकास कार्यों के बाबत भी पांच लाख रुपए बतौर कमीशन मांगे थे।

## नशीले पदार्थों के तस्कर की एक करोड़ की संपत्ति जब्त

**मेरठ।** मेरठ पुलिस ने कथित तौर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सक्रिय नशीले पदार्थों के तस्कर हाजी तसलीम की मछेरान स्थित एक करोड़ की संपत्ति बृहस्पतिवार को जब्त कर ली। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विवेक यादव के नेतृत्व में थाना लालकुर्ती पुलिस द्वारा कुर्की की कार्वाई की गई। कुर्की से पहले लाउडस्पीकर से घोषणा करा कर आसपास के लोंगो को इस कार्वाई की सूचना दी गई। यादव ने बताया कि पिछले साल 22 दिसम्बर को रेलवे रोड थाने में गैंगस्टर अधिनियम के तहत तसलीम, उसकी पत्नी नसीम बानो उर्फ हज्जन, उसके पुत्रों शाहवाज उर्फ शाबाज और शादाब के अलावा निजामुद्दीन उर्फ पोनी, व दानिश के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच मेरठ स्थित लालकुर्ती थाने के प्रभारी निरीक्षक द्वारा की जा रही है। यादव ने बताया कि उक्त अभियुक्तों में से हाजी तसलीम जेल में बंद है जबकि शादाब, निजामुद्दीन व दानिश जमानत पर हैं। वहीं, नसीम बानो उर्फ हज्जन व शाहबाज उर्फ शाबाज फरार चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच-पांच हजार रूपए का पुरस्कार घोषित है।यादव ने बताया कि जांच के दौरान खुलासा हुआ कि तसलीम काफी बड़े पैमाने पर तथा लम्बे समय से मादक पदार्थों की बिक्री के अपराध में संलिप्त है और उसने अपराध से प्राप्त धन से बड़े पैमाने पर सम्पत्ति अर्जित की है। एएसपी के अनुसार तसलीम के एक भूखंड जिसकी कीमत करीब एक करोड़ रुपए है, पर आज दोपहर पुलिस ने गैंगस्टर अधिनियम के तहत पहले अदालत का नोटिस चस्पा किया उसके बाद जब्ती की कार्वाई की।

# सपा मुसलमानों को डर दिखाकर लेती है वोट, हक नहीं देती: राजभर

**भाषा।** बलिया



**सुहेलदेव** भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने बृहस्पतिवार को अपने साथी दल समाजवादी पार्टी (सपा) पर मुस्लिम समाज को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का डर दिखाकर उनका वोट लेने और उसे उसका हक नहीं देने का आरोप लगाया। सपा से नाराज राजभर ने बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा से बातचीत में आरोप लगाते हुए कहा सपा मुस्लिम समाज को भाजपा का डरा दिखाकर उनका वोट ले लेती है, मगर जब मुस्लिम समाज को हक देने का समय आता है तो वह मुंह मोड़ लेती है। उन्होंने सवाल किया सपा प्रमुख अखिलेश यादव की वर्ष 2012 से 2017 के बीच रही सरकार में पुलिस विभाग में भर्ती हुई थी। उसमें मुस्लिम समाज को उनकी हिस्सेदारी के लिहाज से 20 प्रतिशत नौकरियां मिलनी चाहिए थी। क्या सपा के नेता स्पष्ट करेंगे कि कितने फीसद मुस्लिम युवकों को पुलिस में नौकरी मिली? राजभर ने अखिलेश यादव की पूर्ववर्ती सरकार पर हमला करते हुए कहा कि तब रंगदारी वसूली से आम लोग भयाक्रांत रहा करते थे। उन्होंने दावा किया कि पिछले माह आजमगढ़ लोकसभा के उपचुनाव के दौरान वोट मांगते समय मतदाताओं ने उनसे कहा था कि वे ऐसे दल को क्यों वोट दें, जिसके शासन में वे सुरक्षित नहीं रह सकते। गौरतलब है कि सुभासपा ने इस साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव सपा के साथ मिल कर लड़ा था और उसे छह सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस चुनाव के बाद से ही दोनों दलों के बीच तल्खियां बढ़ने लगी थीं। पिछले माह आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा के उपचुनाव में सपा की पराजय के बाद राजभर ने सपा प्रमुख के खिलाफ और खुलकर बोलना शुरू कर दिया और उन्हें वातानुकूलित कमरों में बैठकर राजनीति करने वाला नेता बताया था। राजभर ने सपा और बहुजन समाज पार्टी को साथ मिलकर अगला लोकसभा चुनाव लड़ने का सुझाव भी दिया, जिसे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यह कहते हुए ठुकरा दिया कि उनकी पार्टी को किसी की सलाह की जरूरत नहीं है। सपा और सुभासपा के बीच दूरियां उस वक्त और भी बढ़ गईं, जब राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा की प्रेस कांफ्रेंस में खुद को नहीं बुलाए जाने से नाराज राजभर ने ऐलान किया कि उनकी पार्टी के विधायक भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को वोट देंगे।

## आजमगढ़ और रामपुर की जनता ने अखिलेश को दिखा दिया आईना

**पायनियर समाचार सेवा** ।वाराणसी



**पीडब्ल्यूडी** राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि सपा प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के पास कुछ कहने के लिए बचा नहीं है। आजमगढ़ और रामपुर की जनता ने अखिलेश यादव को आईना दिखा दिया है। मेरी सलाह है कि अब अखिलेश यादव कुछ दिनों के लिए शांत होकर बैठ जाएंगे और आत्म चिंतन करें। बुधवार को बनारस आए मंत्री ने श्रीकाशी विश्वनाथ व मार्कंडेय महोदव मंदिर में दर्शन-पूजन किया। पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता 2014 से लेकर 2022 तक दिखा दिया है कि विकास करने वाली सरकार ही बनाएगी। अब 2024 की तैयारी शुरू हो गई है। पीडब्ल्यूडी के स्थानांतरण में हुई धांधली पर मंत्री बृजेश सिंह ने चुप्पी साध ली। कहा कि मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में है। उन्होंने इस पर कार्रवाई की है। मामला शासन के प्रक्रिया का हिस्सा है। इसमें कोई ऐसी बात नहीं है। सुबह कैथी गांव स्थित मार्कंडेय महादेव का दर्शन-पूजन कर मंत्री ने लोक कल्याण की कामना की।इसके बाद कैथी गांव निवासी पूर्व पुलिस अधिकारी श्यामाचरण पांडेय और उमाचरण पांडेय के यहां गए। श्यामाचरण पांडेय ने सारदानंद नाम से नेताजी सुभाषचंद्र बोस के बारे में चर्चा की। वर्ष 1951-52 में कैथी में प्रवास किया। किस तरह दोनों भाई स्व. कृष्णकांत और राधाकांत उनकी सेवा समर्पित रहे, स्मृतियों को साझा किया। उनके जीवन के इस कालखंड पर लिखी दो पुस्तकों नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सायगान से आगे और नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पीक्स पोस्ट 18 अगस्त 1945 की प्रतियां भी श्यामाचरण ने मंत्री को भेंट की। गांव की स्थानीय समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया।

## बरेली : स्कूल में सिख छात्रों के पगड़ी पहनने पर रोक के खिलाफ प्रदर्शन, स्कूल ने मांग ली माफी

**बरेली।** जिले के बारादरी इलाके में स्थित एक स्कूल में सिख छात्रों के पगड़ी पहनने और कड़ा तथा कृपाण धारण करने पर रोक के कथित आदेश के खिलाफ सिख समुदाय के लोगों ने बृहस्पतिवार को स्कूल के सामने विरोध- प्रदर्शन किया। हालांकि, प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद स्कूल प्रशासन ने माफी मांग ली है। मॉडल टाउन गुरुद्वारा कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मालिक सिंह कालरा ने बताया कि बारादरी इलाके में स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल की एक शिक्षिका ने बुधवार को प्रार्थना सभा में हिदायत दी कि सभी बच्चे एक जैसी पोशाक में दिखने चाहिए और जो छात्र पगड़ी, कृपाण और कड़ा पहनकर आते हैं, वे भी ऐसा करना बंद कर दें। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन ने चेतावनी दी कि जो बच्चे इस नियम को नहीं मानेंगे , उनके लिए स्कूल में पढ़ना संभव नहीं होगा और वे किसी दूसरे स्कूल में दाखिला ले लें। कालरा के मुताबिक शाम को बच्चों ने यह बात अपने अभिभावकों को बताई, तो उनमें आक्रोश पनपने लगा। बुधवार देर रात गुरुद्वारा कमेटियों ने सोशल मीडिया पर संदेश जारी कर स्कूल के बाहर विरोध-प्रदर्शन करने की घोषणा कर दी। इसके तहत सिख समुदाय के लोगों ने आज प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे अभिभावकों ने स्कूल के निर्देश को मनमाना और गैरकानूनी करार देते हुए कहा कि यह धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने सिखों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले इस आदेश के लिए स्कूल की प्रधानाचार्या के खिलाफ कार्वाई की मांग की। इस बीच, नगर मजिस्ट्रेट राजीव पांडे ने हंगामा कर रहे सिख समुदाय के लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। पांडे ने बताया कि उन्होंने इस आदेश पर स्पष्टीकरण के लिए स्कूल की प्रधानाचार्या को अपने दफ्तर में तलब किया है। जिलाधिकारी शिवाकांत दिवेदी ने बताया कि दोनों पक्ष बुलाए गए और उन्हें सुना गया। बातचीत में स्कूल प्रबंधन ने कहा कि कुछ गलतफहमी हो गई है, इसके लिए वह क्षमाप्रार्थी है और खेद प्रकट करता है। इसके बाद मामला खत्म हो गया।

## बरेली में मिला अफ्रीकन स्वाइन फीवर का मामला

**बरेली।** बरेली जिले मे अफ्रीकन स्वाइन फीवर (एएसएफ) का पहला मामला सामने आया है। इसके बाद भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पत्र भेजकर अलर्ट जारी करने के लिए कहा है। आईवीआरआई के संयुक्त निदेशक डॉक्टर के.पी. सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि देश के मिजोरम,त्रिपुरा और असम के बाद अब बरेली में भी अफ्रीकन स्वाइन फ्लू का मामला सामने आया है। उन्होने बताया कि कुछ दिन पूर्व बरेली जिले के नवाबगंज तहसील के भड़सर डांडिया गांव निवासी पशु पालक अनिल कुमार के सुअर को तेज बुखार आया था और कुछ दिन बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कुमार ने मृत सुअर का नमूना जांच के लिए आईवीआरआई भेजा था। डॉ.सिंह ने बताया कि आज नमूने की जांच मे अफ्रीकन स्वाइन फीवर की पुष्टि हुई। उन्होंने बताया कि इसके बाद आईवीआरआई की तरफ से मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को भी पत्र भेजकर अलर्ट और परामर्श जारी करने के लिए कहा गया है।

## संस्कृत विश्वविद्यालय के मेधावियों को एक हजार रुपये छात्रवृत्ति देने का निर्णय

● **संस्कृत संरक्षण से ही भारतीय संस्कृति का ज्ञान सम्भव है-ज्योतिष पीठ के पीठाधीश्वर**

**पायनियर समाचार सेवा** ।वाराणसी

**यदि** भारत को जानना है तो संस्कृत को अनिवार्य रूप से जानना होगा,संस्कृत से ही भारतीय संस्कृति का ज्ञान सम्भव है,प्राचीन भारत की गौरवशाली संस्कृति से युवा पीढ़ी को परिचित कराने के लिये संस्कृत का प्रचार-प्रसार किया जाना आवश्यक है उक्त विचार आज ज्योतिष पीठ/श्री ज्योतिष पीठ संस्कृत महाविद्यालय,अलोपीबाग,प्रयागराज में आयोजित संस्कृत संरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत उक्त पीठ के पीठाधीश्वर एवं श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज ने गुरूवार को सम्पूर्णनन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी को अँगवस्त्रम,सूखा फल आदि के साथ अभिनंदन करते हुये व्यक्त किया।कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने बताया कि भारतीय धर्म व संस्कृति के संरक्षण,उसके प्रचार-प्रसार के लिये छठीं शताब्दी में स्थापित चारों पीठों में से ज्योतिष पीठ बहुत ही महत्वपूर्ण स्थल है यहाँ के पीठाधीश्वर एवं उक्त के अन्तर्गत स्थापित श्री ज्योतिष पीठ संस्कृत महाविद्यालय,प्रयागराज के प्रबंधक जगद्गुरु स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज ने आज आशीर्वाद के साथ साथ संस्कृत संरक्षण के विभिन्न आयामों पर वार्ता के साथ विश्वविद्यालय में पढने वाले मेधावी एवं आर्थिक रूप से निर्धन विद्यार्थियों के संरक्षण हेतु उक्त पीठ के माध्यम से प्राच्य विद्या के 22 विभागो से एक मेधावी को 01 हजार रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति के रूप में देने का एलान किया जिसमें 10 माह तक उन्हे रुपये 10 हजार प्राप्त छात्रवृत्ति के रूप में प्राप्त होंगे।इस तरह से 2 लाख बीस हजार रुपये प्रति वर्ष प्रत्येक विभाग पर व्यय किये जायेंगे।इस पर महाराज जी ने एक प्रस्ताव शीघ्र मांगा है।

## स्थानीय प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने की हो रही तैयारी

**लखनऊ।** मोबाइल एप्लिकेशन विकसित करने वाली प्रमुख कंपनियों में से एक एपवेंचर्ज ने लखनऊ में अपने नए कार्यालय की घोषणा की है। इसके जरिये कंपनी की योजना आस.पास के कस्बों और गांवों सहित शहर के 200 से अधिक इंजीनियरों और डिजिटल टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स को नियुक्त करने की है। इसका उद्देश्य टियर प्प् और प्प्प् के प्रतिभाशाली युवाओं को उनके अपने शहर में रोजगार देना और उनके पलायन को रोकना है। कंपनी की विस्तार प्रक्रिया जारी है और इस कड़ी में कंपनी अपने सभी कर्मचारियों को आरामदायक और उनका स्वागत करने वाला कार्यस्थल प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। कंपनी के इस कदम से युवाओं को व्यवसाय करने और खुद के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगाए वह भी उनके अपने शहर में। कंपनी ने लखनऊ में अपना कार्यालय स्थापित कर लिया है और जल्द ही कंपनी चंडीगढ़ और हैदराबाद में अपना कार्यालय स्थापित करने जा रही है। कंपनी इन शहरों के लोगों को उनके ही शहर में रोजगार देना चाहती है और उन्हें पूरी तरह से वहीं पर काम करने का मौका देना चाहती है। एपवेंचर्ज के सह.संस्थापक अजय कुमार का कहना है कि ष्हम भारत में अपनी टीम को विस्तार देने की योजना को लेकर बेहद उत्साहित हैंए खासकर लखनऊ जैसे टियर प्प् और प्प्प् शहरों में।

## एचएलवाई एजुकेशनल पब्लिक स्कूल अगौना पर दर्ज होगा केस

**बस्ती।** बीएसए डा. इंद्रजीत प्रजापति ने खंड शिक्षा अधिकारी बहादुरपुर को अगौना सीतापुरवा में स्थापित एचएलवाई एजुकेशनल पतिब्लक स्कूल अगौना के प्रबंधक के खिलाफत्वरित एफआईआर दर्ज कराने और उसकी प्रतिलिपि उपलब्ध कराने का लिखित आदेष दिया है। साथ ही यह भी आदेष दिया है, कि जुर्माने की धनराशि का आगणन करते हुए रिकवरी के लिए आरसी निर्गत करने का प्रस्ताव प्रस्तुत करें। बीईओ को जारी लिखित आदेष में बीएसए ने कहा कि प्रदेश में बिना मान्यता प्राप्त किए कोई भी स्कूल स्थापित/संचालित नहीं कर सकता। यदि कोई ऐसा करता है, तो उसके विरुद्व दंड का भी प्राविधान है। लिखा कि आपके के द्वारा विधालय का संचालन बंद करने का नोटिस नौ अर्पेल 22 को जारी किया गया। 20 अप्रैल 22 को भी इसी तरह का नोटिस जारी किया गया। फिर भी स्कूल का संचालन बंद नहीं हुआ। लिखा कि दो मई 22 को अर्थ दंड की धनराषि जमा करने एवं विधालय का संचालन बंद करने के लिए आदेषित किया गया। लिखा कि 20 जुलाई 22 को उनके निरीक्षण में विधालय का संचालन होता पाया गया। इस लिए आप को आदेष दिया जाता है, कि विधालय प्रबंधक के विरुद्व तत्काल एफआईआर दर्ज करवाकर उसकी एक प्रति उन्हें भी उपलब्ध कराएं। सवाल उठ रहा है, कि अगर बीएसए जांच करने नहीं जाते तो यह कार्रवाई होती। अब यह भी सवाल उठ रहा हैं, कि जब बीएसए निरीक्षण करने जा सकते है, तो क्यों नहीं बीईओ जा सकते है। इससे पता चलता है, कि खंड षिक्षा अधिकारी की मिली भगत से नोटिस जारी होनें के बाद भी न जाने कितने अमान्य विधालय संचालित हो रहे है। एक तरह ये इस तरह के विधालय बच्चों का भविष्य खराब कर रहे हैं, इसमें बीईओ पूरा साथ दे रहे है। बीएसए की मजबूरी है, कि वह जिले के भर हजारों विधालयों का निरीक्षण चाहकर भी नहीं कर सकते, इसी का लाभ खंड षिक्षा अधिकारी उठाते रहे है। यही कारण है, कि बार-बार खंड षिक्षा अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग उठती आ रही है। अगर बहादुरपुर में कोई अमान्य विधालय संचालित होते पकड़ा गया तो कार्रवाई क्यों सिर्फविधालय प्रबंधक पर हो रही है, क्यों कि बीईओ के खिलाफहो रही है। बीईओ के खिलाफकार्रवाई न करने से बीएसए की भी भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है।

# अपराधी गोंडा छोड़ दें या अपराध

● **क्राइम का ग्राफ कम करना प्रथमिकता: पुलिस अधीक्षक**

● **आरक्षी बैरकों का होगा कायाकल्प, चमकेंगे थाने**

**हेमन्त पाठक।** गोंडा



**जिले** में क्राइम का ग्राफ कम करना प्राथमिकताओं में है, इसके लिये सार्थक प्रयास होंगे। अपराध व भयमुक्त समाज की परिकल्पना को फलीभूत करने का काम होगा। धरातल पर कार्य करते हुए जिले की पुलिसिंग व्यवस्था को और दुरूस्त किया जायेगा। जो अपना कार्य पूरी निष्ठा व ईमानदारी से नहीं करेगा, उस पर जांचोपरान्त निश्चित ही विभागीय कार्यवाही होगी। यह बातें पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर में पायनियर से बातचीत के दौरान कही।एसपी श्री तोमर ने बताया कि गोंडा जनपद में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व वे कानपुर, बरेली, गाजियाबाद, प्रतापगढ़, संत कबीरनगर व सहारनपुर में कार्य करने के साथ ही पांच जनपदों में पुलिस कप्तान के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन चुके हैं। वार्तालाप के दौरान उन्होंने बताया कि शीघ्र ही पुराने आरक्षी बैरकों का कायाकल्प कराया जाएगा एवं सभी थानों को और अधिक हाईटेक कर मित्र पुलिस को बढ़ावा देते हुए डिजिटल वॉलेंटियर स्थापित किए जाएंगे। जो अपराध व अपराधियों पर पैनी निगाह रखते हुए पुलिस को सहयोग प्रदान करेंगे। लंबित विवेचना के निस्तारण के बाबत उन्होंने बताया कि यहां लगभग 1300 विवेचनाएं लंबित हैं। जिसके निस्तारण हेतु थानों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किये जा चुके हैं। यह भी बताया कि उनके द्वारा थानावार समीक्षा की जा रही है। अब कार्य करने वाले ही थानों पर रहेंगे, कार्यों में लापरवाह व हीला-हवाली करने वालों को चार्ज नहीं मिलेगा। एसपी श्री तोमर ने साफशब्दों में अपनी मंशा जाहिर करते हुए कहा कि शांति व्यवस्था खराब करने वालों अथवा माहौल बिगाड़ने वालों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा। चाहे वे कितने ही रसूखधारी ही क्यों न हों। उन्होंने अपराधियों के लिए दो टूक शब्दों में चेतावनी भरा संदेश दिया कि या तो अपराधी गोंडा छोड़ दें अथवा अपराध। नहीं तो उन्हें उनके सही ठिकानों पर पहुंचा दिया जाएगा, जहां उन्हें वास्तव में होना चाहिए।

## एसजीएसटी व सीजीएसटी काट कर हो भुगतान: डीएम



**गोंडा।** जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में राज्यकर विभाग की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जनपद के समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष व डीडीओ उपस्थित रहे। बैठक में राज्यकर विभाग के अधिकारियों के द्वारा जनपद के सभी विभागाध्यक्षों व डीडीओ को जीएसटी के संबंध में विस्तृत जानकारी देते कहा कि यह सुनिश्चित करें कि आपके विभागों में किये जा रहे भुगतानों में नियमानुसार एसजीएसटी एवं सीजीएसटी की कटौती करने के बाद में ही भुगतान किया जाय। उन्होंने बताया है कि जनपद के सभी विभागों में ठेकेदार की फर्म या किसी संस्था के द्वारा कार्य कराया गया है और संबंधित फर्म को भुगतान किया जाना है तो नियमानुसार एसजीएसटी एवं सीजीएसटी काट करके ही भुगतान किया जाय। वहीं बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने सभी विभाग के अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि इस पर ध्यान दें कि किसी भी विभाग के अधिकारी बिना जीएसटी के भुगतान नहीं करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को जीएसटी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी कि किस किस भुगतान में जीएसटी की कटौती करनी है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, राज्यकर विभाग सभी अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका जिला अस्पताल, क्षेत्रीय सहायक निदेशक देवीपाटन सेवायोजन आशा वर्मा, एआरटीओ बबीता वर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी रविंद्र सिंह राठौर, प्रभारी जिला पंचायत राज अधिकारी, एक्सईएन आरईएस, जिला सहकारिता अधिकारी समस्त विभागों के वीडियो सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने की समीक्षा बैठक



**बांदा।** जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में रोजगार परक योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद मार्जिन मनी ऋण योजना की गहन समीक्षा की गई। प्रगति लक्ष्य के अनुरूप ना पाए जाने पर जिलाधिकारी द्वारा अग्रणी जिला प्रबंधक सभी बैंकों के समन्वयक को निर्देश दिए के एक सप्ताह के भीतर लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति प्राप्त करना सुनिश्चित करें। औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में ऑक्सीजन इकाई के विद्युत कनेक्शन के संबंध में इकाई के निदेशक द्वारा अवगत कराया गया अधीक्षण अभियंता विद्युत द्वारा अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया जा चुका है कि वह इकाई के हित में यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही करते हुए विद्युत संयोजन जारी कराना सुनिश्चित करें। ऑक्सीजन प्लांट के निदेशक श्री रोहित जैन ने समिति को अवगत कराया कि उनके द्वारा जो आवेदन सबसे पहले दिए गए थे उसके संबंध में गत बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन में क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीएसआईडीसी द्वारा समुचित कार्रवाई नहीं की गई। क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीएसआईडीसी द्वारा बैठक में प्रतिभाग ना किए जाने पर जिलाधिकारी द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया और उनके विरोध कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए। उधर जिलाधिकारी अनुराग पटेल की अध्यक्षता में जिला श्रम बुन्धु एवं आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के सम्बन्ध में कलेक्टेढ्ढ सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी श्री पटेल ने निर्देश दिये कि सभी कार्यदायी संस्थायेंए बी0डी0ओ0 निर्माण श्रमिकों का पंजीयन अवश्य करायें। सभी कार्यदायी संस्थायें अपना पंजीयन भी करायें। जनपद में निर्माण श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 40403 का लक्ष्य निर्धारित हैए जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारीए सभी खण्ड विकास अधिकारियों से अपेक्षा की गयी कि सभी समन्वय स्थापित कर लक्ष्य को प्राप्त करायें। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने का जो निर्देश था उसके अनुसार तत्परता से आयुष्मान कार्ड बनाया जाए।

## किसान दिवस आयोजित

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर जिला विकास अधिकारी राम समुझ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवस के अवसर पर खरीफअभियान की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा किसानों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया। बैठक के दौरान वर्षाकाल में आच्छादनए बीजए उर्वरक व अनय कृषि निवेशों की उपलब्धता एवं गुणवत्ता नियंत्रण की प्रगति की समीक्षा की गई। कृषि निवेशों एवं फसलों के लिए आवश्यक उर्वरकों की आपूर्तिए मत्स्य पालनए रेशम उत्पादन एवं रेशम कीट पालनए दृग्ध व्यवसाय एवं उत्पादन की प्रगतिए नहरों के संचालन की स्थितिए बोरिंगए चेकडैम एवं आकस्मिक सिंचाई योजनाए पशुओं को चारे के उत्पादन एवं पानी आदि की उपलब्धता तथा नलकूप के संचालन की स्थिति आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी अवधेश कुमार यादवए जिला उद्यान अधिकारी दिनेश कुमार चौधरीए सहायक अभियंता लघु सिंचाईए भूमि संरक्षण अधिकारी शिशिर वर्मा सहित अधिकारीगण एवं किसान बन्धु उपस्थित रहे।

## नेपाल से प्रतिबंधित मांस ला रहे 2 तस्कर गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्रवाई के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगरध्भिनगा अतुल कुमार चौबे के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंहए थाना मल्हीपुर मय हमराह द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिरखास से सूचना मिली कि अभियुक्तगण मो0 लुकमान खान पुत्र कमाल मोहम्मद निवासी बनगई थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती जिबराइल पुत्र मरदान निवासी अकार पो0 कानीबोझी थाना मल्हीपुरएजनपद श्रावस्ती नेपाल राष्ट्र से अवैश भैसाध्पडवा का मांस लाकर भारत में बेचते है जिस कारण लोगों में आक्रोश व्याप्त है व पवित्र माह में शौहार्द बिगड़ सकता है इस सूचना पर अभियुक्तगण उपरोक्त को ग्राम गजोबरी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना मल्हीपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 316द्2022 धारा 418ए505;1ब्द्ध भा द वि में अभियोग पंजीकृत किया गया।

## भारत के गरिमामयी इतिहास से परिचित हों बेटियां:गीतांजलि



**मथुरा।** कलावृक्ष सोसायटी फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स एंड कल्चरल अफेयर्स के तत्वाधान में कलावृक्ष कथक केंद्र की बेटियों को राष्ट्रपति भवन में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। अंतराष्ट्रीय कथक कलाकार गीतांजलि शर्मा ने राष्ट्रपति से अपने कथक केंद्र की छात्राओं को राष्ट्रपति भवन के इतिहास से रूबरू कराने की अनुमति के सम्बन्ध में पत्र लिखा था, जिस पर राष्ट्रपति ने उसे सहज स्वीकार करते हुए अपने ए पी एस को इस के सम्बन्ध में आदेशित किया। छात्राओं ने कलावृक्ष कथक केंद्र की संचालिका के मार्गदर्शन में राष्ट्रपति भवन के इतिहास को जाना।कलावृक्ष कथक केंद्र की छात्राओं ने राजधानी दिल्ली में स्थित राष्ट्रपति भवन के तकरीबन 330 एकड़ में फैले प्रेसिडेंशियल एस्टेट को देखा उसके उपरांत 5 एकड़ में फैला भारत के राष्ट्रपति के आवास को देखा और उसके इतिहास के बारे में जाना । राष्ट्रपति भवन में छात्राओं ने जाना की 340 कमरेए 37 सभागारए 74 बरामदे और 37 फव्वारे वाला 4 मंजिला इस इमारत के डिजाइन एवं इमारत को बनाने का कार्य एडविन लुटियन और हर्बर्ट बेकर को दी गई थी। इस भवन के बाहरी दीवारों पर सुंदर तरीके से हाथी की गई नक्काशी एवं प्रवेश द्वार पर बने तोप के साथ.साथ बड़े आकार में गुंबद की संरचना इसकी खूबसूरती में चार चांद लगा देती हैं। दिल्ली के इस राष्ट्रपति भवन में इन सबके अलावा भी कई अन्य प्रमुख वास्तुकला के साथ साथ ऐतिहासिक दरबार हॉलए मुगल गार्डन इत्यादि भी देखाए इसके बाद कथक केंद्र की छात्राओं ने राष्ट्रपति भवन के नव निर्मित संग्रहालय को भी देखा जिसका शुभारंभ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था। जयपुर घराने की वरिष्ठ गुरु गीतांजलि शर्मा ने कहा कि देश की भावी पीढ़ी को भारत की संस्कृति को अक्षुण बनाए रखने के लिए बहुत आवश्यक है कि वह भारत के गरिमामई इतिहास से परिचित होंए और देश की धरोहर की जिम्मेदारी को अपने कंधों पर लें क्यूंकि क्या पता मथुरा की ही कोई बेटी किसी दिन राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बने। घरौंदे से बाहर निकलने के बाद पक्षी को पता चलता है कि आसमान कितना बड़ा है और कितनी उड़ान बाकी है।

# भारत के मुक्केबाजों की निगाहें शानदार प्रदर्शन पर




**भाषा।** नई दिल्ली

**मुक्केबाज** रोहित टोकस से चोटों के कारण विश्व चैम्पियनशिप और तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लेने का मौका छीन गया था लेकिन अब वह राष्ट्रमंडल खेलों में पदार्पण में शानदार प्रदर्शन करना चाहेंगे। रोहित को 2018 और 2019 में लगातार चोटों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, मुझे 2018 में लिगामेंट चोट लग गई थी जिसके कारण मैं विश्व चैम्पियनशिप से बाहर हो गया था। वह राष्ट्रमंडल खेलों की पुरूषों की 67 किग्रा स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा, 2019 में मेरे लिगामेंट में फिर चोट लग गई। मेरे दोनों घुटनों में लिगामेंट चोट थी। एक में चाोट इंडिया ओपन के दौरान और दूसरे में राष्ट्रीय प्रतियोगिता के दौरान लगी। अपने वजन वर्ग में सभी शीर्ष भारतीय मुक्केबाजों को हराने के बाद रोहित ओलंपिक क्वालीफायर में हिस्सा लेने के लिए तैयार थे लेकिन उनकी चोट इतनी गंभीर थी कि वह अपने घुटने की स्थिति खराब होने का जोखिम नहीं ले सकते थे। मेरा लक्ष्य ओलंपिक था और मैंने यहां सभी शीर्ष मुक्केबाजों को हरा दिया था। क्वालीफायर में मुझे अच्छा करने का भरोसा था लेकिन तब मैं चोटिल हो गया। यह बहुत निराशाजनक था। मेरी चोट इतनी गंभीर थी कि डाक्टरों ने मुझे कहा कि अगर तुम खेलोगे तो तुम्हारा पूरा घुटना खराब हो जाएगा। मुझे लगा कि मुझे पहले खेलने के लिए शारीरिक रूप से फिट होना होगा। अगर मैंने जोखिम लिया होता तो शायद मैं फिर मुक्केबाजी नहीं कर पाता। उन्होंने अपने घुटने की सर्जरी कराई और महामारी (कोविड-19) शुरू हो गई जिससे उन्हें उबरने का समय मिल गया। कुछ ही महीनों बाद उनकी शादी हो गई। पर रिंग में वापसी की कोशिश में रोहत ने बाहर निकलकर दौड़ना शुरू किया और इस वायरस की चपेट में आ गए। पहले लॉकडाउन के बाद मैं कोविड-19 पॉजिटिव था। मैंने सोचा कि यह सामान्य बुखार है और इसे गंभीरता से नहीं लिया। पर सिरदर्द 10-15 दिन रहा। पर मुझे कमजोरी महसूस नहीं हुई। रोहित इसके बाद पूरी तरह से उबर गए। 2018 में 64 किग्रा के राष्ट्रीय चैम्पियन ने ओलंपिक से पहले 75 किग्रा में खेलने का फैसला किया था लेकिन राष्ट्रमंडल के लिए वह फिर से नीचे 67 किग्रा वर्ग में खेलेंगे।


अभ्यास करते भारतीय मुक्केबाज

## सफल शुरुआत के लिए तैयार है महिला क्रिकेट

**नई दिल्ली।** महिला क्रिकेटरों को पहली बार किसी बहु खेल प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलेगा और जब क्रिकेट 24 साल बाद राष्ट्रमंडल खेलों में वापसी करेगा तो यह खेल वैश्विक स्तर पर भी लोगों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश करेगा। राष्ट्रमंडल में क्रिकेट खेलने वाले शीर्ष देश शामिल है और इस खेल की बर्मिंघम खेलों मे वापसी होगी। राष्ट्रमंडल खेलो मे अभी तक केवल एक बार 1998 में कुआलालंपुर में क्रिकेट को शामिल किया गया था। तब पुरुष क्रिकेटरों ने इन खेलो मे हिस्सा लिया था। ओलंपिक 2028 में क्रिकेट को शामिल करने की कवायद में लगे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को उम्मीद रहेगी कि बर्मिंघम मे महिला क्रिकेट को अपार सफलता मिलेगी जिससे कि लॉस एंजलिस ओलंपिक मे इस खेल को शामिल करने का उसका दावा मजबूत होगा।

## बैडमिंटन : सिंधू पर होगी नजर, लेकिन भारत के लिए युगल महत्वपूर्ण



**नई दिल्ली।** पीवी सिंधू सहित स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी राष्ट्रमंडल खेलो में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए कोई कसर नही छोड़ेगे लेकिन युगल खिलाड़ी भी सुर्खियो मे रहेंगे क्योंकि भारत का लक्ष्य मिश्रित टीम खिताब बरकरार रखकर इन खेलो मे अपने प्रदर्शन मे निरंतरता बनाए रखना होगा। भारत की तरफ से राष्ट्रमंडल खेलो की बैडमिंटन प्रतियोगिता मे पहला पदक 1966 मे दिनेश खन्ना ने कांस्य पदक के रूप में जीता था। तब से लेकर अब तक भारत कुल 25 पदक जीत चुका है जिसमे सात स्वर्ण पदक भी शामिल है। गोल्ड कोस्ट मे खेले गए पिछले राष्ट्रमंडल खेलो मे भारतीय खिलाड़ियो ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था तथा दो स्वर्ण पदकसहित कुल छह पदक जीते थे। व्यक्तिगत स्पर्धाओ मे सोने का तमगा जीतना फिर से भारतीय खिलाड़ियो का लक्ष्य होगा। इनमे केवल सिंधू ही नही बल्कि विश्व चैपियनशिप के रजत और कांस्य पदक विजेता क्रमशः किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन भी शामिल है। चिराग शेट्टी और सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी ने 2018 मे रजत पदक जीता था और इस बार वह अपने पदक का रंग बदलना चाहेगे। व्यक्तिगत प्रदर्शन के अलावा इस बार ध्यान मिश्रित टीम स्पर्धा मे भारत के प्रदर्शन पर भी रहेगा। गोल्ड कोस्ट मे युवा भारतीय टीम ने मलेशिया की मजबूत टीम को हराकर पहली बार स्वर्ण पदक जीता था। भारत कुल मिलाकर पदक तालिका में तीसरे स्थान पर है। इंग्लैड आठ बार का विजेता और मलेशिया पांच बार का चैपियन है। उन्होने बैडमिंटन मे क्रमशः 109 और 64 पदक जीते है।

# अनु रानी लगातार दूसरी बार विश्व चैंपियनशिप के फाइनल्स में



**भाषा।** यूजीन

**भारत की** भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी ने गुरुवार को यहां अपने आखिरी प्रयास में 59.60 मीटर भाला फेंक कर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल्स के लिए क्वालीफाई किया। अन्नू पर शुरू में ही बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था क्योंकि उनका पहला प्रयास फाउल हो गया था जबकि दूसरे प्रयास में वह 55.35 मीटर तक ही भाला फेंक पाई थी। आखिर में वह 59.60 मीटर भाला फेंकने में सफल रही जो फाइनल्स में जगह बनाने के लिए पर्याप्त था। वह ग्रुप बी क्वालीफिकेशन दौर में पांचवें स्थान पर रही और उन्होंने दोनों ग्रुप में आठवें सर्वश्रेष्ठ प्रयास के आधार पर फाइनल्स में जगह बनाई। यह 29 वर्षीय राष्ट्रीय रिकार्ड धारक 60 मीटर तक नहीं पहुंच पाई लेकिन उनके पास शनिवार को होने वाले फाइनल्स में अपने प्रदर्शन में सुधार करने का मौका रहेगा। उनका सत्र का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 63.82 मीटर है। दो वर्गों में 62.50 मीटर या 12 सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों ने फाइनल्स में जगह बनाई। केवल तीन प्रतियोगी ही 62.50 मीटर के स्वत: क्वालीफाइंग मार्क को हासिल कर पाए। विश्व चैंपियनशिप में तीसरी बार भाग ले रही अन्नू ने लगातार दूसरी बार इस प्रतियोगिता के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। वह 2019 में दोहा में पिछली विश्व चैंपियनशिप में 61.12 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ फाइनल में आठवें स्थान पर रही थी। इस बीच महिलाओं की 5000 मीटर में पारुल चौधरी हीट नंबर दो में 15 मिनट 54.03 सेकेंड के समय के साथ 17वें और कुल मिलाकर 31वें स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहीं। ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा शुक्रवार (भारतीय समयानुसार सुबह 5:35 बजे) पुरुषों के भाला फेंक के क्वालिफिकेशन राउंड के ग्रुप ए में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## अगले महीने भारत आएगा एफआईएच दल

**नई दिल्ली।** नवनियुक्त कार्यवाहक अध्यक्ष सैफ अहमद की अगुवाई में अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) का तीन सदस्यीय दल नए संविधान को लागू करने की दिशा में प्रगति का जायजा लेने 15 अगस्त को भारत आएगा। भारत को 2023 में होने वाले विश्व कप की मेजबानी बरकरार रखने के लिए हर हालत में नया संविधान लागू करना है। एफआईएच सीईओ थियरी वील और कार्यकारी बोर्ड के सदस्य तैयब इकराम दल में शामिल होंगे।

## अदिति लगातार बोगी से उबरी, पार का कार्ड खेला

**एवियन-ले-बेंस (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने यहां अमुंडी एवियन चैम्पियनशिप के पहले दौर में लगातार बोगी से उबरते हुए इवन पार 71 का कार्ड खेला। अदिति का यह रिकॉर्ड 22वां मेजर टूर्नामेंट है। उन्होंने 10वें होल से शुरूआत की जिसमें वह 12वें और 13वें होल में बोगी कर बैठी। लेकिन उन्होंने 18वें होल में बर्डी लगाकर वापसी की। उन्होंने एक और बर्डी लगाई लेकिन चौथे होल में बोगी के बाद आठवें होल में बर्डी ने सुनिश्चित किया कि वह इवन पार का कार्ड बना ले। कनाडा की ब्रूक हेंडरसन ने सात अंडर 64 के कार्ड से शानदार बढ़त बनाई हुई है। भाषा नमिता मोना

## सहर ने नेहा को पछाड़ा

**बेंगलुरू।** भारतीय गोल्फर सहर अटवाल ने बैक नाइन में शानदार प्रदर्शन की बदौलत गुरुवार को यहां हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के 10वें चरण के दूसरे दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेला जिससे वह बीती रात उनके साथ शीर्ष पर चल रही नेहा त्रिपाठी (71) को पीछे छोड़ने में सफल रहीं। सहर हीरो महिला प्रो टूर के आठवें और नौवें चरण में उप विजेता रही थी जिससे वह खिताब जीतने की कोशिश में जुटी है। स्नेहा सिंह बतौर पेशेवर गोल्फर अपना दूसरा ही टूर्नामेंट खेल रही है। उन्होंने दूसरे दौर में लगातार 71 का कार्ड खेला जिससे वह दो अंडर 142 के कुल स्कोर से तीसरे स्थान पर चल रही है।

## माता–पिता पानी की बोतल भी खरीद सकते हैं : अदालत

**मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि अगर माता-पिता अपने बच्चों को क्रिकेट खेलने के उपकरण (क्रिकेट गीयर) दिला सकते है तो वे पीने के पानी की बोतल भी खरीद सकते है। मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और न्यायाधीश एम एस कार्णिक की खंडपीठ उस जनहित याचिका की सुनवाई कर रही थी जिसमे क्रिकेट के मैदानो मे पीने के पानी और टॉयलेट की बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर असंतोष जताया गया है।

## वनडे क्रिकेट को हमेशा के लिए खत्म कर दें : अकरम

**लंदन।** पाकिस्तान के महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम का मानना है कि वनडे क्रिकेट अब पुराना हो गया है और प्रशासकों को इसे खत्म कर देना चाहिए। इंग्लैंड के हरफनमौला बेन स्टोक्स के वनडे क्रिकेट से अचानक संन्यास लेने के बाद अकरम ने यह बयान दिया है। इसके बाद से ही 50 ओवरों के क्रिकेट के अस्तित्व को लेकर चर्चा छिड़ी हुई है।

## स्पेन को हराकर इंग्लैंड यूरो 2022 के सेमीफाइनल में

**ब्राइटन।** जॉर्जिया स्टैनवे के अतिरिक्त समय में किए गए गोल की बदौलत इंग्लैंड ने स्पेन को 2-1 से हराकर महिला यूरोपीय चैपियनशिप (यूरो 2022) के सेमीफाइनल में जगह बनाई। दोनों टीम 90 मिनट तक1-1 से बराबरी पर थी लेकिन अतिरिक्त समय में स्टैनवे के पेनल्टी क्षेत्र के बाहर से लगाए गए करारे शॉट ने स्पेन की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

# दूसरी कतार के खिलाड़ियों की होगी परीक्षा, धवन भी तैयार

- वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला वनडे आज

**भाषा।** पोर्ट ऑफ स्पेन




**शिखर धवन** की अगुवाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में भारत के दूसरी कतार में शामिल क्रिकेटरों की परीक्षा होगी। यह श्रृंखला ऐसे समय में हो रही है जबकि द्विपक्षीय वनडे मैचों के आयोजन को लेकर चर्चा जोरों पर है। बेन स्टोक्स के अचानक वनडे से संन्यास लेने से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के व्यस्त कार्यक्रम विशेषकर द्विपक्षीय श्रृंखलाओं को लेकर चर्चा ने जोर पकड़ा है। इंग्लैंड के इस ऑलराउंडर ने स्पष्ट किया है कि तीनों प्रारूप में नियमित रूप से खेलना असंभव है। ऐसे में टेस्ट और टी20 के बीच में फंसे वनडे क्रिकेट के लिए अपनी जगह बनाना मुश्किल होता जा रहा है। वेस्टइंडीज फरवरी में तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलने के लिए भारत आया था और इन दोनों टीमों के बीच फिर से सीमित ओवरों की श्रृंखला हो रही है। इस साल टी-20 विश्व कप खेला जाना है और ऐसे में वन डे का महत्व थोड़ा कम हो गया है लेकिन शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में नए खिलाड़ियों को मौका मिलेगा और वह इस श्रृंखला में अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे। केवल वनडे प्रारूप में खेल रहे धवन अपने करियर में दूसरी बार भारत की अगुवाई करेंगे क्योंकि नियमित कप्तान रोहित शर्मा को इस श्रृंखला के लिए विश्राम दिया गया है। उनके अलावा मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या और विराट कोहली को भी विश्राम दिया गया है। इंग्लैंड की श्रृंखला में पता चला अगर कोई खिलाड़ी नियमित रूप से शीर्ष स्तर पर नहीं खेलता तो उसके लिए काम आसान नहीं होता। अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखने वाले धवन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने से काफी पीछे रहे। यह देखना दिलचस्प होगा कि श्रृंखला के पहले मैच में धवन के साथ कौन पारी का आगाज करता है। शुभमन गिल की टीम में वापसी हुई है।

## केएल राहुल कोविड-19 पॉजिटिव, खेलना संदिग्ध

**मुंबई।** भारत के स्टार बल्लेबाज लोकेश राहुल गुरुवार को कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाए गए जिसके कारण उनका 29 जुलाई से तारौबा में वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20 श्रृंखला मे खेलना संदिग्ध है। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने यहां बोर्ड की शीर्ष परिषद की बैठक के बाद राहुल के बारे में सूचना दी।

## दक्षिण अफ्रीका वनडे की मेजबानी करेगा दिल्ली, आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 का मेजबान होगा मोहाली

**नई दिल्ली।** दिल्ली का फिरोजशाह कोटला अक्टूबर के दूसरे हफ्ते में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन वनडे की श्रृंखला के अंतिम मैच की मेजबानी करेगा जबकि टी20 विश्व कप के लिए जाने वाली टीम आईसीसी प्रतियोगिता के लिए रवाना होने से पहले आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन-तीन मैच खेलेगी। पता चला है कि भारत मोहाली में (20 सितंबर), नागपुर में (23 सितंबर) और हैदराबाद (25 सितंबर) में आस्ट्रेलिया से खेलेगा। भारतीय टीम विश्व कप की अपनी तैयारियों का समापन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन और टी20 मैच से करेगी जो त्रिवेंद्रम (28 सितंबर), गुवाहाटी (एक अक्टूबर) और इंदौर (तीन अक्टूबर) में होंगे। तीन वनडे रांची (छह अक्टूबर), लखनऊ (नौ अक्टूबर) और दिल्ली (11 अक्टूबर) में खेले जाएंगे। बीसीसीआई कोविड-19 के कारण स्थगित हुई लंबित श्रृंखलाएं खत्म कर रहा है। दक्षिण अफ्रीका की टीम दुर्गा पूजा के दौरान तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए आ रही है जिसमें दूसरे दर्जे की भारतीय टीम खेलती नजर आएगी।

# भारतीय क्रिकेटरों ने किया इंडोर अभ्यास



**भाषा।** पोर्ट आफ स्पेन

**बारिश के कारण** भारतीय क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले पहले वनडे से पूर्व इंडोर अभ्यास ही किया। अनुभवी शिखर धवन की कप्तानी में भारतीय गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने इंडोर जमकर अभ्यास किया। बीसीसीआई द्वारा ट्विटर पर डाले गए वीडियो में सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा , चूंकि हम इंग्लैंड से आए हैं तो हम आउटडोर अभ्यास करना चाहते थे लेकिन बारिश होने लगी। ऐसे में अभ्यास नहीं करने से इंडोर अभ्यास करना बेहतर था। अभ्यास अच्छा रहा और हमने अंडरआर्म गेंद खेलने जैसे कुछ विशेष चीजों पर काम किया। हम इन तीन वनडे को लेकर काफी उत्साहित है और उम्मीद है कि यह अच्छी श्रृंखला होगी। धवन और कुछ बल्लेबाजों ने नेट्स पर अभ्यास किया जबकि अर्शदीप सिंह ने गेंदबाजी की।

धवन ने इससे पहले पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ वनडे श्रृंखला में भी भारत की कमान संभाली थी। नियमित कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋषभ पंत, हरफनमौला हार्दिक पंड्या , जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी को श्रृंखला में आराम दिया गया है। इससे रूतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, ईशान किशन जैसे युवाओं के सामने अपनी उपयोगिता साबित करने का मौका है।

## हमें पूरे 50 ओवर तक बल्लेबाजी करनी होगी : सिमन्स

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** वेस्टइंडीज की टीम पिछले दो वर्षों में वनडे मैचों में पूरे 50 ओवर खेलने के लिए संघर्ष करती रही है और टीम के मुख्य कोच फिल सिमन्स ने कहा कि भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला मे उनकी टीम खेल के इस विभाग मे सुधार करना चाहेगी। यदि आंकड़ो पर ध्यान दे तो वेस्टइंडीज विश्व कप 2019 के बाद 39 पारियो में से केवल छह पारियो मे ही पूरे 50 ओवर खेल पाया है। उसने पिछली 13 वनडे श्रृंखलाओं में से नौ श्रृंखलाएं गंवाई है। सिमन्स की कोचिंग वाली टीम को इस साल के शुरू में घरेलू मैदानों पर आयरलैंड से भी हार का सामना करना पड़ा था। सिमन्स ने भारत के खिलाफ पहले वनडे की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, अहम बात यह है कि हम पूरे 50 ओवर तक कैसे बल्लेबाजी करते है। हमें पारी संवारकर और साझेदारी निभाकर पूरे 50 ओवर तक बल्लेबाजी करनी होगी। उन्होंने कहा, किसी को क्रीज पर टिककर पारी संवारनी होगी और शतक जड़ने पर ध्यान देना होगा। बल्लेबाजी में हमें ऐसा करना ही होगा। सिमन्स 2019 से वेस्टइंडीज के मुख्य कोच है।

# भारतीय डेविस कप टीम में लौटे सुमित नागल, दिविज शरण बाहर

- सिंतबर में होंगे मुकाबले

**भाषा।** नई दिल्ली

**सुमित नागल ने** नॉर्वे के खिलाफ विश्व ग्रुप एक मुकाबले के लिए भारतीय डेविस कप टीम में वापसी की है जबकि युगल विशेषज्ञ दिविज शरण को टीम में जगह नहीं मिली है। देश के नंबर एक एकल खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन (196वीं रैंकिंग), प्रजनेश गुणेश्वरन (295वीं रैंकिंग), शशिकुमार मुकुंद (431वीं), युकी भांबरी (571) युगल विशेषज्ञ रोहन बोपन्ना (21) को नंदन बाल की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने टीम में रखा है। अर्जुन काढे (519) और सिद्धार्थ रावत (566) की रैंकिंग युकी से बेहतर है लेकिन युकी अगर अपनी सुरक्षित रैंकिंग का इस्तेमाल करे तो वह शीर्ष 100 में होगा। छह खिलाड़ियों में से एक को कप्तान रोहित राजपाल नॉर्वे के हालात देखकर रिजर्व में रखेंगे। भारत 16 और 17 सितंबर को होने वाले मुकाबले में पांच खिलाड़ियों के साथ उतरेगा। पहली बार टीम में शामिल शशिकुमार रिजर्व खिलाड़ी हो सकते हैं।

# तनीषा को दोहरी सफलता, कश्यप भी जीते

- ताइपे ओपन बैडमिंटन

**भाषा।** ताइपे



**भारत की** प्रतिभाशाली बैडमिंटन खिलाड़ी तनीषा क्रास्टो ने ताइपे ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में सीधे गेम में जीत दर्ज करके महिला और मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता पारूपल्ली कश्यप ने भी अंतिम आठ में प्रवेश कर लिया जबकि मिथुन मंजूनाथ और किरण जॉर्ज पुरूष एकल के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। तनीषा और ईशान भटनागर की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने चीनी ताइपे के चेंग केइ वेन और वांग यू कियाओ को 21-14, 21- 17 से हराकर मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दुबई में जन्मीं 19 वर्ष की तनीषा जूनियर दिनों में बहरीन के लिए खेल चुकी हैं। उन्होंने श्रुति मिश्रा साथ स्थानीय खिलाड़ी जिया यिन लिन और लिन यु हाओ को 21-14, 21- 8 से हराकर मिश्रित युगल के अंतिम आठ में जगह बनाई। तनीषा और ईशान का सामना मलेशिया के हू पांग रोन और तो ई वेइ से होगा जबकि महिला युगल में ताइपे की कुओ यू वेन और वांग यू कियाओ या हांगकांग की एंग टी याउ और सांग हियू यान के बीच होने वाले मैच के विजेता से खेलेंगे।

# मनिंदर सिंह बीसीसीआई मामले में न्यायमित्र नियुक्त, 28 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से संबंधित मामले मे सहायता के लिए न्यायमित्र नियुक्त किया और पदाधिकारियो के कार्यकाल के संबंध मे अपने संविधान मे संशोधन की क्रिकेट संस्था की याचिका की सुनवाई की तारीख 28 जुलाई तय की। प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने इस बात का संज्ञान लिया कि पहले जो न्यायमित्र थे, उन्हे अब उच्चतम न्यायालय का जज बना दिया गया है। पीठ ने बीसीसीआई की याचिका की सुनवाई की तारीख 28 जुलाई तय करते हुए कहा, हम वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह को पी एस नरसिम्हा (अब न्यायाधीश पी एस नरसिम्हा) की जगह न्यायमित्र नियुक्त करेंगे। बीसीसीआई अपने पदाधिकारियो के कार्यकाल के संबंध मे अपने संविधान को संशोधित करने की स्वीकृति मांग रहा है जिसमे उसके अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह भी शामिल है। बीसीसीआई ने अपने प्रस्तावित संशोधन मे पदाधिकारियो के लिए अनिवार्य ब्रेक के समय को खत्म करने की स्वीकृति देने की मांग की है जिससे गांगुली और शाह संबंधित राज्य क्रिकेट संघो मे छह साल पूरे करने के बावजूद अपने पदो पर बने रह पाएंगे।

## सिर्फ खिलाड़ियों का ही पूल जरूरी नहीं, कोचों की बेंच स्ट्रेंथ बनाना भी जरूरी : लक्ष्मण



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटरो की बेच स्ट्रेंथ देखकर पूरी दुनिया हैरत मे है लेकिन राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण को लगता है कि भारतीय क्रिकेट को अगले स्तर तक ले जाने के लिए विश्व स्तरीय कोचो और अन्य सहयोगी स्टाफ का बड़ा पूल तैयार करना भी इतना ही अहम है। पूर्व भारतीय बल्लेबाज लक्ष्मण ने दिसंबर मे एनसीए की जिम्मेदारी संभाली थी। उन्होंने गुरुवार को बीसीसीआई की शीर्ष परिषद बैठक मे भारतीय क्रिकेट के लिए अपने दृष्टिकोण के बारे मे बात करते हुए कहा, एनसीए मे अभी ये मेरे शुरूआती दिन है लेकिन मेरा दृष्टिकोण सिर्फ खिलाड़ियो तक ही सीमित नही है। मजबूत बेच स्ट्रेंथ बनाना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी कोचों और अन्य सहयोगी स्टाफ की मजबूत बेंच स्ट्रेंथ बनाना है। यह देखते हुए कि खेल कितना पेशेवर बन गया है और इन दिनो कितना क्रिकेट खेला जाता है, तो शीर्ष स्तरीय कोचो और फिजियो और वैज्ञानिक चिकित्सा विशेषज्ञ की मांग बढ़ना भी लाजमी है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम एनसीए मे ऐसा कार्यक्रम शुरू करें जिससे भारतीय प्रतिभाओ को इस विभाग मे भी खुद को अभिव्यक्त करने मे मदद मिले।

## ब्रेसवेल की हैट्रिक, न्यूजीलैंड ने टी20 श्रृंखला जीती

**बेलफास्ट।** डेन क्लीवर के नाबाद 78 रन और माइकल ब्रेसवेल की हैट्रिक की मदद से न्यूजीलैड ने आयरलैड को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मे 88 रन से करारी शिकस्त देकर तीन मैचो की श्रृंखला मे 2-0 से अजेय बढ़त बनाई।न्यूजीलैड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 179 रन बनाए और फिर आयरलैड को 13.5 ओवर मे 91 रन पर आउट कर मेजबान टीम पर लगातार पांचवी जीत दर्ज की। मलाहाइड मे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 3-0 से श्रृंखला जीतने के बाद न्यूजीलैड ने सोमवार को पहले टी20 मैच मे आयरलैड को 31 रन से हराया था। न्यूजीलैड के पास अब शुक्रवार को तीन मैचो की टी20 श्रृंखला मे भी क्लीन स्वीप करने का मौका रहेगा। क्लीवर ने 55 गेंद की अपनी पारी मे पांच चौके और चार छक्के लगाए। उनके अलावा फिन एलेन ने 20 गेदो पर 35 रन का योगदान दिया। बाद मे ब्रेसवेल ने केवल पांच गेदो पर पांच रन देकर लगातार गेदो पर तीन विकेट लेकर आयरलैड की पारी का अंत किया। ईश सोढ़ी ने 21 रन देकर तीन और जैकब टफी ने 20 रन देकर दो विकेट लिए। आयरलैड के लिए मार्क एडेर ने सर्वाधिक 27 रन बनाए।

# म्यूनिख पैरा निशानेबाजी विश्व कप : भारत का 10 पदक जीतकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

- पैरालंपिक विजेता सिंघराज को दो स्वर्ण

**भाषा।** म्यूनिख

**पैरालंपिक** पदक विजेता सिंघराज अधाना ने यहां पैरा निशानेबाजी विश्व कप के अंतिम दिन दो स्वर्ण पदक जीते जिससे भारत ने इस प्रतियोगिता में कुल 10 पदक जीतकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सिंघराज के दो पदकों से भारत तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया, जो देश का इस प्रतियोगिता में 2017 में पहली बार हिस्सा लेने के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ने छह स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीता। फ्रांस (11) और यूक्रेन (15) तालिका में क्रमश: चार और तीन स्वर्ण पदक जीतकर दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।



प्रतियोगिता के अंतिम दिन तोक्यो पैरालंपिक रजत पदक विजेता सिंघराज ने 224.1 अंक से स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यूक्रेन के ओलेकसी देनिसियूक (216.2 अंक) ने रजत और कोरिया के जियोंग्डू जो (193.9 अंक) ने कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत स्पर्धा से पहले सिंघराज ने हमवतन दीपेंदर सिंह और मनीष नरवाल के साथ मिलकर टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक हासिल किया। व्यक्तिगत स्वर्ण भी सिंघराज का पी4 स्पर्धा में पहला सोने का तमगा है जिसमें वह पहले कई रजत और कांस्य पदक प्राप्त कर चुके हैं। सिंघराज ने विज्ञप्ति में कहा, मैं खुश हूं कि आखिर में मैं इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा। मैं फ्रांस में चाटीयूरोक्स 2022 में स्वर्ण जीतना चाहता था लेकिन तकनीकी खामियों के कारण ऐसा नहीं कर पाया था। मैं खुश हूं कि म्यूनिख में योजना के अनुसार खेल सका। मैं अपनी सफलता के लिए अपने कोचों को धन्यवाद कहना चाहूंगा। इससे पहले भारत ने पैरा निशानेबाजी विश्व कप में अपना अभियान राहुल जाखड़ के पी3 मिश्रित 25 मीटर पिस्टल एसएच।

# दलीप ट्राफी, ईरानी कप फिर से करने पर विचार, बीसीसीआई की पूरे रणजी सत्र की योजना

**भाषा।** मुंबई

**बीसीसीआई** (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) प्रतिष्ठित दलीप ट्राफी और ईरानी कप फिर से शुरू करने पर विचार कर रहा है जबकि आगामी घरेलू सत्र में रणजी ट्राफी सत्र पूरा कराने की योजना है। दलीप ट्राफी और ईरानी कप कम से कम तीन सत्र से आयोजित नहीं हुए हैं जबकि बीसीसीआई को कोविड-19 महामारी के कारण 2020 में पहली बार रणजी सत्र रद्द करना पड़ा था। बीसीसीआई ने पिछला रणजी सत्र छोटा कर दिया था। बीसीसीआई शीर्ष परिषद ने गुरूवार को 2022-23 सत्र के लिए विभिन्न विकल्पों पर चर्चा की जिसमें बोर्ड अध्यक्ष सौरव गांगुली ने घोषणा की कि 2022-23 में पूर्ण घरेलू सत्र खेला जाएगा। बोर्ड दलीप ट्राफी के साथ पुरूष सीनियर सत्र शुरू करने पर विचार कर रहा है।

## एशिया कप यूएई में होगा : गांगुली

**मुंबई।** बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि एशिया कप संयुक्त अरब अमीरात में कराया जाएगा जिसे पहले श्रीलंका में कराया जाना था। गांगुली ने यहां बोर्ड की शीर्ष परिषद की बैठक के बाद पत्रकारों से कहा, एशिया कप संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) मे होगा क्योंकि यही ऐसी जगह है जहां बारिश नही हो रही होगी। श्रीलंका क्रिकेट ने बुधवार को एशियाई क्रिकेट परिषद (एससीसी) को सूचित किया था कि देश मे आर्थिक और राजनीतिक संकट के चलते बोर्ड एशिया कप टी20 के आगामी चरण की मेजबानी करने की स्थिति में नही होगा।